

चरैवेती चरैवेती

वरिष्ठ नागरिक स्मारिका

21वाँ अंक ❀ वर्ष 2015-16

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर, 2015

सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर

पंजीयन क्र. 55/अजमेर/1995-96

वरिष्ठ जनों के कल्याणार्थ संस्था

Vishva Mitra Jan Seva Samiti (Reg.)

AJMER (Raj.)

मानव शरीर दस इन्द्रियों का एक रथ है। इसमें अर्जुन बनकर पीछे बैठ जाओ, आपका जीवन कुरूक्षेत्र का मैदान है, भगवान श्रीकृष्ण को इस रथ का सारथी बना दो फिर इस जीवन में आप सदैव विजयी रहोगे।

स्वभाव से तो मनुष्य जीत का ही चयन करता है, और जीत की इसी चाह में सब कुछ हार जाता है। अत: समर्पण ही एक मात्र विकल्प है शास्वत विजयी होने का। किए गये शुभ कर्म ही मानव को अमर बना देते हैं।

संत कृष्णानन्द

NATIONAL STATUS AWARD - 2014

BY- INTELLECTUAL PEOPLE & ECONOMIC GROWTH ASSOCIATION

INDO-NEPAL FRIEND SHIP AWARD 2014

BY- INTELLECTUAL PEOPLE & ECONOMIC GROWTH ASSOCIATION

DOCTOR OF HONOURS (SOCIAL-WORKER)


BY- THE OPEN INTERNATIONAL UNIVERSITY FOR COMPLEMENTARY MEDICINES

BHARAT RATNA MOTHER TERESA GOLD MEDAL AWARD - 2015

BY- GLOBAL ECONOMIC PROGRESS AND RESEARCH ASSOCIATION

PRIDE OF INDIA AWARD - 2015

BY- INTELLECTUAL PEOPLE & ECONOMIC GROWTH ASSOCIATION



आदि सम्मानों से सम्मानित, विश्व मित्र जन सेवा समिति के संस्थापक राष्ट्रीय संत डॉ. श्री श्री कृष्णानन्द जी 'गुरूदेव' के सेवा प्रकल्प :- 1)- बिना माता-पिता की मेधावी छात्राओं को प्रतिमाह शिक्षा सहयोग। 2)- निराश्रित एवं विधवा माताओं बहनों को प्रतिमाह विधवा पेंशन। 3)- निराश्रित ए असहाय बृद्धजनों को प्रतिमाह पेंशन। 4)- जल मंदिर (प्याउ का संचालन। 5)- गौशालाओं का संचालन तथा विकलांग सहायता इत्यादि।

नोट :- आपश्री द्वारा प्रदत्त सहयोग राशि पर आयकर अधिनियम की धा 80 G के तहत आयकर में छूट का प्रावधान है।

विश्व मित्र जन सेवा समिति (रजि.) अजमेर के बैंक ऑफ बड़ौदा का खाता सं. - 25290100003144 IFC Code BARB 0 W RAJME

(पंजीयन क्र. 55/अजमेर/95-96)

चरैवेती, चरैवेती...

स्मारिका-2016

सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर

(बुजुर्गों के कल्याण एवं सेवार्थ संस्था)

प्रार्थना

दया कर, दान भक्ति का हमें परमात्मा देना।
दया करना, हमारी आत्मा में शुद्धता देना॥
हमारे ध्यान में आओ प्रभो, आँखों में बस जाओ।
अंधेरे दिल में आकर के, परम ज्योति जगा देना॥
बहा दो प्रेम की गंगा, दिलों में प्रेम का सागर।
हमें आपस में मिल-जुलकर, प्रभो रहना सिखा देना॥
हमारा कर्म हो सेवा, हमारा धर्म हो सेवा।
सदा ईमान हो सेवा, व सेवकचर बना देना॥
वतन के वास्ते जीना, व़तन के वास्ते मरना।
व़तन पर जाँ फ़िदा करना, प्रभो हमको सिखा देना॥
दया कर दान..................।
दया करना हमारी......................॥


प्रकाशक : महासचिव, सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर

कार्यालय : ई-213, शास्त्री नगर, अजमेर फोन : 0145-2425695, मो. 9461839111

मुद्रक : श्री आर्य प्रिन्टर्स, केसर गंज, अजमेर फोन : 2424850

सदस्यों में वितरण हेतु

सम्पादकीय..........



सीनियर सिटीजन सोसायटी "SENCIT" अजमेर की 21वीं वार्षिक स्मारिका 2015-16 आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह स्मारिका भारत सरकार, राज्य सरकार विशेषकर 1 नवम्बर 1956 से पूर्व केन्द्रशासित प्रदेश अजमेर-मेरवाड़ा हाल अजमेर संभाग राजस्थान राज्य तथा निजी प्रतिष्ठानों में विभिन्न सेवा क्षेत्रों से जुड़े कर्मशील व अनुभवी वरिष्ठ नागरिकों की सृजनात्मक एवं समीक्षात्मक जीवन शैली का एक दर्पण है। प्रस्तुत स्मारिका वरिष्ठजनों द्वारा स्वरचित लेख, कविता, ज्ञान, विभिन्न पहलुओं के साथ वृद्धजनों की भावनाओं को इंगित करती है। इनमें से कोई भी पेशेवर लेखक नहीं है किन्तु इन्होंने जिस उद्दात्त विद्या से मौलिक विचारों को प्रस्तुत किया है, इसकी हर कोई प्रशंसा करना चाहेगा।

इस अंक में आम सभा, सांस्कृतिक समागम, स्वास्थ्य परीक्षण भ्रमण एवं मनोरंजन शिविर, वृद्धजन दिवस आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का विवरण भी दिया गया है। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि अजमेर जिले की यह एक मात्र ऐसी संस्था है जिसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र, विभिन्न वर्ग और व्यवसाय से जुड़े वरिष्ठ नागरिक एक ही बैनर के नीचे भिन्न भिन्न 22 समूहों में अपनी गतिविधियाँ संचालित करते हैं। ये सेवानिवृत्त साथी समाजसेवी, चिकित्सक, इंजीनियर, वकील, स्कूल शिक्षा, कॉलेज शिक्षा, रोडवेज, नगर निगम, बी.एस.एन.एल., रेल सेवा, सेना, राज्य सेवा, केन्द्र सेवा, बोर्ड, बैंक निजी व्यवसाय और प्रतिष्ठानों में अपनी सेवाओं की शानदार पारी का निर्वाह्न कर चुके है। इनमें से कई ऐसे हैं जो बचपन के पश्चात् इस संस्था में उम्र के इस पड़ाव पर पुनः मिले हैं। सभी सदस्यों का आपसी मेल-मिलाप, सेवा भावना और सौहार्द प्रशंसनीय है।

सीनियर सिटीजन सोसायटी की अधिशाषी परिषद, समूह संयोजक एवं उनके सदस्यों ने इस स्मारिका की प्रस्तुति में अपनी ऊर्जा से दानदाताओं, विज्ञापनदाताओं और आर्थिक सहयोगियों से सम्पर्क कर इसका मुद्रण कार्य सहज बनाया है। हम सब इन सभी का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते है। इस स्मारिका में केन्द्र, राज्य और स्थानीय निकायों की प्रतिभाओं से प्राप्त प्रेरक संदेश और शुभकामनायें भी प्रकाशित की गई है जो इस संस्था के सदस्यों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रेरणा और स्फूर्ति को उत्साहित करने वाली है।

सभी सदस्यों को यह भी अवगत करवाना चाहूँगा कि हमारी संस्था पूर्णतः लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रियाओं पर आधारित है। अधिशाषी सभा के सदस्यों में परस्पर मन भेद न होकर कुछ प्रकरणो में भिन्न मत निजी होना एक स्वाभाविक वृति है। ऐसा होने से कुछ सदस्यों की ओर से न्यायिक दाव पेंच सामने आये किन्तु सहवृत पदाधिकारियों के अदभ्य साहस एवं परिश्रम से उन्हें शालीनता के साथ हल कर लिये इसमें माननीय श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष के गहरे अनुभव यथा महासचिवीय व अध्यक्षीय दीर्घ अनुभव ने उन्हें एक परिष्कृत गंभीर्यता प्रदान की जिनके कुशल मार्गदर्शन में श्री आर.एस. निर्बान, श्री जी.के. जिरोता, श्री पी.एन. शर्मा, श्री कौशल किशोर गुप्ता, श्री के.सी. शर्मा एवं श्री आर.के. शिवहरे के अथक प्रयासों से इस स्मारिका का सम्पादन प्रबन्धन विगत वर्ष की प्रकाशन तिथि से पूर्व हो सका। इसके लिए परिस्थितिवश सर्वसम्मति से मुझे सचिव प्रशासन से महासचिव पद तथा श्री जी.के. जिरोता को सचिव विकास का पद सौपा गया। विपरीत परिस्थितियों में मुझे सभी का पूर्ण समर्थन और सहयोग मिला इसके लिए मैं श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष के साथ श्री जी.के. जिरोता सचिव विकास, श्रीमती मधु गुप्ता, श्री मानसिंह वर्मा के सक्रिय सहयोग एवं स्मारिका हेतु धन एकत्रित करा कर जो सम्बल प्रदान किया उसके लिए मैं उनका पुनः आभार व्यक्त करना चाहूँगा। संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मीडियाकर्मी के पूर्ण सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

प्रकाशन का कार्य एक निष्णात प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व के बिना असंभव है। इसकी पूर्ति करने के लिए एक टीम तैयार की गई। जो इस कार्य को पूर्ण सजगता से कर सके। मैं उन सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहूँगा जिन्होंने रात-दिन अथक प्रयत्न कर इस स्मारिका को मूर्त रुप देने का प्रयास किया है। यद्यपि सम्पादन में त्रुटियों एवं नकारात्मकता को पूर्णतः दूर करने का प्रयत्न किया गया है तथापि दृष्टिचूक से कोई त्रुटि रह गई हो तो इसे विद्वान पाठक स्वयं सुधार कर पढ़ने का यत्न करेंगे। प्राप्त सामग्री को सारगर्भित बनाने के प्रयत्न में टीम द्वारा वांछित सुधार किया गया है तथा प्रयत्नकर सभी रचनाओं को स्थान देकर मुद्रित करने का प्रयत्न भी हुआ है ताकि कोई भी अपनी रचना के मुद्रित न होने पर संतापित न हो।

अंत में श्री आर्य प्रिन्टर्स की टीम को भी हार्दिक बधाई देना चाहूगा जिसने इस स्मारिका को आकर्षक, सुन्दर व प्रेरक बनाने में हमारा पूरा सहयोग किया।

आशा है यह स्मारिका प्रत्येक सदस्य को आवश्यक जानकारी के साथ सुकून के पल व्यतीत करने का पूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

शुभकामनाओं सहित।


कमा. जे. एस. राजावत

प्रधान सम्पादक

सत्यमेव जयते

वसुन्धरा राजे

मुख्यमंत्री राजस्थान



कार्यालय :

निवास :

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर द्वारा 'वरिष्ठ नागरिक स्मारिका' का प्रकाशन किया जा रहा है।

वृद्धजन समाज के सम्मानित नागरिक हैं। उनकी बेहतर सेवा-सुश्रूषा से स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही उनके ज्ञान एवं अनुभव से समाज को प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। यह खुशी की बात है कि संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं।

आशा है, स्मारिका में समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सामाजिक दायित्वों के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिये उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी का समावेश किया जा सकेगा।

मैं स्मारिका के प्रकाशन की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

वसुन्धरा राजे

(वसुन्धरा राजे)


प्रो. वासुदेव देवनानी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षा एवं भाषा विभाग
राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

कमरा नं. 6303, मंत्रालय भवन,
शासन सचिवालय, जयपुर-302005
फोन : 0141-2227250 (कार्या.)
0141-2362672 (निवास)
ई-मेल : mosrajeducation@gmail.com

अ.शा. पत्र क्रमांक : 672

जयपुर, दिनांक : 12.03.2016



संदेश

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ''वरिष्ठ नागरिक स्मारिका वर्ष 2015-16'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

सीनियर सिटीजन सोसायटी द्वारा वर्ष 1995 से अनवरत वरिष्ठजनों के कल्याणार्थ पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था बोझिल नहीं लगे इस हेतु संस्था द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली बैठकें एवं मनोरंजक व आध्यात्मिक आयोजन निश्चित रूप से वरिष्ठ नागरिकों में प्रसन्नता एवं जीवन्तता बनाए रखने में सहायक है। इन प्रयासों के लिए सोसायटी के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण साधुवाद के पात्र है।

वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के आधार स्तम्भ व पथ प्रदर्शक होते है, जिनके विराट अनुभवों तथा मार्गदर्शन में ही हम अपना जीवन बेहतर व्यतीत करते है।

मैं आशा करता हूं कि स्मारिका में प्रकाशित की जा रही सामग्री वरिष्ठजनों के लिए लिए बहुउपयोगी तथा युवावर्ग व समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

आपका

(प्रो. वासुदेव देवनानी)

कमाण्डर जे.एस. राजावत
महासचिव
सीनियर सिटीजन सोसायटी
ई-213, शास्त्री नगर, अजमेर।

श्रीमती अनिता भदेल
राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)
महिला एवं बाल विकास विभाग
राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

6122, मंत्रालय भवन, प्रथम तल
शासन सचिवालय, जयपुर
फोन : 0141-2227622
Email : mwcd123@gmail.com



संदेश

यह अत्यन्त ही हर्ष का विषय है कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर अपने 3000 सदस्यों के साथ वरिष्ठ नागरिकों के सेवार्थ निरन्तर कार्यरत है। संस्था वरिष्ठ नागरिकों के आपस में कुशल क्षेम का संवाद बनाए रखने के उद्देश्य से सदस्यों के सामूहिक जन्म दिवस मनाने, उनके मनोरंजन एवं असहाय गरीब बुजुर्गों की सेवा का पवित्र उद्देश्य रखते हुए कार्य कर रही है।

राष्ट्रीय आपदाओं के समय संस्था द्वारा तत्परतापूर्वक आर्थिक सहयोग प्रदान करना न केवल अत्यन्त ही सराहनीय प्रयास है अपितु प्रेरणादायक भी है।

संस्था अपने सेवा कार्यों एवं गतिविधियों को अपने मासिक मुखपत्र ''सेवा संकल्प'' में प्रकाशित करने का अनूठा कार्य भी करती है।

मैं इस संदेश के माध्यम से संस्था द्वारा किये जा रहे जन हितकारी कार्यों के लिए बधाई प्रेषित करते हुए ''स्मारिका'' के सफल प्रकाशन की कामना करती हूँ एवं समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

पुनश्च् शुभ कामनाओं सहित,

(अनिता भदेल)

कमाण्डर जे. एस. राजावत
महासचिव
सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर

निवास : 1/51, गांधी नगर, जयपुर फोन : 0141-2709785

!! सर्वभूतहिते रताः !!

All India Senior Citizens' Confederation

The Largest Representative Organisation of Senior Citizens in India

(Regn. No. MAH/302/03 Thane under Societies Registration Act, 1860)

(Regn. No. : F/11854/Thane under Bombay Public Trust Act, 1950)


अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ

Office : Jyeshtha Nagarik Bhawan, Plot No. 7-C, Behind Gaondevi Mandir, Sector 12, Nerul (West), Navi Mumbai-400 706, Telefax : 022-2770 1228

दिंगबर नागोंराव चापके

अध्यक्ष

30-4-2016



संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर हर वर्ष की तरह, 2015-16 के लिए वरिष्ठ नागरिक स्मारिका प्रकाशित कर रही है। मैं सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर का अभिनंदन करता हूँ।

सोसायटी के 21 समूह अपनी मासिक बैठकों में सुसंवाद स्थापित करते हैं। संस्था स्तर पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। मैं चाहता हूँ कि नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित हो, निगम की वरिष्ठ जन नीति घोषित हो और कार्यान्वयन में सोसायटी का योगदान हो। तदनुसार शहर के वरिष्ठ नागरिक स्वयं को गौरवान्वित महसूस करें।

मुझे विश्वास है कि वरिष्ठ नागरिक स्मारिका 2015-16 लोकोपयोगी लेखों से भरी होगी। सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को हार्दिक शुभ कामनाएं।

(दिगंबर नागोंराव चापके)

अध्यक्ष

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ

!! सर्वभूतहिते रता:!!

All India Senior Citizens' Confederation

The Largest Representative Organisation of Senior Citizens in India

(Regn. No. MAH/302/03 Thane under Societies Registration Act, 1860)

(Regn. No. : F/11854/Thane under Bombay Public Trust Act, 1950)


अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ

Office : Jyeshtha Nagarik Bhawan, Plot No. 7-C, Behind Gaondevi Mandir, Sector 12, Nerul (West), Navi Mumbai-400 706, Telefax : 022-2770 1228

अनिल पी. कासखेडीकर

महासचिव

21-3-2016



संदेश

कमाण्डर जे.एस. राजावत

महासचिव, सीनियर सिटीजन सोसायटी

ई-213, शास्त्री नगर, अजमेर-राजस्थान

सप्रेम नमस्कार,

यह जानकर बहुत खुशी हुई कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर प्रत्येक वर्ष वरिष्ठ नागरिक स्मारिका प्रकाशित करती है। वर्ष 2015-16 की स्मारिका भी शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी।

अजमेर शहर वरिष्ठ नागरिक गतिविधियों का एक बड़ा केन्द्र है। राजस्थान में ही नहीं परन्तु पूरे देश में यह महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया है, इसका हमें भी अभिमान है। यहां के अधिकांश वरिष्ठ नागरिक जीवन्तता और व्यस्तता का अनोखा उदाहरण पेश करते हैं। आध्यात्मिक कार्यक्रम इस शहर की विशेषता है।

आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित स्मारिका की दो प्रतियाँ हमें भेजे।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

भवदीय

(अनिल पी. कासखेडीकर)

श्रीमती सुशील कंवर पलाड़ा
विधायक
मसूदा, जिला–अजमेर

सत्यमेव जयते

नि.-शिव सदन, 31, सर्वेश्वर नगर, अजमेर
फोन/फैक्स नं. 0145-2624197 (नि./ऑ.)
मो. 9829071197
Email : mlamasudaskpalara@gmail.com
विधायक आवास - C-4, जालूपुरा, जयपुर

क्रमाक : वि.म./निजी/2016/204

दिनांक : 15.03.2016



संदेश

कमाण्डर जे.एस. राजावत,
महासचिव, सीनियर सिटीजन सोसायटी,

सादर वन्दे,

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि आपके द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति 2015-16 की स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। सीनियर सिटीजन सोसायटी वृद्धजनों के कल्याणार्थ एवं सेवार्थ कार्यशील रहती है, वर्तमान समय में जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक भटकाव काल में बुजुर्गों एवं वृद्धजनों के कौशल एवं ज्ञान का परिवार, समाज, मौहल्ले के लिए कैसे उपयोग हो सकता है। इस ओर भी विचार करना उचित होगा।

स्मारिका के प्रकाशन से सोसायटी की गतिविधियों एवं कार्यकलापों से समाज को भी जानकारी होगी, यह हमारी सोसायटी के लिए भी सार्थक सिद्ध होगी। मैं आप सभी सोसायटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं के लिए ''वरिष्ठ नागरिक स्मारिका'' के सफल प्रकाशन की शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ तथा आपके एवं सोसायटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई ज्ञापित करती हूँ।

(सुशील भंवरसिंह पलाड़ा)

कमाण्ड जे.एस. राजावत
ई-213, शास्त्री नगर, अजमेर

संभागीय आयुक्त,
अजमेर संभाग, अजमेर

सत्यमेव जयते

हनुमान सहाय मीना
आई.ए.एस.

क्रमांक : प-1/स्था./(9)/2016/
दिनांक : 16 मार्च, 2016

संदेश

हर्ष का विषय है कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर विगत काफी समय से अजमेर में अपने कार्यकलापो से निस्वार्थ समाज सेवा कर रही है। इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सोसायटी द्वारा ''वरिष्ठ नागरिक स्मारिका'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

यह सर्वविदित है कि वरिष्ठ नागरिक समाज के मार्गदर्शक तथा वटवृक्ष है जिनके पास ज्ञान व अनुभवों का विशाल भण्डार है। उनके ज्ञान एवं अनुभवों का लाभ यदि नई पीढ़ी उठाये तो समाज व देश के लिए उपयोगी व हितकारी होगा।

मैं कामना करता हूँ कि स्मारिका में प्रकाशित सामग्री आमजन के लिए उपयोगी व हितकारी होगी। मैं संस्था के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए, स्मारिका की सफलता की कामना करता हूँ।

(हनुमान सहाय मीना)
संभागीय आयुक्त, अजमेर

पता : कार्यालय संभागीय आयुक्त, अजमेर (राज.)-305001
फोन : 0145-2627501/2425301 • ई-मेल dcommr-ajm-rj@nic.in

धर्मेन्द्र गहलोत
महापौर
नगर निगम, अजमेर

निवास :
221, प्रगति नगर, कोटड़ा
अजमेर-305006 (राज.)
फोन : 0145-2427953 (का.)
0145-2620912 (का. फैक्स)
ई-मेल : dgehlot1966@gmail.com



दिनांक : 15/3/2016

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसायटी द्वारा किये गये कार्यों एवं सोसायटी के सदस्यों की एक वार्षिक पुस्तिका (स्मारिका) का प्रकाशन किया जा रहा है।

मै इस स्मारिका के माध्यम से समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं को बधाई देता हूँ तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

आपकी स्मारिका के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाऐं। मुझे विश्वास है कि स्मारिका आमजन एवं पदाधिकारियों हेतु उपयोगी सिद्ध होगी।

शुभकामनाओं सहित -

शुभेच्छु

(धर्मेन्द्र गहलोत)

कमाण्डर जे.एस. राजावत
महासचिव
सीनियर सिटीजन सोसायटी,
अजमेर
ई-213, शास्त्री नगर, अजमेर

शिव शंकर हेडा
अध्यक्ष



अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर (राज.)

अ.शा. पत्रांक :

दिनांक : 11.3.16

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष 2015-2016 की वरिष्ठ नागरिक स्मारिका का प्रकाशन करने जा रही है।


सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर नगर के वरिष्ठजनों की एक मात्र संस्था वर्ष 1995-96 में पंजीकृत है जो कि सम्पूर्ण राजस्थान के 25 जिलों से संचालित इस प्रकार की संस्थाओं के शीर्षस्थ स्थान पर अपने 3000 संस्था सदस्यों के साथ वरिष्ठ नागरिकों की सेवार्थ कार्यरत है।

यह सर्वविदित है कि वरिष्ठ नागरिक समाज के मार्गदर्शक तथा वटवृक्ष है जिनके पास ज्ञान व अनुभवों का विशाल भण्डार है। उनके ज्ञान एवं अनुभवों का लाभ यदि नई पीढ़ी उठाये तो समाज व देश के लिए उपयोगी व हितकारी होगा।

मैं आशा करता हूँ कि स्मारिका में प्रकाशित सामग्री इसके सदस्यों, पाठकों व समाज के लिए हितकारी सिद्ध होगी।

इसी शुभकामना के साथ ....

भवदीय,



(शिवशंकर हेडा)

निवास : 78, शिवम् सुन्दरम्, आनासागर लिंक रोड, अजमेर
दूरभाष नं. कार्यालय : 0145-2621161, मो. 8696978677, फैक्स नं. 0145-2620126
ई-मेल : chairmanada@adaajmer.org

पंजीयन क्रमांक 407/जयपुर 2006-07

वरिष्ठ नागरिक संस्थान, राजस्थान

प्रदेश कार्यालय : 45, गणेश नगर, विश्वविद्यालय मार्ग, उदयपुर (राजस्थान)-313001

भंवर सेठ
प्रदेश अध्यक्ष
45, गणेश नगर, विश्वविद्यालय मार्ग,
उदयपुर (राजस्थान)
मो. 9414757406


चौथमल बगेरिया
कोषाध्यक्ष
केमिकल कम्पनी, एफ-402, रोड़ 9
F.V.K.I. एरिया, जयपुर (राजस्थान)
मो. 9414076222

शंकरलाल सोमानी
महासचिव
ए-172, संजय कॉलोनी,
भीलवाड़ा (राजस्थान)
मो. 9414302695

दिनांक : 01-04-2016

भंवर सेठ

प्रदेश अध्यक्ष,
वरिष्ठ नागरिक संस्थान, राजस्थान



संदेश

आदरणीय श्रीमान् के.सी. गुप्ता सा.

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि वरिष्ठ नागरिक संस्थान, अजमेर द्वारा स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेरी जानकारी में राजस्थान में सबसे अधिक सदस्यता आपके संस्थान की है, यह हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है। इस स्मारिका के माध्यम से संपूर्ण राजस्थान को जहां नई दिशा मिलेगी, वहीं स्मारिका में प्रकाशित सामग्री वरिष्ठजनों के लिए उपयोगी एवं मार्गदर्शक की भूमिका का निर्वहन करेगी।


मैं आपके प्रत्येक कार्यक्रम की एवं स्मारिका प्रकाशन की सफलता की कामना करता हूँ।

भवदीय

(भंवर सेठ)

श्रीमान् के.सी. गुप्ता सा.
स्टेट उपाध्यक्ष
राजस्थान वरिष्ठ नागरिक संस्थान, राजस्थान

अध्यक्षीय उद्बोधन



इस महान् सृष्टि में ज्ञान–विज्ञान और पदार्थों का विपुल भण्डार है। जिन्हें प्राप्त करने के लिए मानव को कठोर अनुशासन की एक प्रक्रिया से गुजरना होता है। यही अनुशासन लक्ष्य और साधना का पर्याय है। सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर की स्थापना वृद्धावस्था में सुषुप्त होती मनोस्थिति को गति देने के प्रयास में हुई। जिस ज्ञान–विज्ञान और विपुल पदार्थों के भोग के पश्चात् मनोदशा कमजोर पड़ जाती है, अपनों के बिछुड़ जाने के बाद संसार नीरस, निश्तेज और धुँधला लगने लग जाता है, ऐसे में यह संस्था जीवन को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने का एक माध्यम है। यह समूहों में अपनापन महसूस करा कर एक नई ऊर्जा, नवीन ताज़गी और जोश का अनुभव कराती है। जिस बर्थ–डे और वैवाहिक दाम्पत्य के मायने एकाकी जीवन से बिखरने के कगार पर होते हैं उन्हें नया सम्बल देती है, इससे खोयी ऊर्जा नवीन परिप्रेक्ष्य में जीवन के अर्थ को नई दिशा देने लगती है।

सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर का 'सेवा संकल्प' इन गतिविधियों का एक आईना है। जिसमें प्रत्येक समूह की गतिविधियों का लेखा–जोखा रहता है। ये समूह संस्था के वटवृक्ष को अपने योगदान से तरोताजा रख कर जीवन्तता प्रदान करते हैं। आज इन समूहों की संख्या 22 है। जिस संस्था की प्रारम्भिक सदस्यता 31 रही है, वहीं आज अपने 3671 सदस्यों तक पहुँच गई है। इससे इसकी लोकप्रियता का प्रमाण मिलता है। इस संस्था की सम्बद्धता राष्ट्रीय स्तर पर है –


- Indian Federation of Ageing (INFA) से क्र.सं. 11 दिनांक 3.2.1996 द्वारा।
- Helpage India से मान्यता दिनांक 25.7.1996 द्वारा।
- सन् 2004 में जिला प्रशासन से संस्था का पंजीकरण हुआ।
- All India Association of Senior Citizen Forum, Banglore
- All India Senior Citizen Federation, Mumbai
- वरिष्ठ नागरिक संस्थान, जयपुर राजस्थान

इसमें सभी जाँति, धर्म, संस्कृति और लिंग के सदस्यों का प्रवेश बिना भेदभाव के होता है। उच्च मूल्यों, कुलीन आचार–विचारों और मजबूत इरादों की नींव पर इस संस्था की बुनियाद टिकी हुई है। घर–परिवार और उत्तरदायित्वों से मुक्त इस अवस्था में प्रत्येक सदस्य हृदय की ग्रन्थि को समाज के लिए खोलना चाहता है। जिस धन को उसने व्यापार, नौकरी और जोड़–तोड़ कर कमाया उसे यम के भय और धर्म के निमित्त व्यय करना चाहता है और यह सच भी है कि जिस समाज और व्यवस्था का कर्ज उसके सिर पर है उसे जीते जी उतारने में ही भला है। यह संस्था उन्हें ऐसे अवसर देती है जिसमें प्राकृतिक आपदायें, भूकम्प, बाढ़, अकाल इत्यादि में सदस्य उन्मुक्त रूप से सहयोग प्रदान करते हैं। यह भावी–पीढ़ी के लिए भी एक अच्छा उदाहरण है। इस संस्था द्वारा प्याऊ, चिकित्सा शिविर व वृद्धजनों के हितार्थ अनेक कार्य होते हैं।

इस संस्था में प्रत्येक सदस्य सेवा भावना से ही सम्मिलित होता है। गांधी जी ने भी ''वैष्णव जन तो तेने कहिये, जो पीर पराई जानी रे।'' से समाज सेवा में उत्कृष्ट छवि बनाई। जिसे आज भी स्वच्छता अभियान, अहिंसा परमोधर्मः सर्वधर्म समानता स्थापित करने, नारी सशक्तिकरण तथा छुआछूत से ग्रसित भावनाओं को दूर भगाने में राष्ट्रीय स्तर पर अभियानों को जोड़ कर देखा जा सकता है। इस संस्था के सदस्य भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेकर अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

श्रुति कहती है – ''यो यच्छ द्ध स तव सः।'' अर्थात् मनुष्य जैसा सोचता है वैसा ही बनता है। यह संस्था विलुप्त होती संस्कृति को पुनः स्थापित करने और परिवारों में आपसी सामंजस्य की भावना का रामसेतु तैयार कर रही है। मैं अपनी ओर से सभी संस्था सदस्यो को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए इस संस्था के सुखद भविष्य की कामनायें करते हुए यह गर्वानुभूति भी महसूस करता हूँ और संस्था प्रमुख के नाते जाने–अनजाने में कोई नीतिगत कार्यवाही के फलस्वरूप किसी को ठेस लगी हो तो वे परिस्थितिजन्य कृत्य के अन्तर्गत मेरे निर्णय को लेकर मुझे क्षमा करेगे।

आपका शुभाकांक्षी – **के. सी. गुप्ता, अध्यक्ष**



1 अक्टूबर 2015 को सोसायटी द्वारा सम्मानित
हमारे वरिष्ठजन – संक्षिप्त परिचय



श्री आर.एस. निर्बान

श्री पी. एन. शर्मा


संस्था द्वारा सम्मानित 90 वर्ष की आयु से अधिक का संक्षिप्त विवरण

1. श्री रामकिशन पंवार पुत्र स्व. श्री शिवनारायण पंवार



आपका जन्म 2 मार्च 1925 को हुआ। आप सन् 1980 में कचहरी से सेवानिवृत्त हुए। आपकी धर्मपत्नी का स्वर्गवास 2012 हुआ आपके केवल 1 पुत्र, 1 पौत्री व 1 ही पौत्र है।

2. श्रीरामेश्वरलाल पुत्र स्व. श्री बालादीप



आप रेलवे क्रासिंग बाड़िया में निवास करते है। भरे पूरे परिवार 5 विवाहित पुत्र 5 वयस्क पौत्र 2 पौत्री है। आप लोको कारखाने से क्रेन ड्राइवर के पद से सेवा निवृत्त है।

3. श्री वेद प्रकाश शर्मा



आपका जन्म 7.11.24 को हुआ। आपने एफ.सी.आई. व एच.एम.टी. में अपनी सेवायें दी। आपके केवल 1 पौत्री है। नई कॉलोनी, भजनगंज में आपका निवास है।

4. श्रीमती रेवतीदेवी पत्नी स्व. श्री थावरचंद गहलोत




आप गली नं. 15, तानाजी नगर में निवास करती हैं। आपके पति रेल सेवा में थे तथा 21.9.78 को उनका स्वर्गवास हो गया। आपके एक पौत्र बैंक प्रबन्धक भी है।

5. श्री घनश्याम सिंह जोधा पुत्र स्व. श्री शिवजी सिंह




आप केन्द्र सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त है। यूनियन व अन्य सामाजिक सेवाओं में तत्पर रहते हैं। आपके 1 पुत्र व 1 पुत्री है। परिवार के साथ सानन्द रहते है।

6. श्री नाथुलाल मुन्देर




आप रेलवे से सेवानिवृत्त है। आपके 6 पुत्र, 3 पुत्रियाँ, 5 पौत्र व 12 पौत्री है। परिवार के साथ रहते है।

7. श्री हीरालाल चौहान



आप अपने छोटे पुत्र श्री वचनसिंह के साथ रहते हैं। जो जाने माने आर्टिस्ट हैं। पिछले 5 वर्ष से अपने पुत्र की पेन्टिंग से नकल कर पेन्टिग करते है। 4 पुत्र, 3 पुत्रियाँ है। आप रेलवे से सेवानिवृत्त है।

8. श्री सूरजकरण जैन




आप भारतीय जीवन बीमा से सेवानिवृत्त है व अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। एक पुत्र सी.ए. है। आप एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्त्ता है।

9. श्रीमती लक्ष्मी टंडन



आप सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। आप सामाजिक व धार्मिक कार्यों में रुचि है। आपके 2 पुत्र, 1 पुत्री, 3 पौत्र व 1 पौत्री है। सोसायटी की गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

10. श्री इन्द्रलाल दादलानी



आपका जन्म 10.5.35 में हुआ। आप बहुत सेवाभावी है। सोसायटी की गतिविधियों खुलकर भाग लेते है। आपके 1 पुत्र व 1 पुत्री है।

11. श्री होतु सिंह पुत्र स्व. सूरज सिंह



आप रामगंज में रहते है। बहुत ही सेवाधारी है।

12. श्रीमती बसन्तीदेवी शर्मा




आप मलानिया का चौक, पुष्कर में रहती है। इनके पिता वर्ष की उम्र व माता 86 वर्ष की आयु प्राप्त किया।

13. श्री जसवंत सिंह चौहान




आपके 2 पुत्र है। आप समूह व सोसायटी की हर गतिविधि में भाग लेते है। स्वयं भी रोचक प्रस्तुतियाँ बैठकों में देते हैं।

14. श्रीमती कमला मद्भवी




आप एक आदर्श महिला है। आपके 71वाँ जन्म दिवस पर भतिजियों, भांजियों ने 71 दीप प्रज्जवलित कर आरती उतारी। जन्मदिवस अजमेर–पुष्कर दोनो जगह मनाया।

15. श्रीमती सत्या शर्मा



आप समूह व केन्द्र की सभी गतिविधियों में तन्मयता से भाग लेती है।

16. श्री भवानी शंकर वर्मा



समूह व केन्द्र की गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेते है। आपके 5 पुत्र व 2 पुत्रियाँ है। सरल स्वभाव है।

17. श्रीमती हेमन्त मिश्रा पत्नी डॉ. वी.के. मिश्रा



आपको सोसायटी का संरक्षक होने का गौरव है। प्रधानाचार्य होने के साथ–साथ लेखिका है। सरल स्वभाव है। पुत्र जलदाय विभाग में एक्स ई एन है। पुत्रवधू राजकीय महाविद्यालय में व्याख्याता है। 2 पुत्रियाँ, 1 पौत्र, 1 पौत्री है।

18. श्री गंगा सहाय शर्मा




समाज सेवा विशेषकर प्रदूषण पर ध्यान देते है। फ्रेजर रोड पर पेड़ लगाये ही नही अपितु जीवित रखने के लिए घर से पानी लाकर पिलाते है।

19. श्री ओम नारायण माथुर




आपके 2 पुत्र, 1 पुत्री, 3 पौत्र–पौत्रियों के परिवार के साथ सानन्द रहते है। सोसायटी की गतिविधियों में भाग लेते हैं।

20. श्री विजय प्रकाश राय



आप शहर की प्रतिष्ठित प्रकाश रेडियोज के संस्थापक है। आप रेलवे से सेवानिवृत्त है। समूह व सोसायटी की गतिविधियों में भाग लेते है। सरलचित्त व हंसमुख हैं।

21. श्री कृष्ण नारायण गोयल



आपका जन्म 5 मार्च 1935 को हुआ। आप बाबु मौहल्ला केसरगंज में रहते है। सिंगापुर व पेरिस की यात्रा सपत्निक कर चुके है। आपके पास हॉकिन्स की एजेन्सी है। मार्टिन्डल ब्रिज से पहले प्रतिष्ठान है।

22. श्री श्रीराम वर्मा



आप सरल स्वभाव के समूह 15 रामगंज के सदस्य है।

23. श्री हीरालाल सांखला



आपका जन्म 15.8.34 को हुआ। मेयो कॉलेज की संस्कृति से प्रभावित है। अधिशाषी परिषद के सदस्य रह चुके है।

24. श्री रामस्वरूप वर्मा



आपका जन्म 10.10.34 को हुआ। आप सपरिवार शास्त्री नगर में रहते हैं। 1971 के भारत–पाक युद्ध में भटींडा रेल्वे स्टेशन पर हुई बमबारी पर तैनात थे। ईश्वर की कृपा से सुरक्षित बचे।

25. श्री यज्ञदत्त शर्मा



आपका जन्म 12.7.35 को हुआ। पत्नी का देहान्त 28.9.09 को हुआ। आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक सेवाओं में रुचि रखते है। समूह व केन्द्र के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। भरापूरा परिवार है।

26. श्री भीमसिंह राठौड़




आपका जन्म 27.2.35 को हुआ, सोसायटी की सभी गतिविधियों में भाग लेते है। भरापूरा परिवार है। क्रियाशील व्यक्तित्व है। राजस्थान सरकार के मत्स्य विभाग से से.नि. हैं।

27. श्री कल्याणराय शर्मा




शिक्षाविद् लेखक, वक्ता है। समूह–10 के समूह संयोजक है। समूह भी अत्यन्त क्रियाशील है। आप सोसायटी की गतिविधियों में भाग लेते है। संस्कार ज्योति भाग 1 व 2 के लेखक आध्यात्मिक साधना प्रशिक्षण केन्द्र पर्वतपुरा के निदेशक है। नारायण शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय के निदेशक प्रशासक है। शिखवाल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष है।

28. श्री नन्दसिंह राठौड़ पुत्र स्व. श्री रूपसिंह राठौड़




आपका जन्म 1.4.35 को हुआ। आपके 2 पुत्र, 2 पौत्री सम्पन्न परिवार है।

29. श्री मोहनलाल उपाध्याय पुत्र स्व. श्री हीरालाल



साहित्यिक रुचि के लेखक है। 1955 में साप्ताहिक हिन्दुस्तान में पहली कहानी प्रकाशित हुई। सन् 1959 में मेयो कॉलेज मैदान पर संत विनोबा भावे को अपना बनाया बुद्ध का चित्र भेंट किया। पोस्ट एण्ड टेलीग्राम से से.नि. है।

30. श्री शंकरलाल सोनी



मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के सलाहकार, घास कटला में ज्वैलर्स दुकान व मकराना में शोरुम है। भरापूरा परिवार है। सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेते है।

31. श्री रमेशचन्द गुप्ता

आप शिक्षा पदाधिकारी पद से सेवानिवृत्त है। कुशल लेखक है। आपका जन्म 6 अगस्त 1934 को हुआ। पूर्व में अधिशाषी परिषद सदस्य रह चुके है।


अंधेरा अंधेरे में है। आप उजाले की ओर बढ़े। अंधेरा पीछे छूट जायेगा। आपकी प्रवृति जिधर होगी वैसी ही प्रतीती प्रगाढ़ होती जायेगी।

– ऋग्वेद

GOVERNING COUNCIL



K.C. Gupta
President




R.S. Nirban
Sr. Vice President




Smt. Kusum Gautam
Vice President



Cdr. J.S. Rajawat
Gen. Secretary



K.C. Agarwal
Secretary (Fin.)



G. K. Jirota
Secretary (Dev.)



Mrs. Madhu Gupta
Member



Mrs. Radhika Agarwal
Member



C. M. Rathi
Co-ordinator (Health)

संरक्षक मण्डल



डॉ. एस. के. सिंह


श्री रमेशचन्द्र अग्रवाल


श्रीमती हेमन्त मिश्रा

समूह संयोजक


श्री दिनेश चन्द्र पांडे
समूह-1


श्री चिरंजीलाल शर्मा
समूह-2



श्री सुरेन्द्र विजयवर्गीय
समूह-3


कमा. जे.एस. राजावत
समूह-4



श्री जे.पी. विजय
समूह-5


श्री सुनील सक्सेना
समूह-6


श्री पी.डी. अग्रवाल
समूह-8



श्री नंद किशोर शर्मा
समूह-9


श्री कल्याण राय शर्मा
समूह-10


श्री मानकरण अग्रवाल
समूह-11


श्री मदन रवि
समूह-12


श्री बी.आर. दोहरे
समूह-13


श्री जी. के. जिरोता
समूह-14


श्री जे.पी. शर्मा
समूह-15


श्री आर.एल. ऐरन
समूह-16


श्री आर.सी. माहेश्वरी
समूह-17


श्री वेद प्रकाश कपूर
समूह-18


श्री राजेन्द्र शिवहरे
समूह-20


केप्टन एस.एन. सिंह
समूह-21


श्री बीर बहादुर सिंह
समूह-22


सम्पादक मण्डल




के. सी. गुप्ता



कमा. जे.एस. राजावत



आर.एस. निर्बान




जी.के. जिरोता



कौशल किशोर गुप्ता



पी.एन. शर्मा



के.सी. शर्मा



राजेन्द्र कुमार शिवहरे

"स्मृति शेष"

हमें सदैव आपकी कमी खलती रहेगी
संस्था की ओर से

अश्रुपुरित श्रद्धांजलि



श्री एस.एस. गोगावत



श्रीमती शीला सक्सेना



श्री आर.एन. विजयवर्गीय



श्री जे.एन. लखोटिया

आम सभा 2016 – एक झलक


















पिकनिक एवं सामूहिक भ्रमण 2016 – एक झलक








पिकनिक एवं सामूहिक भ्रमण 2016 – एक झलक

















पिकनिक एवं सामूहिक भ्रमण 2016 – एक झलक


















अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2016 – एक झलक


















महासचिव का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2015-16



संस्था के स्थापना वर्ष 1995 से ही संस्था एवं हम सभी का यह प्रयत्न रहा हैं कि कुछ ना कुछ नवीनता लाकर प्रत्येक सत्र में ''स्मारिका'' को परिमार्जित कर आपके सम्मुख प्रस्तुत कर सकें।

कतिपय कारणों से पूर्व महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल की समय अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही मुझे महासचिव के कार्यों का निष्पादन वहन करना पड़ा। वस्तुतः वर्ष 2015-16 की सम्पूर्ण गतिविधियाँ जिस प्रकार क्रियान्वित की गई तिथिक्रमानुसार आपके सम्मुख प्रस्तुत कर रहा हूँ, संभावित त्रुटियों अथवा कमियों को अन्यथा ना लेवें।

विश्व अस्थमा दिवस पर शिविर व कार्यशाला आयोजन में संस्था की सहभागिता

पुष्कर रोड स्थित घीसीबाई मेमोरियल इंस्टीट्यूट (मित्तल हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर, अजमेर) की ओर से विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर दिनांक 5 मई 2015 को निःशुल्क शिविर परामर्श एवं रोग के प्रति जागरुकता के संदर्भ में आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर मित्तल अस्पताल के अस्थमा, टी.बी. व श्वास रोग विशेषज्ञ सेवायें निःशुल्क एवं डॉ. प्रमोद दाधीच ने अपनी सेवायें निःशुल्क प्रदान की। शिविर में प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक अस्थमा, निमोनिया, टी.बी., ब्रो-काईटीज, स्लिप एपनिया, खर्राटे, फेंफड़ों में पानी, मवाद, खून का भरना व कैंसर आदि रोगों से पीड़ित रोगियों को परामर्श दिया गया। दोपहर 1 बजे के पश्चात अस्पताल के सभागार में सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर की ओर से अस्थमा रोग विषयक जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. प्रमोद दाधीच ने अपने सम्बोधन में जानकारी दी कि विश्व स्वास्थ्य संघटन के अनुसार वर्तमान में विश्व में लगभग 30 करोड़ व्यक्ति अस्थमा रोग से ग्रसित हैं और यह संख्या वर्ष 2025 तक लगभग 40 करोड़ तक हो जावेगी। भारत में भी प्रति लाख व्यक्ति 2468 अस्थमा रोगी हैं। डॉ. दाधीच ने बच्चों में अस्थमा रोग के कारण व उपचार विधियों पर विस्तार से चर्चा की।

इस शिविर व कार्यशाला में संस्था के तत्कालीन महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल एवं समूह संयोजक सर्वश्री मदन रवि, रतनलाल ऐरन, राजेन्द्र शिवहरे, जी.के. जिरोता एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

वार्षिक आम सभा

सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर की आम सभा रविवार दिनांक 31.5.2015 को सामुदायिक विकास भवन, पार्क नं. 2, शास्त्री नगर, अजमेर में आयोजित की गई। पंजीकरण एवं अल्पाहार का समय 9.30 से 10 बजे तक रखा गया। तत्पश्चात तत्कालीन महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल द्वारा आधे घंटे के अंतराल पर अर्थात् 10.30 बजे संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों में श्री सुरेश अग्रवाल, श्री आर.एस. निर्बान, श्रीमती कुसुम गौतम, श्री जे.पी. शर्मा, श्रीमती राधिका अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ सभा विधिवत प्रारम्भ की गई।

परम्परागत विधि से सभी उपस्थित सदस्यों ने श्रीमती कुसुम गौतम, श्रीमती राधिका अग्रवाल, श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती शिवा पाण्डे, श्रीमती शान्ता पंत की अगुवाई में सामूहिक प्रार्थना की, तत्पश्चात श्री वेद प्रकाश जोशी ने तीन बार ऊँ उच्चारण एवं हास्यासन कराया।

महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल द्वारा सभी संस्था सदस्यों, कार्यकारिणी के पदाधिकारीगणों का स्वागत, वंदन करते हुए संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता को आमंत्रित किया।

अध्यक्ष महोदय श्री के.सी. गुप्ता द्वारा सभा में अपने उदबोधन में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने व्यवस्था में उत्पन्न हुए गतिरोध के लिए क्षमा चाही कि सार्वजनिक स्थान होने के बावजूद खाना बनाने की अनुमति की अस्पष्टता के कारण विघ्न हुआ है। उन्होंने सभा को अवगत कराया कि दो दिवस पूर्व वकील का नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें न्यायिक अवमानना

का हवाला देते हुए अवगत कराया गया कि माननीय न्यायालय की अवहेलना नही हो। तद्रुप आज की आम सभा का आयोजन नियमान्तर्गत ही रखा गया है। पूर्व में श्री आर. सी. बजाज सचिव थे, उस समय निःशुल्क भोजन की सुविधा थी लेकिन समय के साथ अनुकूल परिवर्तन करते हुए पूर्व में रुपये 20/– टोकन मनी रखा गया और आज की सभा के लिए अधिशाषी परिषद की सभा में इसे रु. 30/– तक बढ़ाया है। मंहगाई को देखते हुए यदि आप लोगों का सहयोग और सहमति हो तो इसे रु. 50/– आगामी सभा से कर दिया जाए। इस प्रस्ताव को बहुमत के साथ पारित किया गया। भविष्य में रु. 50/– टोकन मनी के रुप में लेने की स्वीकृति प्रदान की गई। अध्यक्ष महोदय ने पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस.के. शर्मा के कथनानुसार संस्था पदाधिकारियों को तन–मन–धन से सेवा करनी होती है। इसी दृष्टिकोण को अपनाने के लिए अध्यक्ष महोदय श्री के.सी. गुप्ता ने सभी समूह संयोजकों का उनके द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया और समूह संख्या 15 के विभाजन के पश्चात चन्द्रवरदाई नगर समूह के संयोजक 15ए श्री वीर बहादुर सिंह यादव का परिचय करवाया गया तथा पुनः सभी को सभा में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

तत्पश्चात महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल द्वारा गत आम सभा जो दिनांक 14.09.2014 रविवार को सामुदायिक विकास भवन, पार्क नं. 2, शास्त्री नगर, अजमेर में आयोजित कार्यवाही विवरण का पठन किया गया जिसे सर्वसम्मिति से अनुमोदित किया गया।

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्री कैलाश चन्द अग्रवाल वित्त सचिव द्वारा वर्ष 2014–15 के अंकेक्षित लेखों का सुनियोजित तरीके से वर्ष पर्यन्त संस्था के समस्त आय एवं व्ययों का समायोजन कर संधारित किया जो संस्था की वास्तविक स्थिति को प्रकट करता है।

इस सफल संधारण करने के बाद श्री सुरेश अग्रवाल तत्कालीन महासचिव प्रारम्भिक जांच व श्री के.सी. शर्मा पूर्व वित्त सचिव ने आंतरिक अंकेक्षक में सराहनीय सहयोग दिया। तत्पश्चात वैधानिक अंकेक्षण मैसर्स महेश आर. एण्ड कम्पनी चार्टेड अकाउण्टेंट द्वारा किये गये है। इन्कम टैक्स रिटर्न की सम्पूर्ण विवरिणका श्री रमेश चन्द शर्मा आयकर अभिभाषक को उपलब्ध करवाकर प्रतिवर्ष भरने का प्रावधान है। श्री कैलाशचन्द अग्रवाल द्वारा आम सभा में 2014–15 के अंकेक्षित लेखें प्रस्तुत करते हुए विगत वार पठन करने के बाद सर्वसम्मति एवं करतल ध्वनि से अनुमोदन कर पारित हुआ।

तत्कालीन महासचिव द्वारा सभा में **संस्था की निर्धारित गतिविधियों के अतिरिक्त किये गये कार्यो** का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि –

संस्था में नये सदस्यों की लगातार वृद्धि हो रही है जो 3289 सदस्य है। प्रत्येक संस्था सदस्य अपने जन्म दिवस एवं वृद्धजन दिवस पर भेट राशि/सहयोग राशि प्रदान करते है। इसी से संस्था अपने गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न कर पाती है।

14वें अखिल भारतीय नागरिक राष्ट्रीय सम्मेलन उदयपुर में 21–22 फरवरी 2015 को महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के तत्वाधान में मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के विवेकानंद आडोटोरियम में हुए भव्य आयोजन में संस्था के सदस्य अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता के नेतृत्व में 30 सदस्यों ने पंजीकरण करा कर भाग लिया। इसमें देशभर के 1800 प्रतिनिधियों में राजस्थान के 300 व नेपाल के 14 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आर्थाइटिस जागरुकता परामर्श एवं जाँच शिविर 15 फरवरी 2015 दयानंद महाविद्यालय अजमेर में आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत डॉ. दीपक जैन वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, मित्तल हॉस्पिटल अजमेर ने प्रोजेक्टर, आडियों विज्यूल के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. अजय शर्मा ने 95 रोगियों का बी.एम.डी. टेस्ट किया। डॉ. निशा लाला फिजियोथेरेपिस्ट एवं डॉ. ऋचा शर्मा ने 145 रोगियों की जाँच कर उपचार बताये व व्यायाम की तकनीक से अवगत कराया। मैसर्स स्पाइकल इवेन्टस प्रा. लि. दिल्ली ने अहम भूमिका निभाई एवं उनके सौजन्य से ही उक्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पश्चात् वैद्य शान्तकुमार शर्मा व श्री सुनील शर्मा ने स्वाइन फ्लू का काढ़ा श्री कृष्ण गोपाल (कालेड़ा) आयुर्वेदिक अजमेर के तत्वाधान में 450 से अधिक सदस्यों को वितरण कर पिलाया गया।

इस वर्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु एक सुझाव व शिकायत पेटी दिवा केन्द्र

सामुदायिक विकास भवन पार्क नं. 2 शास्त्री नगर, अजमेर में लगायी गयी।

श्रीमती मंजू तोषनीवाल प्रतिवर्ष दिवा केन्द्रों के संचालन हेतु सहायता राशि प्रदान कर संस्था को कृत्यार्थ कर रही है। जिसके लिए उन्हें साधुवाद देते हैं।

जम्मू–कश्मीर बाढ़ पीढ़ितों के सहायतार्थ प्रधानमंत्री सहायता कोष में राशि जमा कराने में सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। हमारी संस्था की ओर से 41000 रु. का चैक कलेक्टर महोदया को दिया। बाढ़ पीड़ित/भूकम्प/त्रासदी हेतु प्रधानमंत्री कोष में जमा राशि पर सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर को दिये गये दान पर आयकर अधिनियम के अन्तर्गत 80जी में छूट प्राप्त करने का प्रावधान है।

सम्भागीय आयुक्त सभागार में दिनांक 13.12.2014 को शहर के प्रबुद्धजन नागरिकों के साथ–साथ संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्मार्ट एवं हेरिटेज सिटी योजना में सक्रिय सहयोग देने के उद्देश्य से मौहल्ला विकास समितियों का गठन कर उन्हें त्वरित कार्यवाही हेतु आमंत्रित किया गया। शहर में मौहल्ला विकास समितियों के जरिये स्वच्छता एवं विकास कार्यों में जनता को जागरूक कर उन्हें सक्रिय सुझाव देने के लिए कहा गया। इसी बात से प्रेरित होकर समूहों में स्मार्ट सिटी योजना के तहत् साफ–सफाई अभियान चलाकर जनसमूहों में अच्छा संदेश प्रसाारित किया है। वे सभी बधाई के पात्र है।

संस्था नवीन सदस्यों के रजिस्ट्रेशन, पहचान पत्र का कार्य करती हैं जिसमें प्रत्येक समूह संयोजक सक्रिय रूप से भाग लेते है। सभी इच्छुक संस्था सदस्यों को संस्था द्वारा विधिवत परिचय–पत्र बनवाकर उपलब्ध करवाये जाते है जिनमें सदस्यों को सभी आवश्यक सूचनाऐं निहित होती है। यह परिचय पत्र सदस्यों को अनेक प्रकार की सुविधाएँ प्राप्त करवाने में सहायक सिद्ध हो रहे है।

अधिशाषी परिषद के सदस्य/समूह संयोजक/संस्था सदस्य प्रतिवर्ष संस्था को स्मारिका प्रकाशन हेतु विज्ञापन दिलाने में सहयोग करते है। स्मारिका को अलग छवि देने में सभी का सार्थक प्रयास रहता है। इसके साथ ही सेवा संकल्प को भी आकर्षक रूप देने हेतु प्रयास किया जा रहा है। जो पहले से कही अधिक अच्छे अंक प्रकाशित होने लगे हैं। इसके लिये सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों का, जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप में समय और सहयोग प्रदान कर श्रेष्ठता हेतु प्रयास किया अतः उन सभी का आभार व्यक्त किया जाता है।

अधिशाषी परिषद में संस्था सदस्यों द्वारा प्रेषित समस्याओं का निवारण तत्परता से करने का प्रयास किया जाता है। समूह संयोजक अपने स्तर पर भी कार्य कर रहे हैं जिसका उल्लेख आप सेवा संकल्प में पढ़ते रहते हैं।

अधिशाषी परिषद आवश्यकतानुसार समय–समय पर विभिन्न समितियों को गठित कर अपना कार्य सुचारु रूप से चलाती है एवं संस्था की अधिशाषी परिषद एवमं समूह संयोजकों की नियमित बैठकें वर्षभर में होने वाले कार्यो के निमित निर्णय लेती रहती है। संस्था के सभी कार्य आर्थिक दृष्टि से व्यवस्थित व अनुमोदित कर सम्पन्न कराये जाते हैं।

इसी के साथ सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।

संस्था में 31 मई को जन्म लिए सदस्यों में सुश्री सत्या शर्मा–समूह 15, श्री रामकरण अग्रवाल–समूह 16 व श्री के.सी. भूटानी–समूह 1 को माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस के उपलक्ष में हार्दिक बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी सदस्यों के लिए दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

अधिवेशन में संस्था सदस्यों द्वारा निम्न प्रकार से अपने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए।

– समूह संख्या 18 के सदस्य श्री महेश शिरालकर ने ग्रीष्म ऋतु में सभा आयोजित करने के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लगाया? यदि आयोजित की जाये तो इसे जनकपुरी स्थित गंज धर्मशाला में किये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने पचास रूपये की टोकन मनी के प्रस्ताव को पुनः विचार करने पर जोर दिया। साथ ही स्मारिका के प्रकाशन पर रूपये 1,64,240/– व्यय हुआ है जबकि विज्ञापन में रूपये 90,000/– ही प्राप्त हुए है बताकर स्मारिका के प्रकाशन की आवश्यकता को जानने की मंशा जतायी।

– समूह संख्या 17 के सदस्य श्री जितेन्द्र भारद्वाज ने संस्था की गतिविधियों के प्रति सकारात्मक विचार प्रकट कर कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

– समूह संख्या 17 के सदस्य श्री मांगीलाल तिवारी ने संस्था के प्रति सकारात्मक विचार दर्शाते हुए आज के दिवस पर जन्म लिए सदस्यों को कविता के माध्यम से

दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

– समूह संख्या 18 के सदस्य श्री तेज सिंह कच्छावा ने प्रतिमाह प्रकाशित होने वाले सेवा संकल्प में सदस्यों की छोटी–छोटी कविताएँ प्रकाशित करने हेतु पृष्ठों में वृद्धि करने का सुझाव दिया।

– समूह संख्या 1 के माननीय सदस्य श्री आर.सी. गुप्ता ने सेवा संकल्प में प्रकाशित होने वाली समूह रिपोर्ट एवं सामग्री की सार्थकता पर प्रश्न उठाते हुए समूह की मासिक बैठकों में जन्म दिन की शुभकामनाएँ के अतिरिक्त अन्य किसी समाचार के न होने पर खेद जताया। साथ ही संस्था द्वारा भूमि एवं भवन के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं करने पर जोर दिया। साथ ही उदयपुर में आयोजित आईस्कोन द्वारा अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन में अजमेर की ओर से कोई योजना विषयादि के अभाव की चर्चा भी की। उन्होंनें समूहों की मासिक बैठकों में सदस्यों की कम होती उपस्थिति के लिए संयोजकों की उदासीनता को भी सही करने पर बल दिया। इस पर समूह–1 के संयोजक श्री दिनेश पाण्डेय ने उनमें श्री आर.सी.गुप्ता स्वयं के मासिक बैठकों में अनुपस्थित रहने की बात कहकर प्रतिरोध किया।

– समूह संख्या 6 के सदस्य श्री वेद प्रकाश जोशी ने वरिष्ठ नागरिकों को 80 वर्ष में मिलने वाली सुविधाओं को 75 वर्ष से लागू करने की मंशा जतायी। उन्होने 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को प्राथमिकता देने के लिए सहकारी मेडिकल शॉप को भी पाबन्द करने एवं अन्य मेडिकल शॉप की भांति सभी दवाईयाँ उपलब्ध कराने की आवश्यकता बतायी। इन्हें भारत में पेंशन सुविधा के साथ जीवन निर्वाह के लिए लागू किया जाना चाहिये। स्वास्थ्य संबंधित व अन्य सुविधाओं के लिए सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

– समूह संख्या 2 के सदस्य श्री मोहन सिंह टांक ने सदस्यों का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि हमारी पेंशन सेवानिवृत्ति से पूर्व के वेतन से चौगनी हो गई है, जब भी हम सरकार से विभिन्न प्रकार की आशा एवं मांग करते है। जबकि होना यह चाहिए कि हम जरूरतमंद/बीपीएल, गरीब परिवार के लिए सोचे जिन्हें दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से नसीब होती है। हम उन्हें किस प्रकार सहयोग प्रदान कर सकते है इस पर विचार करना चाहिये। उन्होंने सदस्यों को संस्था की प्रगति और विकास पर सही सुझाव देने और सक्रिय प्रक्रिया अपनाने की मानसिकता पर भी बल दिया।

– समूह संख्या 15–ए के संयोजक श्री वीर बहादुर सिंह यादव ने संस्था को भवन के लिए अथक प्रयास करने पर अधिक महत्व दिया जावे।

अन्य बिन्दुओं में –

– समूह संख्या 17 के सदस्य एवं वृद्धाश्रम के सचिव श्री के.के. खन्ना ने अपने विचारों में संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने वृद्धाश्रम के लिए श्रीमती मधु गुप्ता एवं हरिभाऊ उपाध्याय नगर के सदस्यों द्वारा समय–समय पर सहयोग प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। सदस्यों से निवेदन किया गया कि यदि उनकी जानकारी में कोई बेबस लाचार हो तो वे उसे वृद्धाश्रम भिजवाएँ या उसकी सूचना हमारे तक पहुँचाए। साथ ही जे.एल.एन. हास्पीटल के बन्द और खराब पड़े ए.सी. वार्ड को ठीक कराने के लिए भी सरकार को लिखा जिस पर सुनवाई के बाद हॉस्पीटल प्रशासन ने कार्यवाही की।

– इसी से प्रेरित होकर समूह संख्या के 17 के श्री विरेन्द्र मोहन गौड़ ने वृद्धाश्रम को दो कूलर भेट किए जिसका करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए सभी ने साधुवाद दिया।

– समूह संख्या 4 के सदस्य श्री बी.जी. गोयल ने सभा को अवगत कराया कि उन्हें सेवा संकल्प नहीं मिल रहा है।

– समूह संख्या 15–ए के सदस्य श्री परमानन्द यादव ने विचार रखे कि उनके समूह में बहुत अच्छी संख्या बढ़ी है। आपने स्मारिका के प्रकाशन को महत्वपर्णू एवं साहस पूर्ण कदम बताया। समूह स्तर पर डिस्पेन्सरी खोलने के लिए भी प्रयास किये जा रहे है। समूह सदस्यों द्वारा नेपाल भूकम्प पीड़ितों के सहायतार्थ अच्छी राशि जुटायी है।

– **महासचिव ने** सभा को अवगत कराया गया कि आज की आम सभा संस्था के संविधान और उपविधि नियम संख्या 4.15 एवं 4.15.1 के सन्दर्भ में निश्चित समय पर आयोजित की गई है। इस वर्ष भीषण गर्मी से सभी को असुविधा रही होगी किन्तु विशेषज्ञों ने अवकाश और तुरंत लेखे–जोखे प्रस्तुत करने के उद्देश्य से उपयोगी समझ कर ही यह समय नियत किया जाना प्रतीत होता है। स्मारिका का प्रकाशन एक अक्टूबर को वृद्धजन दिवस पर किये सम्मान कार्यक्रम के आयोजन का एक नीतिगत

हिस्सा है। इसमें एक अक्टूबर को सम्मानित किए गए वृद्धजनों का विवरण एवं संस्था सदस्यों के द्वारा सुरुचिपूर्ण स्वयं रचित कविताएँ, लेख, एवं गीत आदि प्रकाशित किए जाने की परम्परा है। इसमें सम्पूर्ण सदस्यों की सूची (निर्देशिका) प्रकाशित की जाती है जिसके अन्तर्गत सदस्यों से संबंधित उनके नाम, पते, सम्पर्क सूत्र, जन्म तिथि, एवं समूह संख्या इत्यादि प्रकाशित की जाती है जिससे सदस्यों से आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सके। स्मारिका प्रकाशन की लागत कम करने के लिए विज्ञापनों के प्रकाशन का सहारा लिया जाता है। स्मारिका में केवल वही सामग्री प्रकाशित की जाती है जो सबके लिए हितकारी, उद्देश्यपूर्ण, ज्ञानवर्धक व उपयोगी हो। प्रकाशन मण्डल द्वारा समस्त रचनाओं पर निष्पक्ष निर्णय कर अनुमोदन प्रक्रिया अपनायी जाती है। ऐसा कोई भी लेख प्रकाशित नहीं किया जाता जिसका सदस्यों पर विपरित प्रभाव पड़ता हो।

प्रत्येक माह प्रकाशित होने वाले सेवा संकल्प में अधिशाषी परिषद के द्वारा लिए गये निर्णय, महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ, गतिविधियाँ एवं समूहों के सभाओं की कार्य विवरणिका समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित की जाती है। प्रबन्धक सम्पादक द्वारा सभा में पूछे जाने पर कि सेवा संकल्प में कोई भी ऐसी महत्त्वपूर्ण सूचना या कविता जिसे प्राप्त होने पर प्रकाशित नहीं किया गया हो का कोई उदाहरण है ? इस पर सभा में किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नही हुई।

भूमि एवं भवन के अन्तर्गत संस्था द्वारा भरसक प्रयत्न किए जा रहे है। जन प्रतिनिधि, शासन एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों से लगातार सम्पर्क जारी है एवं आश्वासन के अनुरूप संस्था को शीघ्र ही रियायती दर, अच्छे स्थान पर अच्छी जगह मिलने की पूरी सम्भावना है। अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम अजमेर से लगातार पत्र व्यवहार भी जारी है। संस्था सदस्यों से भी निवेदन है कि भूमि प्राप्त करने से संबंधित अतिरिक्त जानकारी रखते हो एवं उनकी युक्ति से कार्य मे तेजी आ सकती हो तो वे इसमें अपनी भूमिका का योगदान कर सहयोग प्रदान करने के इच्छुक हो तो संस्था उनका स्वागत करती है।

सोसायटी के संविधान एवं उपविधि 4.7.1.1(1) के तहत् ''**जो सदस्य (संरक्षक, अधिशाषी परिषद के सदस्य और संयोजक भी) सोसायटी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाकर गत दो वर्ष से सुप्त सदस्य रहे हैं वे सोसायटी की सुविधाओं/गतिविधियों का लाभ नहीं ले सकेगे।**'' इस संबंध में नम्र निवेदन है कि संस्था प्रतिवर्ष प्रति सदस्य स्मारिका जिसकी लागत लगभग 100/– रूपये से अधिक है। प्रतिमाह सेवा संकल्पों का वार्षिक मूल्य जो लगभग 30/– रूपये एवं आम सभा के आयोजन पर 100/– रूपये से अधिक व्यय करती है यह सदस्यों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सहयोग से अधिक होता है। सदस्यों को संस्था हित में यह सहयोग राशि जन्म दिन के रूप में या वृद्धजन दिवस से संबंधित कार्यक्रम में सहयोग कर देनी चाहिए। किन्तु कुछ सदस्य बिना कुछ सहयोग किये लाभ लेना चाहे तो सक्रिय सहयोगकर्ता इस पर आपत्ति करते हैं, जो उचित है। सहयोग के अभाव में संस्था के कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से संचालित करना मुश्किल होता है। अतः प्रत्येक संस्था सदस्य का कर्तव्य एवं दायित्व है कि वह संस्था को किसी न किसी रूप में आर्थिक सहयोग प्रदान करे, जिससें संस्था को निरन्तर ऊर्जा व आक्सीजन प्राप्त होती रहें।

समूह संयोजक केन्द्र एवं समूह के सदस्यों के मध्य की एक सशक्त कड़ी है वे केन्द्र की गतिविधियों को सदस्यों एवं समूह की गतिविधियों को केन्द्र तक पहुँचाने में महती भूमिका का निर्वाह करते है। समूह संयोजक अपने प्रभाव, प्रयास व सम्पर्क सूत्र को विश्वसनीय बनाये ताकि उनकी बात सकारात्मक ढंग से सभी समझ सके। समूह संयोजक संस्था के लिए तन–मन–धन से सहयोग प्रदान करते है। हमारा भी उत्तरदायित्व है कि यदि समूह संयोजक किसी कारणवश हम तक नहीं पहुँच पाये है तो हम उन तक पहुँचने का कोई उपयुक्त रास्ता निकाले।

संस्था सभी सम्मानित सदस्यों/आयोजकों/समूह संयोजकों/ स्थानीय प्रशासन, प्रेस व मीडिया कर्मी और कार्यकत्ताओं को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है। जिनके बिना किसी भी प्रकार का आयोजन किया जाना सम्भव नहीं होता। अधिशाषी परिषद की देखरेख में संस्था सम्पूर्ण कार्य विधिवत एवं न्याय संगत करने का पूर्ण प्रयास करती है।

उपरोक्त के अतिरिक्त वे सभी सहयोगीजन जिनका नाम यहाँ त्रुटि अथवा भूल से स्मरण न रहा हो को भी याद किया जाता है जिन्होने परोक्ष–अपरोक्ष रूप से हौसला अफजाई कर कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने

में अपनी पूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। आप सभी का मार्गदर्शन, सहयोग इसी तरह प्राप्त होता रहा तो निश्चित ही यह सोसायटी आने वाले समय में ऐसे कीर्तिमान स्थापित करेगी जिसका अनुसरण और भी करेंगे। सभी वरिष्ठजन स्वस्थ रहें, निरोगी रहें। अपने आसपास सकारात्मक ऊर्जा विस्तारित करते रहे। प्रकृति की अनुपम देन के साथ सभी स्वस्थ, प्रसन्नचित्त, आनंदित रहें शुभकामनायें सहित। ऐसी ईश्वर से हमारी प्रार्थना है।

महासचिव द्वारा वर्ष 2014–15 के दौरान हमसें बिछडे हुए दिवंगत सदस्यों का स्मरण कर नमन करते हुए उन्हें याद किया। सभी सदस्यों ने खडे होकर 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभा का समापन सुनियोजित रूचिकर स्वादिष्ट सहभोज के उपरान्त अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद के पश्चात् हुआ।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

दिनांक 19.6.15 को राजस्थान सरकार के उप निदेशक समाज कल्याण विभाग अजमेर के द्वारा फोन पर प्राप्त सूचना के आधार पर सायं 5 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागार में सीनियर सिटीजन सोसायटी के कुछ सदस्यों के साथ सभा आयोजित की गई। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में दिनांक 21.6.15 के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा सोसायटी के सदस्यों को इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अनुरोध किया गया। वार्ता के दौरान निवेदन किया गया कि सोसायटी के सदस्यो के लिए योग करने के लिए शहर के विभिन्न चयनित स्थानों पर सदस्यों को लाने व ले जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराया जाये जिसके लिए अधिकारियों द्वारा सहमति प्रदान की गई। सभा में संस्था के निम्न सदस्य उपस्थित थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष–श्री आर.एस. निर्बान, महासचिव–श्री सुरेश अग्रवाल, महिला सदस्य–श्रीमती राधिका अग्रवाल, समूह संयोजक–श्री सुरेन्द्र विजय–ग्रुप 3, श्री कल्याणराय शर्मा–ग्रुप 10, श्री मानकरण अग्रवाल–ग्रुप 11, श्री जी.के. जिरोता–ग्रुप 14, श्री आर.के. शिवहरे–ग्रुप 20, श्री सत्यनारायण सिंह राठौड–ग्रुप 21

सभा में उपस्थित सदस्यों को समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों के द्वारा जनहित में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिये आगामी सभा आमंत्रित कर चर्चा की जायेगी से अवगत कराया गया।

अजमेर जिला प्रशासन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2015 को अजमेर के पटेल मैदान में आयोजित हुआ जिसमें **वरिष्ठ नागरिको के योग करने के लिए अलग से स्थान चिह्नित किया गया।** योगाचार्य डॉ. मोक्षराज द्वारा संचालित इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि शिक्षा राज्य मंत्री श्री वासुदेव देवनानी के अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती अनिता भदेल, जिला प्रमुख सुश्री वंदना नोगिया, संभागीय आयुक्त डॉ. धर्मेन्द्र भटनागर, जिला कलेक्टर डॉ. आरुषि मलिक, एडीए आयुक्त श्रीमती स्नेहलता पंवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित उपस्थित जन समूह व शहर के छात्र छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ विभिन्न मुद्राओं से योगासन का प्रदर्शन सम्पन्न किया।

पतंजलि योग समिति की ओर से वितरित गाईड लाईन के अनुसार ओम के उच्चारण पश्चात प्रार्थना –

संगच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भाग यथा पूर्वे, संजानाना उपासते।।

सब एक साथ मिलकर चलें, मिलकर बोले, सबके मन एक जैसे हो, जैसे हमारे पूर्वज कर्त्तव्य निष्ठ–विवेकशील थे, वैसे हम भी कर्त्तव्य परायण होकर प्रभु की उपासना करें की प्रार्थना के साथ 21 विभिन्न आसनो का बड़े ही सुन्दर तरीके से प्रदर्शन किया गया और अंत में संकल्प सहित शांतिपाठ कर सब के सुखी होने, निरोग होने, निरामय होने और मंगल कामना के साथ कोई दु:खी न हो ऐसी विनती सृष्टिकर्त्ता से की गयी।

सम्पूर्ण शहर के हर धर्म व सम्प्रदाय के नागरिक इसमें भाग लेकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। इसका श्रेय निश्चित रूप से जिला प्रशासन व राज्य सरकार को जाता है क्योंकि उनके सदप्रयासों से ही योग के माध्यम से सम्पूर्ण मानव जाति को एक सूत्र में पिरोने का एक सफल प्रयास किया गया है।

सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के समस्त सदस्य योग की इस अनुपम प्रक्रिया को अनुकरण कर अपने दैनिक दिनचर्या का अंग बनायेगें और उस असीम शांति का अनुभव करते हुए अपने आपको स्वस्थ, निरोग और दीर्घायु कर अलंकृत करेगें।

इस शुभ अवसर पर मैं संस्था के सभी सदस्यों की ओर से जिला प्रशासन अजमेर एवं पतंजलि योग समिति

का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को योग से लाभान्वित करने में वाहन सुविधा चिन्हीत स्थान से पटेल मैदान लाने तथा वापिस छोड़ कर आने के प्रति विशेष ध्यान रखा गया। साथ ही मैं संस्था सदस्यों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नेपाल त्रासदी – सहयोग राशि

संस्था सदस्यों द्वारा पडौसी राष्ट्र नेपाल में आये विध्वंशकारी भूकम्प में मारे गये/ बेघर हुए लोगो को राहत पहुँचाने हेतु एकत्रित सहयोग राशि का चैक 51000/– रूपये (इक्कावन हजार रूपये) का प्रधानमंत्री राहत कोष के नाम से अजमेर की कलेक्टर महोदया डॉ. आरूषि मलिक को दिनांक 14.07.2015 को उनके कार्यालय में संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता, महासचिव सुरेश अग्रवाल, सचिव प्रशासन कमाण्डर जे.एस. राजावत, सचिव विकास श्री जे.पी. शर्मा, महिला सदस्य श्रीमती राधिका अग्रवाल, समूह संयोजक श्री आर.एल. ऐरन, श्री राजेन्द्र शिवहरे, श्री सुनिल सक्सेना के द्वारा दिया गया।

संस्था इस पुनीत सहयोग के लिए सभी सहयोग कर्त्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के महासचिव श्री ए.पी. कासखेडिकर ने संस्था को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि आईस्कॉन में पैट्रन/ग्रेट पैट्रन/चीफ पैट्रन बनने के पश्चात आईस्कॉन से प्रतिमाह समाचार पत्र प्राप्त होता रहेगा। इसके अतिरिक्त आईस्कॉन की केन्द्रीय अधिशाषी परिषद के लिए चुनाव भी लड़ सकेंगे। अतः सदस्यों से आग्रह है कि वे अधिक से अधिक AISCCON में अपनी भागीदारी दर्ज करा अजमेर का नाम रोशन करें।

वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान

प्रान्तीय कार्यकारिणी संगठनों के अध्यक्ष मंत्रियों व साधारण सभा की बैठक दिनांक 14.06.2015 रविवार को भीलवाड़ा में संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष श्री ओ.पी. हींगड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यकारिणी में स्वर्गीय श्री कौशल कुमार जैन–अध्यक्ष को श्रृद्धांजली अर्पित की गई। उनके स्थान पर स्थायी अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव कराना था लेकिन उसके पूर्व संविधान संशोधन के लिए एक समिति का गठन किया गया जो एक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी जिसमें कार्यकारिणी की अवधि 5 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष करना, साधारण सभा का स्वरूप शाखाओं के कुल सदस्यों की संख्या पर प्रतिनिधि स्वरूप संख्या निर्धारित करना आदि है इसके अतिरिक्त संस्थान की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने हेतु वार्षिक शुल्क प्रति सदस्य 2/– से बढ़ाकर 20/– प्रति सदस्य रखा गया। जिसे बाद में सर्वसम्मति से 10/– प्रति सदस्य कर दिया गया। संस्था के लिए गर्व की बात है कि उक्त समिति में अजमेर के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता भी एक सदस्य के रूप में मनोनीत किये गये है।

इसी संदर्भ में दिनांक 19.07.2015 रविवार को दोपहर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम सिंह निर्बान के निवास स्थान पर संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.एस. निर्बान, सचिव विकास श्री जे.पी. शर्मा, संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री जे.एन. शर्मा एवं महासचिव सुरेश अग्रवाल की सभा आयोजित हुई जिसमें वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान से प्राप्त संविधान संशोधन के प्रारूप पर विस्तार से विचार विर्मश करने के पश्चात संशोधन करने हेतु अनुशंषा की गई।

जल मन्दिर जीर्णोद्धार सहयोग

आदर्श नगर मुख्य द्वार पर पूर्व में स्थित प्याऊ एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, बुकिंग काऊन्टर को संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता एवं संस्था के सचिव प्रशासन कमाण्डर जे.एस. राजावत के अथक प्रयास से स्थान बदलाव का फैसला टल जाने पर संत हृदयराम जी सेवा ट्रस्ट से 11,000/–रूपये का सहयोग एवं श्रीमती सत्यवती शर्मा तथा श्री देवेन्द्र कश्यप द्वारा दो वॉटर कूलर प्याऊ के संचालन हेतु दिये गये है। डॉ. श्रीकृष्णानन्द जी महाराज द्वारा भी अपने आशीर्वाद के साथ रुपये 3000/– की राशि दी गई है। तदर्थ संस्था सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

सामूहिक भ्रमण व मनोरंजन शिविर

सीनियर सिटीजन सोसायटी की वार्षिक पिकनिक एवं सामुहिक भ्रमण दिनांक 16.08.2015, रविवार को श्री कृष्णम् ढाणी, गेगल जयपुर रोड अजमेर में आयोजित की गई। पिकनिक में उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। द्वार पर सभी संस्था सदस्यों को तिलक लगाकर सम्मान सहित ढोल बाजे के साथ प्रवेश करवाया गया।

प्रातः चाय के साथ बिस्कुट भी परोसे गये। कार्यक्रम को प्रारम्भ करते हुए महासचिव द्वारा संस्था के अध्यक्ष श्रीमान् के.सी. गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.एस. निर्बान, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम गौतम, सचिव विकास श्री जे.पी. शर्मा, सचिव प्रशासन कमाण्डर जे.एस. राजावत एवं महिला सदस्य श्रीमती राधिका अग्रवाल एवं श्रीमती मधु गुप्ता को को मंच पर आसीन होने हेतु आमंत्रित किया। ईशवन्दना संस्था की सदस्य श्रीमती राधिका अग्रवाल, श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती कुसुम गौतम, श्रीमती सरोज कपूर, श्रीमती गीता रवि के द्वारा समवेत स्वर में की गई। ततपश्चात श्री के.जे. ज्ञानी द्वारा 3 बार ऊँ ध्वनि का उच्चारण एवं हास्यासन करवाया गया। महासचिव द्वारा संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता, अधिशाषी परिषद के पदाधिकारीगण, समूह संयोजक गण संस्था के सम्मानीय सदस्य स्नेहमयी माताएँ एवं बहनों सभी को नमन करते हुए एवं अभिवादन के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी को फ्रेंडस डे, रक्षा बन्धन, स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए मंगलमय कामना की गयी तथा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा गद्गद् स्वर से सभी को शुभकामनाएँ दी गई तथा सभी का आभार व्यक्त किया। महासचिव ने 16 अगस्त को जन्म लेने वाले सदस्यों को जन्मदिन की शुभकामनायें हेतु आमंत्रित करते हुए श्री गोविन्द नारायण अग्रवाल को अध्यक्ष द्वारा एवं श्री पी.डी. अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा माला पहना कर बधाई दी। इसके अतिरिक्त अनुपस्थित सदस्यों सहित सभी को उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। संस्था सदस्यों द्वारा ही समस्त प्रस्तुतियाँ दी गई।

पिकनिक स्थल पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में निम्न विजेता रहेः– **कैरम (पुरुष वर्ग)** – श्री मुकेश भार्गव–20, श्री टी.डी. विश्वास–18 (संयुक्त विजेता), श्री जगदीश चन्द्र एरन–16 उपविजेता

कैरम (महिला वर्ग) – श्रीमती शिवा पाण्डेय–1, श्रीमती कृष्णा अग्रवाल–

म्यूजिकल चैयर (पुरुष वर्ग)–श्री आर.एस. निर्बान–2, श्री हरीश केसवानी–18

म्यूजिकल चैयर (महिला वर्ग) – श्रीमती कमला जैन–17, श्रीमती राजेश श्रीवास्तव–12

शतंरज–श्री हरिनारायण माथुर–15, श्री महेशचन्द शर्मा–03

हिन्दी/अंग्रेजी शुद्ध शब्द लेखन प्रतियोगिता

श्री महेश चन्द गुप्ता–18, श्रीमती विजय रोहतगी–20

पिकनिक स्थल पर स्वींमिग पुल, फव्वारें, कालबेलिया डांस, कठपुतली डांस, जादूगर के कारनामे, ऊँट की सवारी, पशु–पक्षी, भुल–भुलैया एवं कृत्रिम वर्षा घर का लुत्फ सदस्यों द्वारा उठाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कुसुम गौतम, श्रीमती मधु गुप्ता एवं श्रीमती राधिका अग्रवाल द्वारा किया गया। खेलकुद एवं प्रतियोगिताओं का संचालन श्री जी.के. जिरोता के द्वारा किया गया। सभी को कुशल संचालन के लिए धन्यवाद।

सदस्यों को दोपहर को अल्पाहार के लिए जलेबी पुडी व आलु की सब्जी की व्यवस्था की गई थी। सायं 3 बजे चाय का आयोजन किया गया तथा सायं काल भोजन में दो तरह का चूरमा, दो तरह की बाटी, दाल, गट्टे, चावल व अन्य सामग्री परोसी गई।

अजमेर शहर में पर्यावरण चेतना तथा ऊर्जा संरक्षण के संदेश को लेकर दिनांक 28.08.2015, शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे भव्य साईकिल रैली का आयोजन किया गया जिसके लिए इंडौर स्टेडियम पटेल मैदान अजमेर में शहर के प्रमुख संगठन, स्कूलों के प्रतिनिधि, अजयमेरू प्रैस क्लब, सिविल डिफेन्स, भारत स्काउट व गाइड, रेल्वे रिटायर्ड ऑफिसर्स की सभा आयोजित की गई। सभा में सीनियर सिटीजन सोसायटी के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया गया। रैली में संस्था के सदस्यों ने बढ–चढ़ कर भाग लेकर साईकिल चला कर आमजन में पर्यावरण चेतना एवं उर्जा संरक्षण का संदेश देकर वरिष्ठ नागरिक होने का परिचय दिया।


इस अवसर पर मैं संस्था के सभी सदस्यों की ओर से अजमेयरू प्रेस क्लब एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के प्रति विशेष ध्यान रखा गया। इसके साथ ही मैं संस्था सदस्यों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रैली का एक प्रमुख संदेश था कि हर वाहन चालक सप्ताह में कम से कम एक दिन स्वचालित वाहन त्याग कर साइकिल का प्रयोग करे।

❑❑❑

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समारोह 01 अक्टूबर 2015 – सारगर्भित निरुपण

– श्री बी.बी. सिंह



बुजुर्गों को घर के कोने से दिल के कोने में बिठा लीजिए, आपकी दुनिया दुआओं–आशीर्वाद से भर जाएगी।

हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ दोपहर 3:00 बजे से दयानन्द महाविद्यालय के सभागार में लगभग 400 से अधिक संस्था सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। तत्कालीन महासचिव श्री सुरेश अग्रवाल द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों, संरक्षकगणों एवं अधीशाषी परिषद के पदाधिकारियों को मंचासीन कराते हुए माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के लिए आमंत्रित किया। ईश प्रार्थना श्री के.जे. ज्ञानी, श्रीमती कुसुम गौतम, श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती राधिका अग्रवाल द्वारा की गई। श्री के.जे. ज्ञानी द्वारा ओम ध्वनि का उच्चारण एवं हास्यासन करवाया गया।

तत्कालीन महासचिव द्वारा समारोह अध्यक्ष श्री संजय भार्गव, मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्णानन्द जी महाराज गुरूदेव, विशिष्ट अतिथि श्री अजय गोधारा एवं डॉ. अनूप कुमार, संरक्षक डॉ. एस.के. सिंह, संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.एस. निर्बान, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती कुसुम गौतम, अधिशाषी परिषद के पदाधिकारी, समूह संयोजकगण संस्था के सम्मानीय सदस्य स्नेहमयी माता, बहनों एवं अतिथिगणों को नमन करते हुए हृदय से अभिवादन करते हुए समारोह में भाग लेने के लिए अभिनन्दन किया। वृद्धजन दिवस को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बड़े बुजुर्गो के प्रति सम्मान प्रदान करना होता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में 14 दिसम्बर 1990 को वृद्धजनों के हितार्थ एक प्रस्ताव जिसकी संख्या 45/106 पारित किया गया जिससे सम्पूर्ण विश्व में वृद्धजनों का सम्मान 1 अक्टूबर को होने लगा। प्रथम बार संयुक्त राष्ट्र संघ में 1 अक्टूबर 1991 को वृद्धजन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रेरणा स्वरूप अजमेर में संस्था के स्थापना वर्ष से लेकर आज तक इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बुजुर्गों के पास जीवन का निचोड़ है, हमारे मार्गदर्शन के लिए गहरे अनुभव से अर्जित सलाह है, बीते दौर की सुनहरी यादें हैं, वे चलते–फिरते एनसाइक्लोपीडिया हैं। जिन्होंने खुद हजारों कठिनाइयाँ सहकर हमारी परवरिश की, हमारे जीवन को सही दिशा और अनमोल सीख दी है, जिससे जीवन को खुशनुमा और कल्याणमय बनाया जा सकता है। आज उनके लिए हमारे पास समय ही नहीं है।

संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता द्वारा सर्व प्रथम संस्था के सभी सदस्यों को सम्मान समारोह की बधाईयां दी एवं अवगत कराया कि संस्था द्वारा प्रथम समारोह 30 अक्टूबर 1995 को आयोजित किया गया तद्नुसार यह समारोह आज दिवस तक आयोजित किया जा रहा है। अभी तक की अर्जित कतिपय विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कार्यक्रम में पधारने वाले सभी वृद्धजन अतिथियों, संरक्षक संस्था के पदाधिकारीगण, समूह संयोजकों एवं संस्था सदस्यों का आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धों के लिए विशेष योजनाएं संचालित होनी चाहिए। उन्होने कहा कि अस्पतालों में वृद्धों के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए वृद्धों के लिए चिकित्सा की अलग व्यवस्था होनी चाहिए।

समारोह अध्यक्ष श्री संजय भार्गव वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, भारतीय जीवन बीमा निगम का स्वागत करते हुए संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता द्वारा माल्यार्पण कर श्रीफल भेट किया गया। महासचिव द्वारा श्रीमान् भार्गव साहब का परिचय कराते हुए सभा को अवगत कराया कि आपका जन्म 27 मार्च 1963 को हुआ और आप ने स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान में शिक्षा अर्जित की। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पूर्व में भी सम्मानित होने वाले सदस्यों को शॉल का सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। आज भी इसी कड़ी में शॉल का सहयोग प्रदान किया गया। जिसका सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। श्री भार्गव साहब का परिचय देते हुए महासचिव ने सभा को अवगत कराया कि अजमेर मंडल को वरिष्ठ

पेंशन योजना में प्रथम स्थान मिला है जिसका श्रेय श्री भार्गव साहब को ही जाता है।

श्री भार्गव साहब ने सभी वृद्धजनों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आश्वासन दिया कि जीवन बीमा निगम अजमेर वरिष्ठजनों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया कि आज इस स्वर्ण अवसर पर उन्हें आमंत्रित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकृष्णानन्द जी महाराज का माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट संस्था के संरक्षक डॉ. एस.के. सिंह द्वारा किया गया। महासचिव द्वारा डॉ. श्रीकृष्णानन्द जी द्वारा संस्था को किये जाते हुए सहयोग की विवेचना करी। महासचिव ने बताया कि आप विश्व मित्र जन सेवा समिति के संस्थापक है आप द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत निर्धन छात्राओं की शिक्षा एवं समग्र विकास हेतु दान देकर धर्ममाता–पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया है। ततपश्चात आप द्वारा सेवा कार्य हेतु पुष्कर में संचालित वृद्धाश्रम में प्रत्येक माह प्रति सदस्य को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। आपकी मुहिम निशक्त/विकलांग असहाय के हितार्थ सेवा कार्य हेतु कटिबद्ध है जिनके लिए आवश्यकतानुसार व्हील चेयर, वाकर इसके अतिरिक्त जो लोग आर्थिक दृष्टि से इलाज कराने में असमर्थ है उनको भी आप द्वारा सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया है। इसी कड़ी में आज आप 90 वर्ष से अधिक सम्मान होने वाले सदस्यों को छड़ी प्रदान करी है। डॉ. कृष्णानन्दजी महाराज का परिचय विस्तृत रूप से संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर. एस. निर्बान द्वारा करवाया गया।

श्री कृष्णानन्दजी महाराज ने अपनी सेवाओं को पुत्र के रूप देने का वचन लिया है। जिस प्रकार पुत्र अपने गुरूओं की अपने वरिष्ठों की सेवा करता रहता है उसी प्रकार गुरूदेव भी सेवा करते रहेंगें। उन्होंने सहज जीवन के लिए अहंकार को, घमण्ड को, पाखण्ड को, फिजूल दिखावे को त्यागना पड़ता है। यह सभी दानवी लक्षण हमारे व्यवहार में, जन जीवन के आचरण में, खान–पान में, रहन–सहन में, वेश–भूषा में, आदतों में ऐसे रचबस गये कि हम इन्हें पहचान भी नहीं पाते, दूर करने की बात तो दूर है। हाँ इनके चक्कर में हम परमात्मा से जरूर दूर हो गये।

विशेष अतिथि के रूप में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अजय गोदारा का महासचिव द्वारा सभा को अवगत कराया कि श्री गोदारा पूर्णकालिक सचिव है। जिला विधिक प्राधिकरण हर जगह तालुका से लेकर राज्य स्तर तक विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सहायता समिति होती है जो जरूरतमंद श्रेणी विशेष में आने वाले व्यक्ति को निःशुल्क वकील उपलब्ध कराकर विधिक सहायता प्रदान कराती है। इसी सन्दर्भ में यह भी अवगत कराया कि संस्था के सात सदस्य पी.एल.वी. के रूप में जिला विधिक प्राधिकरण से जुड़े हुए है। श्री गोदारा का माल्यार्पण कमाण्डर जे.एस. राजावत द्वारा किया गया। उनके साथ में आये हुए सभी प्रशिक्षिशु का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। श्री राजावत ने श्री गोदारा का परिचय कराते हुए बताया कि श्री अजय गोदारा हनुमानगढ़ जिले से हैं। आप राजस्थान न्यायिक सेवा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट केडर के अधिकारी है। आप वर्तमान में जून 2015 से अजमेर में पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक प्राधिकरण पर कार्यरत है। श्री गोदारा ने सभा को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि पुराने समय में पंच प्रधान हुआ करते थे जिसमे उनकी भूमिकाएँ सामाजिक न्यायायिक व्यवस्था करने में मजबूत हुआ करती थी। अब उनका स्थान न्यायालयों ने ले लिया है। निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था विभिन्न न्यायालयों के जरिए होती है। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रूप में न्यायाधीश नियुक्त होते है जो ऐसे प्रकरणों में निर्धारित वकीलों के पैनल में से वकीलों की नियुक्ति करते है। वकील संबंधित पक्षकार की पैरवी अदालतों में करते हैं। वकीलों को पारिश्रमिक विधिक प्राधिकरण की ओर से दिया जाता है। प्राधिकरण विधिक सहायता की गतिविधियों का संचालन, विधिक शिविरों का आयोजन, संगोष्ठी कार्यक्रमों आदि का आयोजन करता है। आप द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की व्याख्या करते हुए माता–पिता का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 से अवगत कराया कि किस प्रकार इस अधिनियम से सहायता ली जा सकती है।

श्री गोदारा ने सभा को अवगत कराया कि वर्तमान में सरकार वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति बहुत सजग है एवं जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मिलने वाली सभी प्रदत्त सुविधाओं की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

महासचिव ने विशिष्ट अतिथि डॉ. अनूप कुमार प्राचार्य

दयानन्द महाविद्यालय, अजमेर के विषय में सभा को अगवत कराया कि दयानन्द कॉलेज अजमेर का संस्था पर विशेष योगदान बना हुआ है। जिसे भूल कर भी नही भुलाया जा सकता। गत 10 वर्षों से लगातार अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन इसी सुसज्जित स्थान पर किया जाना संस्था के लिए गौरव की बात है। डॉ. अनूप कुमार का माल्यार्पण वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राम सिंह निर्बान द्वारा किया गया। प्राचार्य का परिचय श्री जे.पी. शर्मा विकास सचिव द्वारा दिया गया। उन्होने बताया कि डॉ. अनूप कुमार M.A., M.Phil., Ph.D. हैं। इन्होने 6 पुस्तके तथा विभिन्न जर्नलस में 35 आर्टिकल्स लिखें हैं। इन्हें नेशनल यूथ अवार्ड, स्टेट अवार्ड फॉर सोसियल सर्विस, इन्टरनेशनल स्टडी एक्सचेंज अवार्ड मिल चुके हैं। आप रेडक्रॉस, वाई.एच.ए., 5 IEW के लाईफ मेम्बर हैं, साथ ही स्टेट स्तर की गवर्नमेण्ट बॉडिज तथा रिसोर्स पर्सन के रूप में अनेक एकेडेमिक व सोसियल प्रोजेक्ट के सदस्य भी हैं।

डॉ. अनूप कुमार ने आज के दिवस को गौरवपूर्ण बतलाया क्योकि आज रक्तदान दिवस भी है। और पूर्व के 25 वर्षों से लगातार रक्तदान देकर इस प्रकार के आयोजनों को सफल बनाते रहे है। आज भी रक्तदान करके आये है। अब उनको वरिष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिको के समन्वित विभिन्न योजनाओं के लिए सभा को बतलाया कि आपको सरकार से मिलकर इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से वृद्धाश्रम से सम्बन्धित है।

सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर अधिशाषी परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह की कड़ी में 90 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के 12 सदस्य, आयुक्रम में वरिष्ठतम 35 सदस्यों का सम्मान किया जाना/प्रस्तावित था। सभी विभूतियों का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण के साथ प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

कृष्णम् ढाणी पिकनिक स्थल पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में सभी विजेता रहे सहभागियों को विशिष्ठ अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सभागार में उपस्थित आर्थिक सहयोगियों का अधिशाषी परिषद के पदाधिकारी एवं समूह संयोजकगण द्वारा सम्मान किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.एस. निर्बान द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सामुहिक रूप से राष्ट्र गान किया गया।

समारोह में सभागार के बाहर पानी, चाय एवं डिब्बों में बंद स्वादिष्ट अल्पहार की व्यवस्था कूपन के आधार पर की गई जिससे सभी अतिथियों/परिजनों एवं संस्था सदस्यों को सुविधा रही। साथ ही जीवन बीमा निगम व बन्धन बैंक द्वारा बैंक व बीमा सम्बन्धी जानकारी हेतु काउन्टर भी लगाये गये। स्वादिष्ट अल्पाहार के लिए समिति संयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने के लिए संस्था के सभी सदस्यों का, समितियों के संयोजकों का, समूह संयोजकों का, पदाधिकारियों का दयानन्द महाविद्यालय के स्टाफ एवं सहयोगियों का एवं समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति, दैनिक भास्कर, स्वामी चैनल एवं सरे–राह के मुख्य सम्पादकों का समय समय पर समाचार/सूचना प्रकाशन एवं दूरदर्शन पर दिखाये जाने के लिए महासचिव ने आभार व्यक्त किया।

राजस्थान सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2015 के अवसर पर राज्य स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह में वृद्ध कल्याण सामाजिक/सांस्कृतिक, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र सीनियर सिटीजन सोसायटी के ग्रुप–17 के संयोजक श्री आर.सी. माहेश्वरी एवं जे.एन. शर्मा तथा समूह–2 के ख्याति प्राप्त ऐथेलेटिक श्री नरेन्द्र बनवीर को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री श्री अरुण चतुर्वेदी ने जयपुर में सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र राजस्थान सरकार की ओर से उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया गया है। इस बाबत् सेवा संकल्प पत्रिका के माह अक्टूबर में दोनों महानुभावों के सम्मानित होने का चित्र भी समाविष्ट हैं।

संस्था को अपने सदस्यों के सम्मान से बहुत प्रसन्नता और अपार हर्ष हुआ है।

वार्षिक सांस्कृतिक समागम प्रतिवेदन....

हमारी केन्द्रीय संस्था सेन्सिट, अजमेर के तत्वावधान में दिनांक 28.12.2015 सोमवार को प्रातः 9.30 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक सामुदायिक भवन, पार्क नं. 2, शास्त्री नगर, अजमेर में दीपावली, बारावफात, क्रिसमस–डे धार्मिक पर्वों एवं नववर्ष 2016 के आगमन

के उपलक्ष में वार्षिक सांस्कृतिक समागम विधिवत रुप से सानंद सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि श्री धर्मेन्द्र गहलोत, मेयर–नगर निगम, अजमेर अपरिहार्य व्यस्तावश नहीं पधार सके। विशिष्ट अतिथि सन्त श्री डॉ. कृष्णानन्दजी गुरुदेव एवं श्री देवकरण मेघवंशी युवा टी.वी. कलाकार एवं कविवृन्द रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता ने की।

इस समागम के कार्य बिन्दुओं के अनुसार वार्षिक सांस्कृतिक समागम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ–सरस्वती के चित्र पर सन्त श्री डॉ. कृष्णानन्द जी गुरुदेव के कर कमलों से श्री देवकरण मेघवशी जी, श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष, श्री आर.एस. निर्बान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमाण्डर जे.एस. राजावत महासचिव, श्रीमती कुसुम गौतम उपाध्यक्ष, श्री जी.के. जिरोता सचिव (विकास), श्रीमती मधु गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य व उपस्थित सदस्य महानुभावों के मध्य माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष ने सम्मानीय सन्तश्री डॉ. कृष्णानन्द जी गुरुदेव तथा कमाण्डर जे.एस. राजावत महासचिव ने श्री देवकरण मेघवंशी का माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत किया।

तत्पश्चात श्री के.जे. ज्ञानी द्वारा हमारी परम्परागत ईश–प्रार्थना प्रस्तुत की गयी व श्री लज्जाशंकर गोयल द्वारा सामूहिक रुप से पांच बार ओम उच्चारण एवं हास्यासन सम्पन्न कराया गया।

श्री धर्मेन्द्र गहलोत जी के स्थान पर सन्त श्री डॉ. कृष्णानन्द जी गुरुदेव ने मुख्य अतिथि पद का दायित्व निर्वहन करते हुये अपने आशीर्वचन मृत से हमें कृत्यार्थ किया। इस अद्‌भुत समागम के पावन अवसर पर कहा कि सेन्सिट संस्था अपनी स्थापना के बाद से निरन्तर सक्रिय व सफलतम रुप से वरिष्ठजनों के कल्याणार्थ–सेवा कार्य करती आ रही है। हम कोई शाश्वत नहीं है – जीवन में दुख से निवृति हेतु महान सन्तों मे कबीर, रैदास व दादू की भाँति फकीर बन कर रहने से जीवन में विशेष आनन्द की अनुभूति होती है।

इसी पावन अवसर की बेला में सन्त श्री डॉ. कृष्णानन्द जी ने 25000 रु. आर्थिक सहयोग राशि भूमि क्रय करने के निमित संस्था को देकर कृतार्थ किया जिसके लिए संतजी का आभार।

विशिष्ट अतिथि श्री देवकरण मेघवंशी जी ने एक हास्य गीत तथा जिन्दगी जीने के अन्दाज लेके आये हैं प्रस्तुत किया जिससे प्रसन्न होकर श्रीमती मधु गुप्ता ने 2100 रु. की भेंट संस्था अध्यक्ष के माध्यम से दिलवायी।

इस सांस्कृतिक समागम के साथ ही संस्था के 85 वर्ष से अधिक आयु के पधारे हुए माननीय कुल सात सदस्यों में श्री एच.एन. माथुर, श्री भँवरलाल गोयल, श्री किशनगोपाल सिसोदिया, श्री नाथूराम अरोड़ा, श्री गोपीकिशन अग्रवाल व अन्य दो वरिष्ठों का माल्यार्पण के साथ सत्कार किया।

श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष ने सम्मानीय अतिथियों एवं उपस्थित सभी सदस्यों का अन्तः मन से स्वागत करते हुये सांस्कृतिक समागम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। केन्द्रीय कार्यकारिणी की दिनांक 25.12.2015 को आयोजित बैठक के निर्णयानुसार उपरोक्त धार्मिक पर्वो व नववर्ष 2016 के आगमन के उपलक्ष में इस सांस्कृतिक समागम को आयोजित किया गया है। हमारे सभी सदस्यों के लिए रुचिकर भोजन एवं मनोरंजन के पुष्प प्रस्तुत किया जा रहे हैं। हमारी संस्था के सहृदयी सभी संयोजकगणों के माध्यम से से माननीय सदस्यों को सादर आमंत्रित किया गया था। यह उपस्थिति संख्या बढ़ सकती थी, फिर भी ठण्ठ के मौसम के बावजूद उपस्थिति संतोषजनक रही।

सेवा संकल्प मासिक पत्रिका के विगत अंक 6 माह नवम्बर के प्रकाशन में सांस्कृतिक समागम हेतु प्रत्येक समूह से समान प्रतिनिधित्व के आधार पर 1 सदस्य अथवा 1 सामूहिक सदस्यों की एक प्रविष्टि सादर आमंत्रित की गयी थी। शेष समय में तात्कालिक रुप से अपनी मनोरंजन हेतु प्रस्तुती देने का अवसर प्रदान किया। जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार रहा है – सर्वप्रथम समूह संख्या 6 के श्री भँवरलाल गोयल द्वारा स्वागत है नववर्ष तुम्हारा.... कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। समूह संख्या 1 के श्री पी.आर. राठी द्वारा गुरु गोविन्द की महिमा का यशोगान प्रस्तुत करते हुए प्राकृतिक परिवेश में विचरित करने वाले विभिन्न पक्षियों की मधुर ध्वनि को अपने कंठ से प्रस्तुति देकर श्रोताओं की करतल ध्वनि से वाही–वाही बटोरी गयी। समूह संख्या

8 के श्री गोपाल खन्ना ने पुराना फिल्मी गीत सुनाकर सभी को भाव विभोर किया। समूह संख्या 9 के लोकप्रिय सदस्य श्री के.जे. ज्ञानी द्वारा गायन प्रस्तुत कर इस समागम को भगवतमय बना दिया। समूह संख्या 10 की श्रीमती मनोरमा गोयल व श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने भी एक भगवतमय गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। समूह संख्या 11 के श्री प्रेमशंकर शर्मा ने हास्य एवं व्यंगात्मक दाल की महिमा का गीत सुनाकर सभी को आनन्दित व प्रफुल्लित किया। समूह संख्या 12 की श्रीमती गीता रवि के कुशल नेतृत्व में श्रीमती गीता तिवारी, श्रीमती शोभा शर्मा, श्रीमती प्रभा शर्मा तथा श्री रामस्वरूप मीना ने मय नृत्य मंजीरे बजाते हुए सामूहिक रुप से मन मोहक गीत प्रस्तुत किया। समूह संख्या 13 के समूह संयोजक श्री बी.आर. दोहरे अपनी लम्बी बीमारी के बाद स्वास्थ्य लाभ प्राप्ति के बाद अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपने वचनामृत से कहा कि संस्था के सभी समूह सक्रिय व सफलतम रुप से कार्य कर रहे है – मेरी शुभकामनायें संस्था के साथ हैं – इसी समूह के श्री चन्दन सिंह बुन्देल ने पुराने फिल्मी गाने को सुरम्य व मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। समूह संख्या 15 के श्री शिवदत्त शर्मा ने एक कविता पाठ किया तथा यह बताया कि शोक–श्रद्धांजली सभाओं में लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराते समय शोक व्यक्त न रहते हुए केवल अनावश्यक परस्पर बातों में व्यस्त रहने से पवित्र गत् आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजली के रुप में शालीनता भरा सम्मान प्रकट नही हो पाता है। समूह संख्या 16 के श्री सत्यनारायण शर्मा ने पुराना फिल्मी गीत ओजस्वी अन्दाज में प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को झकझौर दिया। समूह संख्या 17 की श्रीमती चक्रेश कंवर द्वारा एकल गायन में एक मन मोहक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसी समूह के श्री शंकर चटर्जी द्वारा एक गज़ल यह जिंदगी है..... प्रस्तुत की। समूह संख्या 21 के श्री देवेन्द्र कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम के अन्त में बूटी हरि के नाम की सबको पिला के पी और पीने की तमन्ना है तो खुद को मिटा कर पी.... प्रस्तुत की तो श्रोताओं में व्याप्त सुस्ती को स्फूर्ति में तब्दील हो गयी।

कमाण्डर जे.एस. राजावत ने बहुत ही शालीन एवं सुरम्य रुप से मंच का संचालन किया।

श्री आर.एस. निर्बान वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम के अन्त में सामूहिक राष्ट्र गान प्रस्तुत किया तथा समागम की समाप्ति के बाद सभी अतिथि व उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रुप से एक साथ स्वादिष्ट भोजन का रसास्वादन किया।

माननीय न्यायालय का निर्णय

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय–अजमेर में विचाराधीन दीवानी विविध संख्या 27/14 प्रकरण न्यायिक अवेहलना बाबत् दायर किया गया था वह दिनांक 16.1.2016 को माननीय न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है।

माननीय न्यायालय नं. 1 (पूर्व) अजमेर में विचाराधीन वाद संख्या 53/2013 श्री चिरंजीलाल व अन्य बनाम सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर कार्यकारिणी सदस्य वगैरह न्यायिक प्रकरण निस्तारण हेतु प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण अपने–अपने अभिभाषको के द्वारा अभ्यावेदनो को माननीय न्यायाधीश महोदय को दिनांक 29.4.2016 शुक्रवार को प्रस्तुत किये जाने पर वाद निस्तारण के आदेश पारित किये जा चुके हैं। इसी आधार पर अवमानना वाद संख्या 27/2014 को भी निस्तारण दोनो पक्षो के अभिभाषको के द्वारा नोटिफिकेशन की कार्यवाही की जा चुकी है। दो वादों के निस्तारण में प्रार्थीगण श्री चिरंजीलाल शर्मा समूह संख्या 13, श्री चिरंजीलाल शर्मा समूह संख्या 2, श्री प्रेमसुख सुराणा व श्री हरिनारायण माथुर तथा अप्रार्थीगणों में श्री के.सी. गुप्ता संस्था अध्यक्ष, कमाण्डर जे.एस. राजावत महासचिव, श्री आर.एस. निर्बान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री जी.के. जिरोता सचिव विकास व श्रीमती मधु गुप्ता परिषद सदस्यों ने संस्था हित में न्यायालय में अपनी उपस्थिति देकर सराहनीय सहयोग दिया है। इस हेतु सभी संस्था सदस्यों तथा अपनी ओर से उपरोक्त सभी महानुभावों को हार्दिक बधाई के साथ धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मैं इसी प्रकार के सहयोग की सभी सदस्यों से भविष्य में अपेक्षा करता हूँ। धन्यवाद।

– कमा. जे.एस. राजावत



सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के समूहों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट – वर्ष 2015–16



श्रीमती मधु गुप्ता
महिला सदस्य

श्रीमती राधिका अग्रवाल
महिला सदस्य

समूह संख्या–1 (वैशाली नगर)

ग्रुप नं. 1 अपने आप में एक ही है वर्षभर में 1 परब.... रहना मुख्य उद्देश्य है चाहे वह 1 अक्टूबर हो चाहे कोई वार्षिक उत्सव हो। ग्रुप में 150 से ऊपर सदस्य हैं लेकिन माह की मीटिंग में सक्रिय सदस्य संख्या ओसत 40 रहती है। प्रत्येक माह बधिर विद्यालय में मीटिंग होती है। मीटिंग में सदस्यों द्वारा भजन, चुटकुले, गीत संस्मरण इत्यादि का बखान होता है।

ग्रुप वर्ष भर में एक माह में सम्मान दिवस मनाता है। जिसमें 75 वर्ष पूर्ण होने वाले समूह सदस्यों को शॉल नारियल माला एवं बधाई कार्ड देते हैं। माह में जनमें लोगों को बधाई कार्ड एवं माला पहनाकर उनके दीर्घायु सुख निरोगी काया के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। सम्मान दिवस पर उपस्थित संस्था सदस्यों को शानदार लच्छेदार भोजन कराते हैं। सम्मान दिवस पर संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव तो अवश्य ही उपस्थित रहते हैं।

संस्था द्वारा ग्रुप के दो सदस्य जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में गोद लिये वार्डों में रोगियों की कुशल क्षेम पूंछने जाते हैं, उन्हें कभी–कभी फल इत्यादि भी वितरण करते हैं। भूखों को भोजन कराते है। ग्रुप बधिर विद्यालय के छात्रों को वर्ष में एक बार भोजन भी कराते हैं। कभी कभी बधिर विद्यालय को इच्छानुसार काम में आने वाली वस्तुऐं भी भेंट करते हैं।

महिला एवं पुरुष दोनों ही लोग मीटिंग में चार चांद लगाते हैं। मनोरंजन के द्वारा मीटिंग बहुत ही शानदार रहती है। महिलायें भजन गीत, गाती हैं तथा पुरुष कविता संस्मरण एवं रोचक वृतांत सुनाते हैं।

संस्था के सबसे वरिष्ठ संयोजक ग्रुप नं 1 के ही हैं उन्हें कार्य करते 16 वर्ष हो गये हैं। ग्रुप शानदार तरीकों से चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। ऐसी आशा एवं विश्वास है।

समूह संख्या–2 (क्रिश्चियन गंज)

समूह 02 (वैशालीनगर के कुछ भाग से लेकर कृष्णगंज और कैलाशपुरी का क्षेत्र) में सदस्यों की संख्या 177 हो गई है। बैठक उपस्थिति औसत 35 से 40 के बीच रहती है। समूह सदस्य होली दिवाली व अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय हिस्सा लेते रहे हैं। वृद्धजन दिवस पर समूह के सदस्यों ने 6000 के करीब सहयोग दिया। जन्म दिवस की भेंट राशि भी अब 100/– रु. न्यूनतम देना प्रारंभ हो गया है।

75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके डॉ. श्री आत्माराम गर्ग, श्री सरदार सिंह चौहान, श्री प्रतापसिंह थोरी, श्रीमती गायत्री शर्मा, श्रीमती ग्रेस हेल्विन विल एवं श्रीमती जॉन गोंजाविल्स का सम्मान विशेष समारोह में किया गया। इस अवसर पर सामूहिक भोज भी रखा गया। समूह 05 के वरिष्ठ सदस्य सुप्रसिद्ध गीत गायक श्री धर्मीचन्द जैन परिषद् के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आर.एस. निर्बान एवं समूह 18 के संयोजक श्री वेदप्रकाश कपूर विशेष अतिथि थे।

बैठकों में अल्पाहार व्यवस्था समूह कोष से नहीं की जाकर सदस्यों द्वारा बारी–बारी से की जाती है। समूह के कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार शर्मा प्रतिवर्ष लेखा जोखा प्रस्तुत कर उसकी छाया प्रति प्रत्येक सदस्य को उपलब्ध कराते हैं। श्री गोपालशंकर शर्मा, श्री के.जी. मोदानी, श्री गोपाल माथुर, श्री कैलाश

जोशी सेवा संकल्प वितरण से लेकर बैठक व्यवस्था अल्पाहार वितरण में सक्रिय सहयोग देते हैं। डॉ. श्री के.जी. गोयल द्वारा इस बार सर्वाधिक नए सदस्य बनाने में सहयोग दिया गया। श्री गोपालसिंह मीणा, श्री जयदेव सांखला, श्रीमती कैलाश उपाध्याय, श्री पांचूलाल चौधरी, श्री गोपालशंकर शर्मा, डॉ. एस.एन. माहेश्वरी, श्री के.जी. मोदानी मनोरंजन कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इस समूह ने समूह 17 के संयोजक श्री आर.सी. माहेश्वरी का भी सम्मान किया जिनका सम्मान जयपुर में राज्य सरकार सामाजिक अधिकारिता विभाग द्वारा 2 अक्टूबर को किया गया था।

इस वर्ष अक्टूबर 15 से समूह ने एक नया सेवा कार्य अपने हाथ में लिया है। समूह सदस्य प्रत्येक माह कुछ राशि एकत्र करके पंचशील स्थित नगर परिषद् की गौशाला में जाते हैं और गायों को चारा डालते हैं। यह कार्य प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को किया जाता है। इस कार्य का प्रभारी श्री के.जी. मोदानी को बनाया गया है। समूह 1 के श्री डी.सी. तायल और श्री आर.एस. अग्रवाल, श्री कुलदीप व्यास भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

वरिष्ठ नागरिक महासंघ (SENCIT) के अखिल भारतीय अधिवेशन जो गोआ में 6 एवं 7 मार्च 2016 को सम्पन्न हुआ में इस समूह के 4 सदस्योंने भाग लिया। अजमेर से 11 सदस्य इस अधिवेशन में सम्मिलित हुए जिनका नेतृत्व इस समूह के संयोजक श्री चिरंजीलाल शर्मा ने किया।

इस समूह के सदस्य श्री नरेन्द्र बनवीरको 2 अक्टूबर 2015 को जयपुर में राज्य सरकार द्वारा एथलीट और अन्य खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण सम्मानित किया गया था। समूह को इन पर बहुत गर्व है इनका भी अलग से सम्मान किया गया।

समूह संख्या–3 (शिव कुण्ड)

समूह की मासिक बैठक प्रति माह माह के अन्तिम सप्ताह में ''शिव कुण्ड'' सावित्री स्कूल चौराहा, अजमेर में आयोजित की जाती है समूह में सदस्यों की संख्या लगभग 80 है लेकिन 30–35 सदस्य ही बैठक में सक्रिय भाग लेते हैं 1 सिविल लाइन वरिष्ठ नागरिकों का एक सेवा समूह है जिसके सदस्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ राजकीय पदों से सम्बद्ध रहे हैं।

समूह में नवीन बनाये गये सदस्यों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया जाता है एवं उनका परिचय करवाया जाता है। जिन सदस्यों का माह मेंजन्म दिवस आता है उनको माल्यार्पण एवं बधाई कार्ड भेंट कर अभिनन्दन किया जाता है। माल्यार्पण पति–पत्नी के द्वारा ही करवाने की कोशिश की जाती जो सदस्य इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं उन्हें कार्ड घर पर भिजवाया जाता है । जन्म दिवस के उपलक्ष में सदस्यों द्वारा संस्था एवं समूह को राशि जमा करवाई जाती है। बैठक में समूह सदस्यों द्वारा भजन, गीत गायन, महापुरुषों के उपदेश, धार्मिक कथाऐं हास्यास्पद चुटकले आदि सुनाकर सदस्यों का मनोरंजन किया जाता है। समूह सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा, सामाजिक सेवा, प्राकृतिक औषधि उपचार, आध्यात्मिक अनुभव का आपस में आदान–प्रदान करते हैं। बैठक में महिला सदस्यों की उपस्थिति भी सराहनीय रहती है एवं वे भजन गीत आदि कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर भाग लेती है।

इस वर्ष समूह की तीन सदस्य श्री आर.एन. विजयवर्गीय, श्री शम्भूदयाल शर्मा श्री रमेश चण्डक का स्वर्गवास हो गया जिसका सभी सदस्यों को घोर दुःख हुआ, उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। समूह के सभी सदस्यों की कुशलता जानने के लिए श्री अशोक कुमार गोयल, श्री गोविन्द प्रसाद असावा, श्री भंवरलाल मूंदड़ा एवं श्री घनश्याम सोमानी को मनोनित किया गया समूह के सभी सदस्यों के निवास स्थान सहित नामावली सदस्यों को वितरित की गयी अल्पाहार की व्यवस्था प्रत्येक माह बैठक समाप्ति पर अल्पाहार का आयोजन किया जाता है प्रत्येक सदस्यों को मासिक सेवा संकल्प भिजवाने

हेतु श्री सूरज नारायण लखोटिया, श्री भंवरलाल मूंदड़ा, श्री गोविन्द प्रसाद असावा, श्री मेवालाल जादम, श्री श्रीकिशन अग्रवाल का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है।

समूह संख्या–4 (शास्त्री नगर)

समूह के सदस्यों की संख्या लगभग 170 है जिनमें इस वर्ष नये 9 सदस्य भी शामिल हुए है और कुछ सदस्य जो की समूह से विदा ले चुके जिनका की स्वर्गवास हो गया है। व कुछ सदस्य अजमेर के बाहर चले गऐ हैं।

दिवंगत हुए सदस्यों को समूह व अजमेर सोसायटी की तरफ से श्रद्धांजली अर्पित की गई। नये सदस्यों द्वारा सोसायटी को लगभग 5000/– रूपये जमा करवाए गए। जन्म दिवस राशि 55 सदस्यों कि लगभग 4000/– रूपये जमा करवाई गई अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 7 सदस्यों ने 8500/– प्रत्येक ने 500/– रूपये व श्री बाबूलाल शर्मा जी ने 3100/– रू. जमा करवाकर समूह का मान बढ़ाया इनका धन्यवाद जो 7 सदस्य 500/ – रु. वाले हैं वो निम्न हैं।

श्री जे.एस. राजावत, श्री एन. सी. पारिख, श्री नन्दसिंह राठौड़, श्री मकतूल सिंह, डॉ. आर.सी. गोयल।

इस वर्ष 4100/– रूपये समूह संयोजक जे.एस. राजावत की प्रयत्नशीलता व सर्म्पक सूत्रों के कारण अजमेर सोसायटी को उपलब्ध करवाए गए व स्मारिका प्रकाशन हेतु लगभग 7000/– रूपये के विज्ञापन उपलब्ध किए गए। इस प्रकार समूह सदस्यों के सहयोग व समूह संयोजक के अथक प्रयासों द्वारा संस्था को समूह 04 की तरफ से विभिन्न स्त्रोतों द्वारा वर्ष 2015–16 के अन्तर्गत लगभग 21000/– रु. का योगदान करवाया गया।

समूह संयोजक द्वारा पूरे वर्ष 12 मासिक बैठकें आयोजित की गई एक भी बैठक नहीं छोड़ी गई व समूह द्वारा 75 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले सदस्यों व 50 वर्ष वैवाहिक जीवन पूर्ण करने वाले दम्पति सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया व इन सभी सदस्यों का समूह द्वारा सम्मान किया गया व अजमेर सीनियर सिटीजन सोसायटी के सभी पदाधिकारी व समूह संयोजकों को आमंत्रित किया गया इस आयोजन पर सुरूची भोजन व्यवस्था का आयोजन बहुत ही उत्तम तरीके से किया गया जिस को सभी ने सराहा।

सम्मानित सदस्यों को शॉल ओढ़ा कर, नारीयल भेंट करके, समूह बधाई कार्ड के साथ माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री जवाहर नानकानी जी ने अपनी तरफ से हमेशा की भाँति सभी सम्मानित सदस्यों को अच्छी धार्मिक पुस्तक (गीता) भेंट की इनका बहुत–बहुत आभार। समूह द्वारा होली व दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बहुत ही उल्लासपूर्ण तरीके से किया गया व सभी समूह सदस्यों ने बड़चढ़ कर हिस्सा लिया।

समय–समय पर श्री एन.सी. पारिख, जे.एस. राजावत, श्री आर.एल. टाक, श्री कृष्ण गोपाल सिसोदिया, श्री मांगीलाल गोयल, श्री यू.एस. जैन खास तौर पर समूह को विभिन्न प्रकार की सूचनाओं व मनोरंजन कार्यक्रम द्वारा अवगत करवाते रहते हैं। इनका भी बहुत–बहुत धन्यवाद।

इस समूह में हमेशा अपनी सेवाऐं देने वाले सदस्य, श्री सुरेश, श्री अशोक शर्मा, श्री आर.के. भार्गव, श्री गिरधारी सिंह चूण्डावत व श्री आर.एल. टांक का तहेदिल से समूह संयोजक की ओर से हार्दिक अभिनन्दन व धन्यवाद व आशा करता हूँ की भविष्य में भी आपकी सेवाएँ अपेक्षित प्राप्त होती रहेगी।

समूह संख्या–5 (कुन्दन नगर)

समूह एक सुनियोजित प्रबंधन के अन्तर्गत कार्यरत है। प्रतिमाह सदस्यों के घर पर सुविधानुसार बैठकें आयोजित होती है। लगभग दो वर्ष पश्चात् ऐसा अवसर आता है। प्रत्येक सदस्य आत्मीयता और सहृदयता के साथ अपने निवास पर बैठक आयोजित कर अहोभाव से समूह सदस्यों को आमंत्रित कर कृतज्ञता का अनुभव करता है।

मासिक बैठकों में सदस्यों के जन्म दिवस पर माल्यार्पण, संस्था द्वारा प्रदत्त बधाई कार्ड एवं स्वस्थ व शतायु होने की शुभकामनाओं के साथ ईश्वर से प्रार्थना कर सम्पादित की जाती है। प्रत्येक सदस्य अपने जन्मदिवस पर संस्था को 100 रूपये की भेंट देता है। इस वर्ष यह राशि रु. 3902/–प्राप्त हुई। जिसे संस्था में जमा कराया गया है। जिन सदस्यों के 75 वर्ष पूर्ण हो जाते हैं। उनके अमृत महोत्सव मनाये जाते हैं। इस वर्ष चार सदस्यों के अमृत महोत्सव हुए। श्रीमती मनोहर विजय, श्रीमती रसाल कँवर, श्री झम्मन सिंह व डॉ. एस.सी. ओझा जिन्हें विधिवत माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित कर ईश्वर से उनके दीर्घायु स्वस्थ व सुखद रहने की कामनायें की गयी।

1 अक्टूबर 2015 के अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समूह सदस्यों ने मुक्त हस्त भाव से संस्था को योगदान दिया। यह राशि 7500/– रूपये प्राप्त हुयी जिसे संस्था कोष में जमा करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर संस्था की ओर से आपदा अथवा सहयोग इत्यादि का आह्वान किया जाता है तो यह समूह सदैव बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी वहन करता है। नेपाल की भूकम्प आपदा में 2100 रु. का योगदान किया गया।

समूह की मासिक बैठकों में अधिशाषी परिषद के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाता है। जो समूह के क्रियाकलाप और गतिविधियों से भी समय–समय पर रूबरू होते रहते हैं। समूह अपने बैठकों में ज्ञान, स्वास्थ्य, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं दैनिक सरोकार की विषय वस्तुओं को प्राथमिकता देता है। इसमें सदस्यों को खुल के अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता रहती है। सदस्य भी अपनी गरिमानुकूल अनुशासनात्मक स्थिति में अपनी छबि को उत्कृष्ट बनाने के प्रयोजन से विषयवस्तु का चयन कर मासिक बैठकों में मनोयोग से प्रस्तुत हो गौरवान्वित महसूस करते हैं। प्रत्येक सदस्य स्वास्थ्य एवं सफाई के प्रति जागरूक हैं वे अपने आसपास स्वच्छ सुन्दर पर्यावरण हेतु योगदान करते रहते हैं। समय–समय पर इस पर बैठकों में भी चर्चा होती रहती है। समूह सदस्यों को संस्था तथा अन्य समूहों की जानकारी रहे इस हेतु सेवा संकल्प मुद्रित तिथि के उपरान्त यथा शीघ्र सभी सदस्यों तक पहुँचा दिया जाता है। इस समूह से वरिष्ठ नागरिक स्मारिका में प्रतिवर्ष सदस्यों की ओर से साहित्यक सुन्दर रचनायें भी प्रकाशनार्थ भिजवाई जाती है। समूह सदस्यों एवं संयोजक का अथक प्रयास रहता है कि यह समूह अपनी सकारात्मक गतिविधियाँ सम्पादित कर संस्था हित में सदैव अग्रणी रहें।

समूह संख्या–6 (हाथी भाटा)

समूह की मासिक बैठक हाथीभाटा स्थित गौतम स्कूल में नियमित आयोजित होती है। हर मासिक बैठक में सदस्यों की संख्या लगभग 40 के आसपास रहती है।

समूह की मासिक बैठक की अध्यक्षता उपस्थित सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य द्वारा की जाती है। कार्यवाही शुरू करने से पूर्व ईश वंदना की जाती है। समूह के वरिष्ठतम सदस्य द्वारा उपस्थित सदस्यों को पांच बार ओम ध्यान तथा पांच बार हास्य ध्यान कराया जाता है। नये सदस्य के आगमन पर आपसी परिचय करावाया जाता है। तथा माल्यार्पण भी किया जाता है।

संस्था के पदाधिकारियों में से सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। इससे संस्था की गतिविधियों की जानकारी मिलती रहती है।

समूह के सदस्यों का जिस माह में जन्म–दिवस होता है उनका माल्यार्पण कर बधाई कार्ड देकर स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की जाती है। साथ ही जिस भी सदस्य की 75 वर्ष की आयु जिस माह में पूर्ण होती है समूह द्वारा उनकी हीरक जयन्ति मनाई जाती है सर्वप्रथम माल्यार्पण किया जाकर शॉल ओढ़ाकर तथा फोटो सहित अभिनन्दन–पत्र

का पठन कर उन्हें भेंट किया जाता है। इस वर्ष श्री सुरेन्द्र नारायण मेहरा, श्री सुरेन्द्र कुमार यादव व श्री ओमप्रकाश सोगानी के 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर इनक परिवार के सदस्यों के साथ समूह द्वारा हीरक जयन्ती मनाई गई।

इस वर्ष समूह द्वारा 'होली स्नेह मिलन' का आयोजन स्थानीय होटल में एक सामूहिक भोज आयोजित कर मनाया गया। समूह द्वारा प्रत्येक त्यौहार बड़े ही सुन्दर तरीके से मनाया जाता है।

समूह द्वारा वर्ष में दो–तीन बार उपस्थित सदस्यों को उपहार दिये जाते हैं। उपस्थित सभी सदस्य स्नेह और आत्मीयता की भावना के साथ, आपसी सहयोग से संस्था का ''सेवा संकल्प'' पहुंचाते हैं। एक दूसरे का आदर सम्मान इस ग्रुप की प्राथमिकता है। उपस्थित सदस्य प्रत्येक माह में आयोजित होने वाली मासिक बैठक में चुटकुले, कवितायें, भजन गीत–गजल तथा प्रेरक प्रसंगसुनाकर माहौल को हंसी खुशी से भर देते हैं।

अंत में स्वादिष्ट अल्पाहार के पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मीटिंग समाप्त की जाती है।

समूह संख्या–8 (केसरगंज)

प्रत्येक माह समूह की बैठक केसरगंज चांदबावड़ी स्थित श्री दुर्गामाता जी के मंदिर प्रांगण में लगभग 20–25 सदस्यों की उपस्थिति में होती है। महिला मेम्बरर्स की संख्या भी सराहनीय रहती है। अमूमन गीत–संगीत, कविताओं, चुटकले, भजन एवं गानों का दौर चलता है।

इस समूह में अनवरत मासिक बैठकें होती रहती है और सबसे बड़ी बात यह है कि समूह के सभी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं केन्द्र व सहकारिता के द्वारा तैयार नियमों के आधार पर किए जाते हैं। कोष का लेखाजोखा श्री ओ.पी. सिंहल के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

समूह में बनाए गए नये सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया जाता है एवं उनका परिचय आपस में एक दूसरे से करवाया जाता है। नये सदस्य की कड़ी में भी अशोक कुमार चौहान सेवानिवृत्त रीडर जिला सत्र न्यायालय अजमेर जनवरी 2016 में समूह–8 से जुड़े है। इसी तरह समूह सं. 1 से ट्रान्सफर होकर आये श्री रमेशचन्द गुप्ता इस समूह में आये हैं। उक्त दोनों नये सदस्यों का समूह के द्वारा स्वागत किया गया।

जिन सदस्यों का जिस माह में जन्म दिवस आता है उनका माल्यार्पण एवं बधाई कार्ड भेंट कर अभिनन्दन किया जाता है। जो सदस्य इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं उन्हें उनके घर पर (बधाई) कार्ड भिजवाये जाते हैं।

दिनांक 24–05–2015 की मासिक बैठक में उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से श्री पी.डी. अग्रवाल को समूह संयोजक एवं श्री ओ.पी. सिंहल को कोषाध्यक्ष चुना गया। समूह निरन्तर प्रगति की ओर है।

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर समूह की ओर से श्री पी.डी. अग्रवाल और श्री के.एन. गोयल ने प्रत्येक ने अलग–अलग 500–500 रूपये दिए। श्री मदन मोहन मेहरा ने 200/– रु. तथा श्री ब्रह्मस्वरूप अग्रवाल व श्री ओ.पी. सिंहल के द्वारा 100–100 रु. दिए गये। केन्द्र के द्वारा वृद्धजन दिवस पर श्री के.एन. गोयल एवं श्री रमेशचन्द गुप्ता का सम्मानित सदस्य होने के नाते उनका स्वागत किया गया।

समूह की ओर से मकर संक्रान्ति पर पहाड़गंज स्थित गौशाला में रु. 500/– रु. का दान दिया गया तथा पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। इसी तरह स्वतंत्रता दिवस पर धूमधाम से समारोह मनाया गया। उपस्थित सभी सदस्यों को लड्डू वितरित किए गये।

समूह के द्वारा भी श्याम फाग महोत्सव आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री के.सी. गुप्ता एवं कमाण्डर जे.एस. राजावत रहे। फाग महोत्सव में श्री

ओ.पी. सिंहल, श्री गोपाल खन्ना, श्री छगनलाल अग्रवाल, श्री दयाशंकर गोयल, श्री हीरालाल मैसी, एड. मोतीमणी, श्रीमती अन्जू अग्रवाल, श्री अशोक कुमार चौहान, अजय मेहरा ने सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुती की। गुलाब की पत्तियों व इत्र से होली खेली गई। केसर का चन्दन लगाया गया। केसर एवं गुलाब जल का स्प्रे किया गया। श्री के.एम. लवानिया का बहुत ही विशेष योगदान रहा। समूह की ओर से श्री के.सी. गुप्ता, श्री जे.एस. राजावत, श्री के.एम. लवानिया को स्मृति चिन्ह भेंट किए गये। श्री जे.पी. विजय, श्री आर.के. शिवहरे और श्री कल्याण राय शर्मा का विशेष अतिथि बतौर माल्यार्पण कर उन सभी का स्वागत किया गया।

स्मृति शेष में श्री आर.एस. गोयल, श्री जगदीश नारायण कपूर एवं श्री उमेश भार्गव का समूह में बहुत ही योगदान रहा जिन्हें सदैव स्मरण किया जायेगा। समूह परम पिता परमेश्वर से यही प्रार्थना करता है कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। समूह के सभी सदस्यों की ओर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी तथा शोक संतप्त परिवार को संवेदना पत्र भिजवाये गये।

समूह संख्या–9 (अलवर गेट)

समूह संख्या 9 की दिसम्बर 2015 तक कुल सदस्यों की संख्या 117 है। समूह की मासिक बैठक हर माह के दूसरे रविवार को सर्दी के मौसम में 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक सायं 4 बजे से ओर गर्मी के मौसम में 1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक सायं 5 बजे से कम से कम 2 घण्टे के मिलन मार्टिन्डल ब्रिज श्रीनगर रोड़ रेल्वे सिग्नल वर्क शॉप मजदूर संघ के स्थित कार्यालय पर आयोजित की जाती है जिसमें समूह के 1/3 सदस्य ही उपस्थित होते हैं। इस पर सभी को सोचने विचार करने को मजबूर करता है। समूह के मासिक बैठक की सूचना बैठक से पूर्व समूह संयोजक श्री नन्दकिशोर शर्मा के द्वारा व्यक्तिगत सदस्यों के निवास पर सादर सेवा संकल्प पर लिखकर दी जाती है। समूह सदस्यों से प्रति सदस्य रूपये 500/– जनवरी–मार्च महिने से दिसम्बर महिने तक के वार्षिक के लिये जमा किये जाते हैं – जिसमें से 100 रूपये संस्था को व 400 रूपये समुह में रखे जाते हैं– जिसमें जनवरी की बैठक में समूह के सदस्यों जिन्होंने अपने जीवन के 75 वर्ष पूर्ण कर लिये है उनका सम्मान व सामुहिक भोज व मासिक बैठक में कम से कम 20 रुपये की अल्पाहार प्रति सदस्य के लिये लिया जाता–जिसका आय व्यय का लेखा समूह के वित्त सचिव श्री सत्यप्रकाश ओझा के द्वारा रखा जाता है और मासिक बैठक में रिपोर्ट के साथ सभी को अवगत किया जाता है– समूह द्वारा 1 अक्टूबर 2015 को वृद्धजन दिवस पर रूपये 2500/– की राशि केन्द्र को दी गई।

समूह की मासिक बैठक के लिये 26 सदस्यों की सहमति से बैठक के सभापति पद को सुशोभित करने का अवसर सभी सदस्यों को दिया जाता है– बैठक का शुभारम्भ सभापति को गुलाब का पुष्प भेंट कर ईश प्रार्थना, 20 बार एक्यूप्रेशर की तालियाँ तीन बार ऊंचे स्वर में हास्यावली का गर्जन, 5 बार लम्बी ऊंची श्वसन क्रिया लेना व वापिस छोड़ना एवं 3 बार ओ३म् ध्यान मंत्र के साथ विधिवत बैठक का कार्य आरम्भ किया जाता है–।

सभापति की अनुमति के अनुसार समूह संयोजक द्वारा पिछले माह की मासिक बैठक की रिपोर्ट का पठन उपस्थित बैठक के सदस्यों के सामने किया जाता है और सदस्यों द्वारा अनुमोदित करा कर सभापति के द्वारा हस्ताक्षर कर स्वीकृति दी जाती है समूह संयोजक द्वारा बैठक के माह में जिन संस्था सदस्यों जन्म दिवस आता है उनका नाम से अवगत करा कर उन्हें संस्था का जन्म दिवस बधाई कार्ड के साथ गुलाब का पुष्प सभापति के द्वारा भेंट कर शुभकामनाएँ दी जाती हैं उपस्थित सदस्यों द्वारा एक्यूप्रेशर की तालियाँ बजाकर उनके प्रति अपनी

प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके मंगलमय उत्तम जीवन व दीर्घ आयु की कामना की जाती है।

समूह की बैठक में सेवा संकल्प में छपी आवश्यक सूचनाओं को पढ़कर समूह संयोजक द्वारा अवगत करा कर आपस में विचार विमर्श कर अग्रिम गतिविधियों के लिये सहयोग करते हैं– बैठक में समूह संयोजक द्वारा छपाई गई समूह के लिये रसीद बुक में सदस्यों द्वारा अपने जन्मदिवस व अन्य सेवा कार्य के लिये संस्था को व समूह को जो भी आर्थिक राशी भेंट करते हैं उनका समूह की रसीद बुक में दी दो राशियाँ अलग–अलग दर्ज कर उसी समय रसीद दे दी जाती है। संस्था की राशि की रसीद राशि जमा होने पर रसीद सम्बन्धित सदस्यों को सधन्यवाद दे दी जाती है। समूह की बैठक में वर्ष के विशेष धार्मिक त्यौहारों को उपस्थित सदस्य पूरा वर्ष उल्लास व उमंग के साथ मनाते हैं और त्यौहारों की महत्ता पर अपने सुझाव, विचार रखकर प्रकट किया करते हैं।

समूह की बैठक में अनेक सदस्य सामाजिक सेवा, प्राकृतिक औषधि उपचार सेवा, आध्यात्मिक, अनुभवों, प्राथमिक सहायता एवं आपसी चर्चाओं विचारों का आदान प्रदान करते हैं ताकि उनसे प्रत्येक मानव लाभान्वित हो सके और नई युवा पीढ़ी को इनसे अवगत करा कर नई दिशा दी जा सके।

समूह के द्वारा हर वर्ष जनवरी से अपने समूह के सदस्यों को जिन्होंने अपने जीवन के 75 वर्ष पूर्ण किये हैं उनका रोली, मोली, पुष्प, माला, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाता है इस अवसर पर इस शहर के उच्च अधिकारियों व शहर के विशिष्ट व्यक्तियों को आमन्त्रित किया जाता है ओर समूह द्वारा इस अवसर पर सामुहिक भोजन कराया जाता है।

समूह समयानुसार आई केयर फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजन सरकारी स्कूल एवं निजी स्कूलों के छात्र–छात्राओं की आंखों की जांच कर इनको निःशुल्क चश्मा देने में आर्थिक सेवा देती है। प्रतिवर्ष अपने क्षेत्र की सरकारी स्कूलों जैसे जादूघर, अलवर गेट, श्री नगर रोड़, नगरा भजनगंज में निर्धन छात्र एवं छात्राओं को स्वेटर, पेन, पेंसिल नोट बुक देकर सहयोग किया जाता है।

समूह द्वारा इस वर्ष रक्षाबन्धन, मकर संक्राती, होली व दीपावली एवं स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस पर्व पर लोहागल स्थित अपना घर आश्रम के लगभग 80 असहाय सदस्यों को तिलक, मोली, मोमबत्ती दीपक व गुलाब के पुष्प भेंट कर उनके प्रति सहानुभूति प्रकट की इस अवसर पर उनको खीर, पूड़ी, मिठाई, नमकीन फलाहार कराया गया सदस्यों द्वारा समय समय पर आश्रम में सूखी खाद्य सामग्री, टोस्ट बिस्कुट व गर्म कपड़े व आर्थिक सहयोग दिया जाता है। इसी प्रकार कोटड़ा स्थित अपना घर आश्रम जिसमें मन्दबुद्धि के छात्र एवं छात्राओं जो लगभग 40 हैं उन्हें भी उपरोक्त सेवाओं का सहयोग कराया गया।

कोटड़ा स्थित वृद्धाश्रम व फॉयसागर स्थित वृद्धाश्रम व खरेकड़ी स्थित असहाय लावारिस जानवरों हेतु चारा व आर्थिक सहयोग वहां जाकर किया गया। केसरगंज स्थित वाल आश्रम में भी समय–समय पर आर्थिक सहयोग व फल आदि भेंट किए गए समूह के अनेक सदस्यों ने अपने अपने निवास स्थानों पर मूक पक्षियों के लिये दाना एवं पानी की व्यवस्था की जाती है।

समूह सदस्यों द्वारा एस.बी.आई. लोको ब्रांच अजमेर पहुंच कर दिनांक 1 से 10 तक प्रतिमाह पेंशनर्स का पी.पी.ओ. नोमीनेशन फार्म, जीवित होने का प्रमाण–पत्र की जानकारी देकर अवगत करा अपनी सेवाऐं देते हैं–

समुह संयोजक द्वारा प्रतिवर्ष नववर्ष का पाकेट कलेन्डर के साथ मौजूदा ट्रेनों की समय सारणी, रक्तदान, नेत्रदान व मृत्युपरान्त देहदान आदि प्रेरणा के सन्देश, पर्यावरण, ध्वनी वायु प्रदुषण, वृक्षारोपण आदि के हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

समूह सदस्यों द्वारा हरियाली गोठ का आउटिंग द्वारा भ्रमण कर आनन्द लेते हैं। बैठकों में समूह सदस्यों द्वारा संगीतमय साज के साथ भजन कविता, गीतों की सुन्दर प्रस्तुति किए जाते हैं सभी का मनोरंजन किया जाता है।

सम्भागीय आयुक्त के आदेशानुसार अलवर गेट मोहल्ला विकास समिति के लिये 8 सदस्यों का गठन कर इस क्षेत्र की सफाई के साथ शहर को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित एवं ग्रीन (हरा–भरा) ध्वनी व दुषित वायु प्रदूषण मुक्त, स्मार्ट सिटी बनाने में सहयोग करने हेतु फार्म छपवाकर क्षेत्रवासियों के सुझावों को सम्बन्धित अधिकारियों को दी जाकर ज्ञापन द्वारा अवगत कराने का कार्य किया गया।

सौभाग्यवश इस वर्ष संस्था समूह के किसी भी सदस्य का देवलोक गमन नहीं हुआ है।

समूह संख्या–10 (पाल बीसला)

जनवरी 2015 का प्रारम्भ से ही उत्साहवर्धक रहा। श्री त्रिलोक चन्द जी टाँक जन्म दिनांक (11 जनवरी 1953) इस माह में होने के फलस्वरूप ग्रुप के सभी सदस्यों के अभिनन्दन व सत्कार के लाभार्थी रहे। 1 फरवरी 15 में श्री नाथूराम जी अरोड़ा ने जन्म दिवस 6–2–1971 अपने निवास स्थान पर मीटिंग आयोजित करवाई एवं अभिनन्दन व सत्कार का लाभ उठाया। मार्च 15 में श्री रामचन्द्र जी चौहान संस्थापक विद्यासागर पब्लिक स्कूल विनय नगर ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में शाला प्रांगण में मीटिंग आयोजित करा सत्कार लाभ उठाया। श्री के.सी. गुप्ता, श्री आर.एस. निर्बान, श्री जे.पी. शर्मा व श्री डी.सी. जैन आदि ने अपनी उपस्थिति से मीटिंग को गरिमा प्रदान की। सभी ने स्वादिष्ट अल्पाहार का आनन्द उठाया। अप्रेल 15 की मासिक मीटिंग चौहान समारोह स्थल पालबिचला पर आयोजित की गई। श्री रामचन्द्र जी चौहान सिंडीकेट बैंक वालों का जन्म दिवस (13 अप्रेल 1952) इस माह में होने से उन्होंने सभी का अभिनन्दन पुष्प अर्पित करते हुए किया एवं अपनी ओर से अल्पाहार करा लाभार्थी रहे। जुलाई 15 में दिनांक 25 जुलाई 1935 संयोजक कल्याणराय शर्मा का जन्म दिवस होने के फलस्वरूप अपने गुप के सभी भाई/बहनों के लिए विद्यासागर पब्लिक स्कूल विनय नगर में मीटिंग रखते हुए सभी के लिए स्वरूचि भोज की व्यवस्था की एवं शुभकामनाएँ प्राप्ति का लाभ उठाया।

अगस्त 2015 की मासिक मीटिंग चौहान समारोह स्थल पालबीसला पर आयोजित की गई। अध्यक्षता श्री राजेन्द्र जी अग्रवाल द्वारा की गई। मनोरंजन व साहित्यिक कार्यक्रम के बाद अल्पाहार के साथ सभा सम्पन्न हुई। सितम्बर 15 की मीटिंग चौहान समारोह स्थल पालबीसला पर श्री जसवन्त सिंह जी चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विशिष्ट अतिथि श्री मेवालाल जी जादम ने ग्रुप की कार्यवाही की प्रशंसा की।

अक्टूबर 15 की मासिक मीटिंग 25 अक्टूबर 15 का शांति निकेतन विद्यालय विनय नगर (दादाबाड़ी के पीछे वाले गेटों के सामने) में आयोजित की गई। श्री सूरजकरण जी जैन (17–03–1935) श्री जसवन्त सिंह जी चौहान 12–9–1934 व कल्याणराय शर्मा 25–7–1935 को ग्रुप की ओर से बधाई देते हुए शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया गया। श्री मेवालाल जी जादम को भी ग्रुप की ओर से सम्मानित किया गया। 29 नवम्बर 2015 को शांति निकेतन विद्यालय विनय नगर में 'दीपावली स्नेह मिलन' के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि श्री के.सी. गुप्ता सा. ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं अर्पित की। विभिन्न कार्यक्रमों के साथ स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था कतिपय साथियों द्वारा की गई।

एक अक्टूबर 2015 का डी.ए.वी. कॉलेज सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर सोसायटी की ओर से श्री कल्याणराय शर्मा जसवन्त सिंह चौहान, सूरजकरण जी जैन को 80 वर्ष के

उपलक्ष में माल्यार्पण कर शॉला ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया था।

20 दिसम्बर 2015 को श्री महेन्द्र कुमार जी सिपाणी का जन्म दिवस होने के फलस्वरूप मीटिंग उनके आग्रह पर उनके निवास स्थान सिपाणी सदन पर आयोजित की गई। 75 वर्ष की सुखद आयु पूर्ण करने के उपलक्ष में ग्रुप की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उनकी ओर से सभी के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की व्यवस्था की। प्रत्येक माह की मीटिंग में श्री तानसिंह शेखावत श्री मेहरा द्वारा सामुहिक ईश वन्दना, औंकार ध्वनि व हास्यासन का निर्देशन किया जाता है। श्री ओमप्रकाश जी चौरासिया सचिव के नाते गत माह की मीटिंग का विवरण पढ़कर सुनाते है तथा मीटिंग के अन्त में सभी को धन्यवाद अर्पित करते हैं। श्री ओमप्रकाश जी कच्छावा व श्री शेखावत समय पर सभी को मासिक मीटिंग की सूचना व सेवा संकल्प पहुँचा कर अपना योगदान देते हैं। नए सदस्य श्री महेश जी श्रीवास्तव, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, मनोरमा जी गोयल, आशा जी गुप्ता, चम्पा देवी, विमला यादव, श्री रामदेव जी कुवाड़ा प्रेम जी अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह आदि। अपनी साहित्यिक प्रतिभा से साहित्यिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हैं। श्रीमती सावित्री भारद्वाज, पुष्पा जी कच्छावा, पुष्पा जी चौहान, मनोरमा जी गोयल, आशा जी गुप्ता भक्ति गीतों से मीटिंग में आध्यात्मिक से वातावरण को सुखद बनाती हैं।

7 वरिष्ठ नागरिकों ने नई सदस्यता ग्रहण की सभी का अभिनन्दन किया गया।

समूह संख्या–11 (गुलाब बाड़ी)

समूह संख्या 11 में कुल 80 सदस्य हैं। इस समूह की बैठक प्रतिमाह समिति भवन गुलाबबाड़ी, अजमेर में आयोजित की जाती है।

समूह द्वारा प्रति वर्ष वार्षिक सदस्यता शुल्क 100/– रु. एक सौ रुपये लिया जाता है।

इस माह में और नये सदस्यों की बढ़ने की उम्मीद है।

समूह के सदस्यों द्वारा अपने जन्म दिवस पर केन्द्र व समूह को भेंट स्वरूप राशि दी जाती है। जिसमें इस वर्ष काफी वृद्धि हुई है।

प्रति माह बैठक में जिनका जन्म दिवस होता है। उनको माल्यार्पण कर बधाई कार्ड देकर सम्मानित किया जाता है तथा इन्हीं के द्वारा प्रति माह स्वरूचिभोज का आयोजन किया जाता है।

प्रतिमाह मनोरंजन की कड़ी में हाउजी, चुटकले, धार्मिक प्रवचन व ज्ञानवर्धक बातें की जाती है तथा समय समय पर साल में आने वाले त्यौहार मनाये जाते हैं।

प्रतिवर्ष माह दिसम्बर में 75 बसंत पूर्ण करने पर उन सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र के साथ, श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया जाता है।

समूह संख्या–12 (आदर्श नगर)

आदर्शनगर के समूह में सदस्य संख्या 157 से बढ़कर 185 तक हो गई है। अभी केसरी कॉलोनी परिवहन नगर, इन्द्रप्रस्थ नगर, शालीमार, परबतपुरा, पंचवटी कॉलोनी व दूरस्थ अर्जुनलाल सेठी नगर, विज्ञान नगर, बिहारीगंज व गुलाबबाड़ी के भी कुछ महानुभावों ने यहाँ सदस्यता ग्रहण की है। यही नहीं वे रुचिपूर्वक मासिक बैठकों में सपत्निक पधारकर सक्रिय भाग लेते हैं।

समूह की बैठकें आदर्शनगर शिव मन्दिर के भव्य हॉल में होती है उसका 350/– प्रतिमाह किराया दिया जाकर पूरा आनन्द लिया जाता है। प्रतिमाह की उपस्थिति 65 से 75 के मध्य रहती है। मासिक बैठकों में 2 से 3 अतिथियों को आमंत्रित किया जाता है। यह आमंत्रित महानुभाव अन्य समूह के समूह संयोजक रहते हैं। इसका उद्देश्य सबके विचार जानने का सुगम साधन रहता है।

75 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सदस्यों का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया जाकर ऐसे सदस्यों

को माला, शॉल व प्रतीक चिह्न भेंट किये जाते हैं। राजकीय महाविद्यालय अजमेर से संस्कृत की सेवानिवृत्त श्रीमती डॉ. पुष्पा गुप्ता संस्कृत के श्लोक से उनका अभिवादन समूह सदस्यों की ओर से करती हैं। इसके लिये डॉ. गुप्ता का अभिनन्दन हैं।

आदर्शनगर मुख्य द्वार पर रोड़वेज डिपो ओर प्याऊ लायन्स क्लब अजमेर द्वारा निर्मित है। समूह इसे गत 7–8 वर्षों से चला रहा था। प्याऊ अत्यन्त जर्जर हो गई थी। संभागीय आयुक्त के हस्तक्षेप से रोड़वेज प्रशासन ने इसके पुनरोद्धार कर डिपो का भी मरम्मत करने की स्वीकृति दी, परिणामस्वरूप समूह सदस्यों व आदर्शनगर के स्थानीय निवासियों के आर्थिक योगदान से 1.50 लाख के व्यय से इस भवन का पुनरुद्धार कराया। 2 वाटर कूलर शुद्ध पानी के लिये फिल्टर भी लगाये गये कुछ आकस्मिक अड़चनों के बावजूद यह प्याऊ निरन्तर चल रही है। देखभाल व रामझारे से पानी पिलाने के लिये एक महिला कर्मचारी रखी गई है। पुष्कर मेला, रामदेवरा मेला व दरगाह मेले पर पदयात्रियों को शीतल जल व छाया की सुविधा मिल रही है। रोड़वेज डिपों भी व्यवस्थित रूप से चल रहा है। श्रीमती सत्यवती शर्मा (सदस्य) का भारी सहयोग रहा। इन्होंने वाटर कूलर भेंट में दिया व दूसरा एक्वागार्ड श्री देवेन्द्र कश्यप ने अपने पिताजी की स्मृति में दानस्वरूप भेंट किया। इस प्याऊ व समूह के अग्रणीय सदस्य श्री तुलसीराम जांगिड़ के प्रयासों से विश्वकर्मा (एमरी स्टोन) इंडस्ट्री के मालिक युवा उद्योगपति ने राजकीय कन्या सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल, आदर्शनगर में 1000 छात्रायें अध्ययनरत हैं में 10×10 का सफेद मार्बल की प्याऊ तथा उसमें Automatic पानी की मशीन जिसमें शुद्धता के लिये फिल्टर भी लगवाए जाकर स्कूल को समर्पित की है। इस पर उद्योगपति श्री चोयल को समूह में आमंत्रित कर साफा पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

हमारे समूह में भी अन्यों समूहों की भाँति संगीतमय मनोरंजन पर पूरा जोर रहता है। डॉ. के एम लवानिया बाजा तथा यतीश झा ढोलक पर पूरा नियंत्रण रखते हैं। श्री रामनिवास जी मीणा, मंजीरे के साथ अत्यन्त रुचिकर नृत्य प्रस्तुत करते हैं। तबले पर श्री पवनेश कुमार गौड़ व श्री मुरारी मोहन मिश्रा का भी पूरा सहयोग रहता है।

हम पूर्व में भी बता चुके हैं। हर सदस्य अपनी कुर्सी के लिये राशि उपलब्ध कराता है। तीन बड़ी मेजें हैं, माइक भी है। सेवा संकल्प मासिक बैठक से पूर्व ही श्री एच.पी. तिवारी, बी.के. वर्मा, बाबूलाल शर्मा, श्री ओमप्रकाश भारद्वाज, श्री अनिल वाडेकर के सहयोग से वितरित हो जाते हैं। बैठक व्यवस्था में श्री अनिल वाडेकर व श्री राजेन्द्र कुमार का सहयोग रहता है। भोजन परोसगारी में श्री बी.पी. खण्डेलवाल व श्री पुष्कर नारायण अरोड़ा का विशेष योगदान रहता है।

समूह की ओर से 4600 जन्म दिवस भेंट व 6000/– वृद्धजन दिवस भेंट व विज्ञापन पर भी लगभग 8000/– का योगदान दिया जा चुका है। कुल मिलाकर यह समूह एक धीर गम्भीर इकाई की तरह चलता है। इसके समूह संयोजक श्री मदन रवि, सोसायटी अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता के सानिध्य में सभी की सेवा में तत्पर रहते हैं। श्री हरीप्रसाद तिवारी प्याऊ का व श्री महेश शर्मा, प्याऊ, जनरल सभी प्रकार के लेखों का आंशिक ऑडिट कर सहयोग देते हैं।

समूह संख्या–13 (भजन गंज)

मासिक बैठक में पहले–ईश प्रार्थना एवं 3 बार ॐ का उच्चारण किया जाता है। मासिक बैठक में सभापति ग्रुप से बनाया जाता है। जिनकी अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न होती है। मासिक बैठक में अतिथियों को आमंत्रित किया जाता है। उनका सम्मान अतिथि के तौर पर किया जाता है।

समूह एक बहुत बड़ी इकाई के रूप में कार्यरत है। इसका क्षेत्र बहुत बड़ा है। भजनगंज, तानाजीनगर, बिहारीगंज, हनुमान नगर, शिवनगर, श्रृंगार चंवरी,

अंगीरा नगर, धाननाड़ी रोड़, धौलाभाटा रोड़, जौन्सगंज, नसीराबाद रोड़, गोवा कॉलोनी आदि शामिल हैं।

2015 में नये 14 सदस्यों को जोड़ा गया जो एक बड़ी उपलब्धि है। नये सदस्यों को मीटिंग में माला पहनाकर सम्मानित किया जाता है। जन्मदिन पर बधाई कार्ड और माला से सम्मान किया जाता है।

जन्म दिवस भेट 2015–16 में 68 सदस्यों से 10473/– जन्मदिवस पर प्राप्त हुये। वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2015 पर समूह की ओर से 6612/– रु. संस्था को प्रदान किये।

समूह की बैठकों के लिये श्री सुरेश अग्रवाल श्रीमती राधिका अग्रवाल अपने समारोह स्थल ''राधिका विला'' को निशुल्क उपलब्ध करवाते हैं उनका समूह के सदस्यों व समूह संयोजक वी. आर. दोहरे और सी.सि.सो. की ओर से आभार साधुवाद व धन्यवाद देते हैं। आशा है कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग करते रहेंगे। नैपाल भूकम्प के लिये ग्रुप–13 की सहायता राशि 4100/– दी गई।

समूह की बैठकों में समूह के सदस्य अपनी प्रतिभा को दर्शाते हैं। धार्मिक भजन–गीत चुटकलें कीर्तन संगीत गायन स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी यथा योग प्राणायाम एवं आयुर्वेदिक ज्ञान बाँटा जाता है। अन्य अनेक गतिविधियों जैसे सुख–दुख में सभी मिलकर रहते हैं।

समूह की मासिक बैठक में 50 से 80 सदस्य शामिल होते हैं। इन सभी को सम्मानपूर्वक नास्ता करवाया जाता है। समूह से सभी सदस्यों के सहयोग से प्रेम से भाईचारा बनाये रखते हैं। किसी तरह का मनमुटाव नहीं रखते।

यह संस्था एक सामाजिक संस्था है। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु संस्था है। यह राजनीतिक धार्मिक जातिवाद से ऊपर उठकर कार्य करती है। यह अजमेर सी.सि.सो. की संस्था अन्य संस्थाओं से भारत की सबसे बड़ी संस्था है। जिसके 2015–2016 में 4000/– सदस्यों की संस्था बन गई है।

समूह 13 की समस्त गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन सहित सहयोग उपलब्ध करवाना तथा समूह के सहयोग द्वारा समूह में लिये स्नेह युक्त वातावरण, उपलब्ध करवाना आदि सभी कार्य समूह संयोजक बी.आर. दोहरे के सफल संचालन में होते हैं। सभी सदस्यों के प्रति सम्मान भाई–चारा व राजनीति से अलग रहते हैं।

श्री बी.आर. दोहरे संयोजक का कार्य 16 साल से कर रहे हैं।

समूह संख्या–14 (मेयोलिंक रोड़)

वर्ष पर्यन्त 6 आजीवन सदस्य गणों के देवलोक गमन के बाद कुल सदस्य संख्या 90 है। इस वर्ष में 8 सदस्यगणों ने नवीन सदस्यता ग्रहण की है। हमारे समूह की नियमित मासिक बैठक प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को श्री रघुनाथ जी मंदिर सत्संग भवन में विधिवत सम्पन्न होती है जिनका क्रियान्वयन उपस्थित सदस्यों में वरिष्ठ कर्मशील व अनुभवी महानुभाव के सभापतित्व में होती है। प्रायः श्री डी.पी. सोमानी जी के कुशल नेतृत्व में ईश–प्रार्थना प्रस्तुत करने के बाद अन्य सदस्यों के द्वारा दोहराई जाती रही है। इसी भवन में केन्द्रीय सेंसिट संस्था की अधिशाषी परिषद् व संयोजकगणों की दो बार दिनांक 10 व 27 मई 2015 को बैठक भी श्री के.सी. गुप्ता अध्यक्ष सोसायटी की अध्यक्षता में विधिवत तरीके से आयोजित की जा सकी है।

मित्तल हॉस्पिटल व रिसर्च सेन्टर जिला प्रशासन अजमेर व उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग तथा केन्द्रीय सेंसिट संस्था के तत्वावधान में क्रमशः विश्व अस्थमा दिवस के उपलक्ष में निशुल्क अस्थमा, टी.बी. तथा श्वांस रोग परामर्श शिविर व कार्यशाला, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पटेल मैदान अजमेर में 21 प्रकार के आसनों का योगाभ्यास, भ्रमण व मनोरंजन शिविर कृष्णम् ढाणी जयपुर रोड़, अजमेर, आम सभा समारोह व सांस्कृतिक समागम 2016 के सफल आयोजनों में संयोजक जी.के. जिरोता ने अन्य सदस्यों

को प्रेरित कर केन्द्रीय संस्था से मिले दायित्वों को पूरे किये तथा सदस्यों ने अपनी सक्रिय सहभागिता देकर लाभान्वित हुये। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर, 2015 के उपलक्ष में डी.ए.वी. कालेज अजमेर के सभागार में आयोजित वृद्धजन भव्य समारोह में 90 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में गैर सदस्य के रूप में इस समूह के जीते जी, श्री नाथूलाल मुन्देर जी तथा संस्था के आयु क्रम में वरिष्ठतम सदस्यों में श्री हीरालाल सांखला व श्री एन.के त्रिपाठी को संस्था की ओर से शॉल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाकर सम्मानित किया गया है। हमें खेद है कि डॉ. आनन्द सागर जी अजमेर से दिल्ली प्रवासित होने के फलस्वरूप संस्था द्वारा चयनोपरान्त आवेदन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाने की वजह से सम्मानित नहीं हो पाये।

श्री मुन्देर तथा श्री आनन्द सागर का देवलोक गमन भी हो चुका है सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

क्षेत्रीय समस्याओं में चिरप्रतिक्षित डॉ. आहुजा मार्ग व मेयो लिंग रोड़ के मध्य बारिश के मौसम में जल निकास के लिए व्यापक अवरोध से निजात पाने के लिए अंडर ग्राउन्ड नाले के निर्माण मय चेम्बर्स निर्माण में राज्य सरकार द्वारा बजट में 1 करोड़ 59 लाख रूपये राशि आवंटित हो जाने पर शिलान्यास के बाद कार्य समय पर पूरा हुआ जिसमें माननीय श्रीमती अनिता भदेल महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदया तथा श्री कमल बाकोलिया तत्कालीन महापौर नगर निगम, अजमेर का सफल व प्रशंसनीय योगदान रहा है जिसके लिए समूह के सदस्यों ने सादर आभार प्रकट किया। इसी प्रकार श्री धर्मेन्द्र गहलोत महापौर नगर निगम, अजमेर के द्वारा पूरे अजमेर शहरी क्षेत्र को स्वच्छता अभियान की कार्य योजना के क्रियान्वयन हेतु 9 जोन में बांटकर व क्षेत्रीय पार्षदों व उनके अधीनस्थ जुड़े हुये जमीनी स्तर के सक्रिय कार्य कर्ताओं के सहयोग से अभिनव प्रयोग से पहले की अपेक्षाकृत सफलता अत्यधिक अपेक्षित रही है। इस हेतु समूह संयोजक व जुड़े सदस्यों ने समय पर सेनेट्री इन्स्पेक्टर व जमादारों को सूचित कर कार्य निष्पादित कर सहयोग प्रदान करते हैं।

इस वर्ष केन्द्रीय संस्था को समूह की ओर से वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजक सदस्यों की ओर से 1100/– रूपये व स्मारिका का 21वें अंक हेतु 10602/– व जन्म दिवस के उपलक्ष भेंट में कुल राशि आर्थिक सहयोग राशि जमा करवायी गयी है। समूह कोष में समूह के 75 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त कर चुके सदस्य महानुभावों को वरिष्ठता क्रमानुसार सम्मान प्रदान करने की प्रस्तावित योजना के क्रियान्वयन हेतु सहयोग राशि 3400/– रूपये जमा है। साथ ही जमा राशि 4951/– रूपये में से साधन विहीन परिवारों के अध्ययनरत बच्चों के हितार्थ व विविध खर्च कुल राशि के बाद समूह कोष में 2744 रूपये जमा है।

समूह संख्या–15 (रामगंज)

संस्था को अजमेर शहर का सबसे बड़ा समूह है। जिसमें वर्तमान में 410 सदस्य हैं। पिछले सत्र में 399 सदस्य थे। उस समय यह महसूस किया गया कि चन्द्रवरदायी नगर के सदस्यों को रामगंज आने में परेशानी हो रही है और साथ ही साथ भविष्य में बढ़ती सदस्यता स. को देखते हुए मासिक बैठक हेतु जगह, फर्नीचर आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है अतः यह प्रस्ताव पारित किया गया कि रामगंज समूह का एक सहभागी समूह 15 ए (चन्द्रवरदायीनगर) बना दिया जाये ताकि उपरोक्त दोनों समस्या का समाधान हो सके अतः यह प्रस्ताव समूह संयोजक की सिफारिश के साथ केन्द्र को भेजा गया, जिसे केन्द्र ने स्वीकृति देकर अप्रेल 2015 में चन्द्रवरदायीनगर समूह जिसकी सदस्य संख्या 150 के उपर पहुँच गयी है। उपरोक्त निर्णय सही लिया गया की पुष्टि होती है।

सभी सदस्य समूह कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं व आमोद प्रमोद के साथ सुख, शान्ति

भाईचारा का अनुभव करते हैं। यहाँ कि मासिक बैठकों में औसत 90–100 के बीच उपस्थिति रहती है। जो कि समूह की सक्रियता एवं कार्यशैली के प्रति संतोष प्रकट करती है। उपरोक्त दोनों मापदण्डों में संस्था के किसी भी समूह से यह समूह अग्रणीय है। समूह के पास मासिक बैठकों के लिये Request पर स्थायी भवन उपलब्ध है।

मासिक बैठकों में माह में जन्मे समूह सदस्यों का जन्मदिन बधाई व पुष्प प्रदान कर धूमधाम से मनाया जाता है। स्वेच्छा से जन्मदिन सहयोग राशि द्वारा केन्द्र को आर्थिक सहयोग दिया जाता है जो लगभग 500–600 रु. प्रति माह होती है।

सदस्यगण सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों के रूप में बैठक में भजन, गीत, कविताएं, चुटकले, प्रश्नोत्तरी, आप बीती घटनाएं बताते हैं। अतः प्रोत्साहन रूप में पुरस्कार भी दिये जाते हैं। संस्था की अन्य गतिविधियों के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग के रूप में वृद्धजन दिवस, नेपाल त्रासदी, स्मारिका में विज्ञापन हेतु काफी अच्छी धन राशी एकत्रित कर उचित सहयोग दिया जाता है। इस सत्र में साथी श्री राधेश्याम शर्मा ने 31000/– रु. की राशि आपदा हेतु प्रधान मंत्री राहत कोष में दी गई।

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 75 वर्ष पूर्ण करने वाले सर्व श्री के.सी. गुप्ता, कुंज बिहारी मैनारिया, नाहरसिंह व श्रीमती पुष्पा मिश्रा की हीरक जयन्ति (अमृत महोत्सव) 26 जनवरी 2016 को कोटेश्वर मंदिर प्रांगण में सहभोज के साथ मनाया गया जिसमें सदस्यों को समूह द्वारा प्रदत्त शॉल, श्रीफल व श्री सीताराम खण्डेलवाल द्वारा रामचरित मानस, टार्च आदि देकर सम्मानित किया गया। समूह द्वारा आयोजित बैठकों में समूह सदस्यों द्वारा समय समय पर उनके जन्मदिन व अन्य सुअवसरों पर स्वरूचि भोज/अल्पाहार आयोजित किये जाते हैं।

इस वर्ष भी समूह द्वारा आयोजित वर्षाकालीन गोठ वामनियां बालाजी व लोहरवाड़ा 'वेष्णो देवी' मंदिर पर आयोजित की गयी, इसमें 75 सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्शायी। मासिक बैठकों में शहर के बाहरी विशिष्ट प्रतिनिधी, डॉक्टर, साहित्यकार, अर्थशास्त्री, धर्माचार्य जनप्रतिनिधी भी आमंत्रित किये जाते हैं।

समूह के पास डॉ. सुभाष माहेश्वरी के प्रयास से माहेश्वरी समाज के सोजन्य से एक वाचनालय जो ब्यावर रोड़ पर (प्राइम लोकेशन) पर है, गतिशील है। इस दिवा केन्द्र पर सदस्य काफी संख्या में सुबह–शाम आकर अपनी उपस्थिति देते हैं। यहाँ पर क्षेत्रिय पार्षद वार्ड 19 के श्री गहलोतजी व वार्ड 29 के श्री जेदियाजी के सौजन्य से तीन दैनिक समाचार पत्र, पत्रिकाएं नियमित उपलब्ध करायी जा रही है। समूह के पास अपना स्वयं का बहुत ही अच्छा कैरम बोर्ड, शतरंज भी है जिससे सदस्य अपना मनोरंजन के साथ साथ अभ्यास भी करते है। वाचनालय में औसत उपस्थिति 20 सदस्यों की होती है। यह सुबह 2 से 3 घंटे तथा सायं 3 घंटे खुलता है सोसाइटी से 400 रु. का अंशदान भी दिवा केन्द्र हेतु मिलता है।

समूह के 2–3 सदस्य प्रत्येक मास में कम से कम 15 दिन तक पेंशनर्स सेवार्थ अपनी सेवाएं पंजाब नेशनल बैंक में देते हैं। इसी प्रकार रेल्वे अस्पताल में समूह के 2 सदस्य मरीजों की सेवार्थ अपनी सेवाएं देते रहे हैं। समूह संयोजक श्री जे.पी. शर्मा समूह का संचालन सफलतापूर्वक कर रहे हैं। इनकी कार्यकुशलता से ही यह सबसे बड़ा ग्रुप सुचारू रूप से कार्यक्रम सम्पन्न कर रहा है।

समूह संख्या–16 (फाईसागर रोड़)

समूह 16 नगर के विस्तृत क्षेत्र पुष्कर रोड़, फॉयसागर रोड़, रामनगर बी.के. कौल नगर तथा हरीभाऊ उपाध्याय (मुख्य), ज्ञान विहार में फैला हुआ है। सभी क्षेत्रों के विद्धजन इस समूह के सदस्य है। समूह संयोजक श्री रतनलाल ऐरन के संयोजन में समूह की बैठक नियमित रूप से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को आयोजित होती है। इसके लिये स्थान उपलब्ध कराने के लिये समूह श्री भागवत सिंह जैन

व श्रीमती रमणीक जैन प्रति आभारी है। वर्ष के दौरान 20 नये सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण करी व समूह की सदस्य संख्या 150 को पार कर गई है।

समूह की नियमित बैठकों में सदस्यों के जन्मदिन पर उनको बधाई पत्र देकर, पुष्पहार पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाऐं देते हुए सामूहिक स्वरों में बधाई गान गाया जाता है। स्वास्थ्य व अध्यात्म पर चर्चा विचार विमर्श होता है। वर्ष में 2015 में 80 सदस्यों की ओर से रु. 7150/– की राशि केन्द्र को भेंट दी गई। मनोरंजन के अंतर्गत भजन कविता, गीत चुटकुले, प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किये जाते हैं। समयानुकूल 'हाऊजी' भी खिलाई जाती है। वर्ष में दो पिकनिक आयोजित की गई। 4 वरिष्ठ सदस्यों, 75 वर्ष से ऊपर वालों को शॉल ओढ़ाकर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सदस्य को केन्द्र स्तर पर भी सम्मानित किया गया।

समूह के सदस्यों ने श्री श्याम सुंदर जी फतेहपुरिया द्वारा प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा को आयोजित होने वाले अस्थमा निवारण कार्यक्रम में सहयोग दिया। श्री रामेश्वर लाल सुगंध स्व–निर्मित अमृत–पिल्स व औषधीय तेल का निशुल्क वितरण नियमित रूप से मासिक सभाओं में करते रहे हैं। समूह की प्रगति में श्री लालचंद डोसी, श्री अशोक गोयल, श्री सत्यनारायण, श्री श्यामसुन्दर शर्मा तथा अन्य सभी सदस्यों का अत्यधिक सहयोग रहा है। अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता तथा अन्य पदाधिकारियों का सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रभावशाली रहा।

समूह संख्या–17 (हरिभाऊ उपाध्याय नगर)

समूह की नियमित बैठकें जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम धार्मिक स्थल व अन्य प्राकृतिक स्थानों पर आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष आउटिंग खोड़ा गणेश, खुण्डियास–सलेमाबाद, करेकड़ी में आयोजित की गई। सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया व पिकनिक का आनंन्द लिया। समूह सदस्यों ने प्राकृतिक आपदाओं में आर्थिक सहयोग किया। समूह के सदस्यों आर.सी. माहेश्वरी, जे.एन. शर्मा, आर.के. चतुर्वेदी, गोपीचंद अग्रवाल, समीरमल जैन चन्द्रसेन गेहलोत, एच.एन. माथुर, सुरेश चंद्र शर्मा, बृजेश गौड़ आदि ने जय अम्बे सेवा समिति द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प व मेडीकल चैक अप कैम्पों में अपनी सेवाएं दी। जय अम्बे सेवा समिति द्वारा आयोजित नेत्र शिविर में आर.सी. माहेश्वरी, जे.एन. शर्मा, गोपीचंद अग्रवाल आदि ने अपनी अपनी सेवाएँ प्रदान की तथा आश्रम की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सेवाएँ प्रदान करते हैं। ग्रुप के 75 वर्ष से अधिक आयु के 5 सदस्यों का शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया व स्वस्थ दीर्घ आयु की कामना की गई।

ग्रुप के सदस्यों, श्री जे.एन. शर्मा व आर.सी. माहेश्वरी का 1 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में समाज कल्याण व सहकारिता मंत्री महोदय द्वारा शॉल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। जो कि समूह के लिए एक गौरव का विषय है। समूह के सदस्यों श्री एस.एस. विजयवर्गीय, किरण विजय आर.के. गोयल व श्रीमती सुमन गोयल ने गोवा में आयोजित अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ की ऑल इण्डिया मीट में भाग लिया। वर्तमान में समूह की सदस्य संख्या 142 से बढ़कर 175 हो गई है। समूह संयोजक आर.सी. माहेश्वरी समूह सदस्यों के सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हैं व भविष्य में इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

समूह संख्या–18 (धोला भाटा)

धोलाभाटा समूह में कुल 139 सदस्य हैं। समूह की नियमित बैठक दिवा केन्द्र–रघुनाथ मंदिर पर आयोजित की जाती हैं। बैठकों में सदस्य भजन, कविता, गजल, रुबाईयाँ तथा स्वरचित रचनाएँ प्रस्तुत करते हैं। सदस्यों का जन्मदिन हर्षउल्लास से मनया जाता है। सदस्यों को बधाई–पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। सदस्यगण स्वेच्छा से जन्मदिवस पर समूह/संस्था को राशि भेंट करते हैं। 75 वर्ष का सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम

में श्री रघुवीर सिंह को शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सोसायटी के पदाधिकारी श्री के.सी. गुप्ता, श्रीमती कुसुम गौतम, श्री जे.पी. विजय, श्री जे.एस. राजावत, श्रीमती मधु गुप्ता, श्री दिनेशचन्द्र पान्डे संयोजक ग्रुप–1, श्री चिरंजीलाल शर्मा संयोजक ग्रुप–2 तथा मुख्य अतिथी में श्री पी.आर. राठी FA & CAO (सेवानिवृत्त रेल्वे) विशेष तौर पर आमन्त्रित थे। समारोह में पिकनिक के विजेता सदस्य श्री महेशचन्द्र गुप्ता (लेखन प्रतियोगिता) श्री हरीश केशवानी (म्यूजिकल चेयर) श्री त्रिदेव विश्वास (कैरम) तथा श्रीमती कृष्णा अग्रवाल (केरम) को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। ग्रुप के जाने माने कवि श्री तेजसिंह कछावा को सम्मानित किया गया।

वर्ष 2015 में धोलाभाटा समूह ने 2650 रुपये की राशि संस्था को जन्मदिवस पर भेंट स्वरूप दी। अक्टूबर वृद्धजन दिवस पर समूह की सदस्या श्रीमती कमल मदभवी 500/– श्रीमती वीना राय सिंगानी 500/– तथा सुश्री सुरेन्द्रा कुमारी चैहान ने 501/– रुपये संस्था को भेंट स्वरूप दिए। नेपाल सहायतार्थ में समूह के सदस्य श्री वी.पी. कपूर 100/– श्री रामचन्द्र सोलंकी 100/– श्री देवीराम प्रजापति 100/– श्री राजकुमार गुता 100/– श्री रामकरण पलासिया 100/– श्रीमती वीना रामसिंगानी 100/– तथा श्रीमती मोन्दीरा दत्ता 100/– रुपये सहयोग राशि प्रदान की।

समूह द्वारा 15 अगस्त तथा 26 जनवरी को धोलाभाटा टेम्पू स्टेण्ड पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। समारोह में बिस्कुट तथा टॉफी वितरित की जाती है।

माह नवम्बर की बैठक में रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव कर्नल के.डी. उपाध्याय को आमन्त्रित किया गया। उन्होंने सदस्यों को First Aid Training के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर बल दिया।

समूह संयोजक द्वारा माह में एक बार प्रत्येक समूह सदस्यों व्यक्तिगत सम्पर्क किया जाता है। समूह के सदस्य एक दूसरे के दुख–सुख में भाग लेते हैं।

समूह संख्या–20 (नाका मदार)

वर्ष के दौरान ग्यारह बैठकें नियमित रूप से सामुदायिक भवन, मधुबन कॉलोनी, नाका मदार में आयोजित हुई। इनमें औसत उपस्थिति 45 रही। वर्ष में 20 नये सदस्य बने और 3 सदस्य अन्य समूह से आकर इस समूह से जुड़े। तीन सदस्यों का देवलोक गमन हो गया।

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक का 14वां राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 21–22 फरवरी 2015 को महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के तत्वाधान में मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी उदयपुर में आयोजित हुआ। जिसमें समूह के श्री राजेन्द्र कुमार शिवहरे और श्री बी.के. वाधवा ने भाग लिया।

मार्च माह की बैठक होली स्नेह मिलन के रूप में बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाई गई। जिसमें संत डॉ. कृष्णानन्द जी, संस्था की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित हुए। संस्था के होली स्नेह मिलन समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्व श्रीमती मीना ए. जैकब संतोष जसराय और बी.के. वाधवा ने भाग लिया।

संस्था द्वारा पड़ौसी राष्ट्र नेपाल में आये विध्वंसकारी भूकम्प में मारे गये/बेघर हुए लोगों को राहत पहुंचाने की अपील पर समूह के 38 सदस्यों द्वारा रु. 6,351/– (रु. छः हजार तीन सौ इक्यावन मात्र) की सहायता प्रदान की गई।

समूह सदस्य श्री मुकेश भार्गव को कृष्णामूर्ति इंस्टीट्यूट, कोलकाता द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक सेमिनार में अतिथि वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया। यह समूह के लिए गौरव का विषय है।

श्रीमती संतोष जसराय ने एक 22 लीटर का वाटर केम्पर और दो ट्रे समूह को भेंट दी।

वर्ष भर में समस्त सदस्यों को उनके जन्म दिन के उपलक्ष्य में उनका माल्यार्पण कर सोसाइटी का

बधाई पत्र देकर जन्मदिन मनाया गया। श्री प्रेमप्रकाश ने पूरे वर्ष समस्त जन्मदिन वाले सदस्यों को ''प्राकृतिक जीवन शैली'' विषय की सीडी एवं पुस्तक भेंट दी। सदस्यों द्वारा जन्मदिन भेंट स्वरूप सोसाइटी को रु. 4600/– और समूह को रु. 5450/– भेंट किए।

समूह द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 90 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तीन वृद्धजनों को सम्मानित करवाया। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के लिए इस समूह से संस्था को रु. 7,500/– (रु. सात हजार पांच सौ मात्र) का आर्थिक योगदान दिया गया। योगदान देने वाले सर्वश्री पू. तुकाराम, बी.आर. मेगा, एल.एन. राजपूत, बी.के. वाधवा, विनोद कुमार माथुर, एस.सी. गुप्ता, महेन्द्र कुमार पंवार, पी.एन. मित्तल, बी.डी. गुप्ता, शेरसिंह दोचानिया, डी.के. जैन, आर.पी. सिंहल आर.के. शिवहरे, श्रीमती संतोष जसराय और श्रीमती शशी बाला चौबे थे। इन्हें समूह की ओर से सोसाइटी के अध्यक्ष और महासचिव द्वारा स्मृति चिन्ह देकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

श्री कृष्णम ढाणी, गेगल अजमेर में आयोजित भ्रमण शिविर में समूह के 33 सदस्य उपस्थित हुए। मनोरंजन कार्यक्रम में सर्व श्रीमती संतोष जसराय, रश्मि माथुर और श्री बी.के. वाधवा ने भाग लिया। वहाँ आयोजित प्रतियोगिताओं में श्री मुकेश भार्गव प्रथम स्थान (कैरम पुरुष वर्ग) और श्रीमती विजय रोहतगी द्वितीय स्थान (हिन्दी/अंग्रेजी शुद्ध लेखन) रहे। उन्हें माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह दिया गया।

निम्नलिखित समस्याओं के लिए सम्बन्धित प्राधिकारियों को पत्र लिखे गये :–

1. टूटी पुलिया की मरम्मत हेतु–कार्य पूर्ण हो गया।
2. हरेन्द्र मेमोरियल गैस एजेन्सी द्वारा गैस का वितरण देर से करना एवं अन्य अनियमितताओं के संबंध में शीघ्र समाधान हो गया।
3. समपार फाटक सं. 44–बी की दोनों ओर की टूटी सड़क की मरम्मत हेतु – कार्य पूर्ण हो गया।
4. गुलाबबाड़ी रेल्वे क्रॉसिंग पर ROB बनाये जाने बाबत्।

वर्ष भर में समूह की आय रु. 17,803/– और व्यय रु. 10,655/– रहें।

समूह संख्या–21 (दौराई)

ग्रुप सं. 21 दौराई की मासिक मीटिंग माह के अंतिम रविवार को होती है। मीटिंग में 75 सदस्य हैं लेकिन 30–35 सदस्य ही उपस्थित होते हैं, बाकी सदस्य घरेलू कामों में व्यस्त होने के कारण नहीं आ पाते हैं। ग्रुप के नये सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया जाता है, तथा माह में जन्में सदस्यों को बधाई कार्ड देकर सम्मानित किया जाता है। माह में जिस सदस्य की शादी की सालगिरह होती है उन्हें भी माल्यार्पण कर स्वागत किया जाता है तथा पति–पत्नी को सभी सदस्यों द्वारा सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की जाती है तथा तालियाँ बजाकर अभिवादन किया जाता है।

75 साल की आयु पूर्ण कर लेने वाले सदस्यों का उस माह में हीरक जयन्ती के उपलक्ष में शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर श्रीफल एवं बधाई कार्ड भेंट किया जाता है व उनको अभिनन्दन पत्र पढ़कर सुनाया जाता है और उन्हें भेंट किया जाता है। ऐसे अवसरों पर सोसायटी के अध्यक्ष एवं महासचिव को भी बैठक में विशेष रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष में 2 सदसयों की हीरक जयन्ती मनाई गई। इस ग्रुप के संयोजक केप्टेन सत्यनारायण सिंह राठौर की माँ श्रीमती सायर कँवर चन्दावत को 91 वर्ष की उम्र में शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल देकर बहुत ही परिमार्जित ढंग से दयानन्द महाविद्यालय अजमेर के परिसर में स्थित सभा भवन में अक्टूबर 2015 के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया ये सम्मान केप्टेन सत्यनारायण सिंह ने लिया उनकी माताजी कमर में Fracture होने की वजह से समारोह में उपस्थित नहीं हो पाई थीं। रिटायर होने वाले सदस्यों (4 सदस्य) को साफा/शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया उन्होंने भी सदस्यों को भोजन इत्यादि कराकर सम्मानित किया तथा भेंट स्वरूप

राशि एवं काम में आने वाली वस्तुएं दी गई समूह के सदस्यों द्वारा वर्ष में पड़ने वाले दीपावली, होली एवं रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्यौहार एक जगह इकट्ठे होकर मिलन समारोह के रूप में मनाये जाते हैं। इस अवसर पर गुलाल व चंदन का तिलक लगाकर एक दूसरे का सम्मान व अभिनन्दन किया जाता है। समूह सदस्यों के प्रति माह सेवा संकल्प पहुँचाने की उचित व्यवस्था है इसमें किसी भी प्रकार का अपवाद नहीं है। सभी सदस्य एक दूसरे का आदर करते हैं तथा आपस में मिलकर रहते हैं।

दिनांक 13.9.2015 को हमारे ग्रुप के कर्मठ सदस्य श्री एन डी वैष्णव साहब के घर में जो वीर तेजाजी नगर में है में लाइब्रेरी खोलने का कार्यक्रम रखा गया आनन फानन में वैष्णव साहब ने लाइब्रेरी के लिए जगह मुहैया करा दी तथा हाथों हाथ दानदाताओं ने किताबों का अम्बार लगा दिया तथा दिनांक 13.9.2015 को श्रीमती मंजू तोषनीवाल माखूपुरा ने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्‌घाटन किया जिसमें संस्था के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। श्रीमती मंजू तोषनीवाल ने कुछ किताबें तथा 3000/– की राशि समूह को भेंट स्वरूप प्रदान किये। तथा हर माह 400/– की राशि Library को केन्द्र से मिल रही है Library की किताबें रखने व पढ़ने के लिए एक बड़ी लकड़ी की टेबल, एक लकड़ी की छोटी टेबल कैरम बोर्ड रखने के लिए श्री हीरालाल पटेल, श्री चन्दूभाई पटेल तथा श्री रमेश भाई पटेल ने मिलकर भेंट स्वरूप Library को दिये। Library में एक कैरम बोर्ड तथा शतरंज का खेल रखवाया गया है, शतरंज के लिए भी एक प्लास्टिक की टेबल फंड से लाकर रखवाई गई है। ग्रुप में अप्रेल 2015 में गैस का कनेक्शन लिया गया है तथा सब्सीडी के लिए खाता भी UCO Bank में खुलवाया गया है।

समूह संख्या–22 (चन्दवरदायीनगर)

इस समूह की स्थापना 11 जनवरी 2015 को श्री के.सी. गुप्ता अध्यक्ष सीनियर सीटीजन सोसाइटी अजमेर, श्री सुरेश अग्रवाल जनरल सेकेट्री, श्री जे.पी. शर्मा सैकेट्री विकास के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इसमें 51 सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रुप 15 की मासिक बैठक में अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता ने प्रस्तावित किया कि इस समूह में करीब 350 सदस्यों की संख्या पार हो चुकी थी। अतः एक नया समूह चन्द्रवरदाईनगर में बनाकर इसका विभाजन कर दिया जाऐ। अध्यक्ष जी के इस प्रस्ताव को चन्दवरदाई नगर के सदस्यों ने गम्भीरतापूर्वक लिया और इसके गठन में लग गऐ जिसके परिणामस्वरूप इस समूह की विधिवत गठन और स्थापना हुई।

प्रारम्भ में इस समूह में 30 सदस्य समूह 15 से तथा 21 सदस्य नऐ जोडे गए। इस समूह का क्षेत्र चन्द्रवरदाई नगर, सुभाषनगर, शक्तिनगर, अशोक विहार, कपिल नगर, सियाराम नगर, जवाहर की नाड़ी, रामगंज के सदस्यों से समावेशित रहा। वर्तमान में अधिशाषी परिषद ने इसे समूह संख्या–22 आवंटित किया जा चुका है। इसके लिये समूह संयोजक श्री बी.बी. सिंह यादव को पूरा श्रेय जाता है।

इस समूह की स्थापना जनवरी 2015 में हुई थी। किन्तु इस समूह को मान्यता 1 अप्रेल 2015 से ही प्रदान की गई। इस समूह के संयोजक हेतु श्री बीर बहादुर सिंह यादव को सदस्यों की सर्वसम्मति से चुना गया। जो अपनी कार्यकुशलता से समूह का संचालन करते आ रहे हैं।

समूह की स्थापना के बाद हमारा मुख्य उद्देश्य चन्द्रवरदाईनगर की प्रमुख समस्याओं को शीघ्र गति से सुलझाने की कोशिश करना और समूह में नए सदस्यों की वृद्धि करना। श्री एस.बी. माथुर को नऐ सदस्यों को जोड़ने का कार्य सौंपा गया था, जिसको उन्होंने बड़ी ईमानदारी व लग्न से किया जिसके परिणामस्वरूप अभी तक 155 सदस्यों की संख्या समूह में हो गई है और आज उन समूहों के समकक्ष खड़ा है जो 5–7 वर्ष पूर्व स्थापित हुए थे।

फरवरी 2015 की बैठक में सदस्यों ने अपनी परेशानी बताई कि उनके भरसक प्रयास के बाद भी रोड़वेज का स्मार्ट कार्ड नहीं बन पाया। समूह के संयोजक श्री यादव ने रोड़वेज के महाप्रबंधक से सम्पर्क कर चन्द्रवरदाई नगर में इस प्रयोजन हेतु एक केम्प चन्द्रवरदाईनगर सी–ब्लॉक कम्युनिटी सेन्टर में लगाने की प्रार्थना की, जिसे उन्होंने स्वीकार किया और फलस्वरूप एक केम्प अप्रेल 2015 में लगाया गया। जिसमें हमारे समूह के सदस्य ही नहीं बल्कि यहाँ के आस–पास के क्षेत्रवासियों ने भी इसका लाभ उठाया। इस केम्प में 105 कार्ड बनाए गऐ।

समूह की प्रत्येक बैठक में 70–80 सदस्यों की उपस्थिति रहती है। बैठक शुरू करने पहले ईश–प्रार्थना एवं चिंतामनन होता है। चन्दवरदाई नगर व आसपास की प्रमुख समस्याओं पर प्रबुद्ध लोगों की राय लेकर आगे कार्यवाही की जाती है। चन्द्रवरदाई नगर की प्रमुख समस्याओं में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना बस स्टॉप पर शेल्टर बनवाना, चौराहे व शुरूवाती प्रवेश मार्ग पर स्पीड ब्रेकर्स बनवाना। श्री बी.बी. सिंह यादव, श्री एस.बी.माथुर, श्री आर.डी. शर्मा ने ए.डी.ए. अधिकारियों से चर्चा की। चर्चा के फलस्वरूप चौराहे व शुरूवाती सड़क प्रवेश मार्ग पर स्पीड ब्रेकर्स बना दिए गए। बस स्टॉप पर शेल्टर बनाने का उन्होंने आश्वासन दिया। स्वास्थ्य केन्द्र हेतु श्रीमती अनीता भदेल, राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान सरकार से श्री बी.बी. सिंह यादव संयोजक, श्री एच.एस. वर्मा एवं श्री गणेश गोटवाल ने माननीय मंत्री जी जब चन्द्रवरदाईनगर आऐं तब मुलाकात की और स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु निवेदन किया। मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि ज्यों ही जगह का आवंटन होगा स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मामले पर समूह की निगाहें हैं और समय–समय पर अधिकारियों से वार्ता जारी रहेगी।

समूह की प्रत्येक बैठक में महिला सदस्यों की काफी संख्या में उपस्थिति रहती है। प्रत्येक बैठक में हास्य व्यंग्य की कविताओं, चुटकलों का दौर चलता है और सारे सदस्य जब घर जाते हैं तो उन पर प्रसन्नता का भाव रहता है।

नया ग्रुप होने के कारण भूलवश माह जनवरी 2015 से मार्च 2015 तक किसी भी सदस्य का जन्मदिन नहीं मनाया गया। जन्मदिवस मनाने हेतु सभी सदस्यों को माह अप्रेल 2015 से अवगत कराया गया। अप्रेल 2015 से फरवरी 2016 तक सदस्यों के जन्मदिन मनाने से प्राप्त सहयोग राशि को ग्रुप की आधारभूत सेवाओं और वस्तुओं के क्रय की सुविधाओं हेतु उपयोग किया गया।

इस समूह ने केन्द्रीय फंड में सर्वाधिक योगदान किया। एक वर्ष के कार्यकाल में लगभग चालीस हजार से ज्यादा की राशि का आर्थिक सहयोग सदस्यता शुल्क के रूप में केन्द्रीय फंड को किया गया जो कि इस अल्पावधि में एक उपलब्धि है। जबकि इतनी कम अवधि में किसी भी समूह ने इतना योगदान नहीं किया होगा।

यह समूह सामाजिक कार्यों में भी पीछे नहीं रहा है। सामुदायिक भवन सी–ब्लॉक चन्द्रवरदाईनगर में एक मेडिकल केम्प का भी आयोजन किया जिसमें 479 व्यक्तियों को लाभ मिला। सारे सदस्यों ने अपने गर्म कपड़े (बच्चों से लगाकर बूढ़ों तक) जो उनके काम नहीं आ रहे थे वे सभी श्री एस.बी. माथुर के घर इकट्ठे किऐ गए। इसके बाद श्री बी.बी. सिंह यादव संयोजक, श्री एस.बी. माथुर, श्री आर.डी. शर्मा और श्री इन्द्रजीत मलिन्द ने पाँच–छः बोरे कपड़ों के भरकर एक गाड़ी में डालकर आसपास के गाँवों में वितरित किऐ। वहाँ के सरपंचों ने इस सराहनीय कार्य की भूरी–भूरी प्रशंसा की तथा हमारे सदस्यों को धन्यवाद दिया।

श्री बी.बी. सिंह यादव ने स्वयं की ओर से बीस कम्बल रात्रि में जाकर गरीब व बेसहारा लोगों को वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त चन्द्रवरदाईनगर

स्टेडियम में तैनात गरीब चैकीदार के बच्चे की अकाल मृत्यु होने पर इस समूह के सदस्य श्री जे.एल. भाटी, श्री आर.डी. शर्मा, श्री बी.बी. सिंह यादव, श्री एम.सी. शर्मा, श्री बी.पी. जोशी एवं श्री एस.बी. माथुर ने व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग द्वारा उसके पार्थिव शरीर को उसके गांव में भिजवाने की व्यवस्था की। यह सहयोग उक्त सदस्यों द्वारा रू. 5000/– का था।

नेपाल त्रासदी में भी इस समूह का उल्लेखनीय योगदान रहा है। वृद्धजन दिवस पर भी समूह के सदस्य श्री बलजीतसिंह चौधरी ने 1000/– श्री बी.बी. सिंह यादव ने रु. 500/– श्री जे.एल. भाटी ने रु. 500/– श्री हुकमसिंह वर्मा ने 500/– श्री पी.एन. यादव ने 551/– श्री रामदेव गुर्जर ने रु. 500/– एवं श्री गणेश गुर्जर ने रु. 500/– कुल रु. 4051/– की राशि का सहयोग केन्द्रीय फंड में किया गया।

श्री आर.डी. शर्मा रिटायर्ड व्याख्याता (अंग्रेजी) ने स्टेडियम पर हॉकी अकेदमी की छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की। हमारा लक्ष्य समाज सेवा व गरीबों के कल्याण हेतु कार्य करना है जिसके लिये हमारा समूह सदैव तत्पर है।

इसके अतिरिक्त हमारे समूह ने दो पिकनिक, दिनांक 6 सितम्बर 2015 को चित्रकूट धाम पुष्कर में एवं दिनांक 28 फरवरी 2016 को गौरीकुण्ड में आयोजित की। प्रत्येक पिकनिक में सदस्य संख्या लगभग 60 से 65 की रही।

हम सीनियर सिटीजन सोसायटी, अजमेर ग्रुप संख्या 15–ए जिसे स्थाई क्रमांक 22 आवंटित किया गया है को एक वर्ष के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रुप (समूह) की उन्नति एवं सफलता हेतु प्रयास की पूर्ण कामना करते हैं।

❑❑❑



चिकित्सा एवं समाज सेवा – रिपोर्ट : 2015–16

सी. एम राठी

चिकित्सा संयोजक

1. आलोच्य वर्ष में समाज सेवा :– सीनियर सिटीजन सोसायटी ने चिकित्सा एवं समाज सेवा की नई सेवा प्रारम्भ कर पुनीत कार्यों में सहयोग देना प्रारम्भ किया है। जैसा कि सर्वविदित है आजकल अनियमित यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के शहर की टूटी–फूटी सड़कों पर तेज गति से सड़क दुर्घटनाओं में बेहताशा इजाफा हुआ है। इसके लिये संस्था भारतीय रेडक्रास, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के अस्थिरोग विभाग एवं अन्य समाज सेवी संस्थाओं से मरीजों को व्हील चेयर्स, वॉकर्स एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराती है तथा निश्चित अवधि के उपयोग के पश्चात् पुनः सम्बन्धित संस्थान में उपकरणों को जमा कराना सुनिश्चित करती है। इस सेवा से मरीजों को अनावश्यक आर्थिक भार से मुक्ति मिलती है । इस प्रकार की सेवा से वर्ष में 113 दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को लाभ पहुँच चुका है। यही नहीं गरीब मरीजों को फिजियोथैरिपी के रूप में सेवा देने के लिये डॉ.बी.के.साहू की सेवाऐं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। ज्ञात रहे कि श्री साहू जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के फिजियोथैरिपी विभाग से सेवानिवृत्त है और वे संस्था के सेवाभाव से प्रभावित होकर अपनी सेवाएँ दे रहे है।

2. चिकित्सकों की दवाइयों के सैम्पल जरूरतमन्दों को देना :– चिकित्सा सेवा के सदस्य चिकित्सको से सम्पर्क कर उनसे एम.आर एवं दवा कम्पनियों के चिकित्सा सैम्पल संग्रहण कर उन्हें संस्थाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को उपलब्ध कराते है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत सम्बन्धित चिकित्सकों

से सम्पर्क कर उनकी अलमारियों में भरे पड़े सैम्पल्स को उनसे प्रार्थना कर निकलवाये जाते है और ऐसी दवाऐं जिनकी मयाद नहीं निकली हो उन्हें संग्रहित कर भारतीय रेडक्रास के स्टोर में गरीब मरीजों को उपलब्ध कराने हेतु दिया जाता है। ये संग्रह की गई औषधियां संस्था द्वारा आयोजित मासिक निःशुल्क चिकित्सा शिविरों मे जरूरतमन्दों को निःशुल्क वितरित की जाती है। औषधियों के सैम्पल्स का वर्गीकरण रेडक्रास के तकनीकी स्टाफ द्वारा कराया जाता है।

3. निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन :– संस्था के बैनर तले पिछले कई वर्षों से निःशुल्क डायबिटिज, अस्थिरोग एवं जोड प्रत्यारोपण, नेत्र रोग निःशुल्क शिविर प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित किये जा रहे है। इन शिविरों से सम्पन्न वर्ग के साथ–साथ गरीब तबके के रिक्शेवाले, ठेले वाले एवं मध्यम वर्ग के नागरिक लाभान्वित हो रहे है। आलोच्य वर्ष में इन शिविरों में 3897 मरीज लाभान्वित हुऐ। इन शिविरों में नेत्र रोगों की जाँच एवं उपचार भी किया जाता है जिसका आर्थिक भार आई केयर फाउन्डेशन उठाता है। प्रसंगवश आई केयर फाउन्डेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर संस्था अध्यक्ष श्री के.सी.गुप्ता है । संस्था उनकी शुक्रगुजार है कि इसका लाभ आम नागरिक उठा रहे है। इन निःशुल्क शिविरों में प्रत्येक माह औसतन 250–300 रोगी लाभान्वित होते है।

4. नेत्रदान में योगदान :– संस्था नेत्रदान महायज्ञ में आहूति देने में पीछे नहीं है। संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी. गुप्ता एवं चिकित्सा संयोजक श्री सी.एम.राठी आई बैक सोसाइटी राजस्थान, अजमेर चैप्टर से इसके स्थापना दिवस से ही जुड़े हुऐ है। नेत्रदान महायज्ञ में समय–समय पर सहायता करके अब तक आई बैंक सोसायटी ने 1465 कॉर्निया प्राप्त कर कई ऐसे नेत्रहीनों को प्रत्यारोपित किये गये है जिनसे उनके अंधेरे संसार में उजाले का संचार हुआ है। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर के अजमेर चैप्टर के वार्षिक समारोह में संस्था अध्यक्ष श्री के.सी.गुप्ता एवं श्री सी.एम.राठी को यथोचित सम्मान प्रतिवर्ष दिया जाता है।

5. समाजोपयोगी अन्य सेवा कार्य :– इस प्रकार संस्था ने समाज सेवा एवं चिकित्सा सेवा नये आयाम किये हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त भी कई ऐसे कार्य है जिनमें संस्था के सेवाभावी सदस्य जुडे हुए है और उनमें अपनी दिनचर्या का प्रतिदिन निश्चित समय ऐसी संस्थाओं में देते है। मसलन हमारी संस्था के अध्यक्ष श्री के.सी.गुप्ता वृद्धाश्रम के कार्यकलापों में संलग्न है तो कुछ अपना घर में (श्री विष्णु प्रकाश गर्ग, ममता मिष्ठान) भी अपने तन–मन–धन से सहायता देते है।

6. उपसंहार :– कुल मिलाकर सीनियर सिटीजन सोसाईटी, अजमेर अपने सेवा कार्यों के बल पर संस्था के पंजीकृत उपनियम सं. 3(4), 3(5), 3(11) एवं 3(15) की पूर्ति तो करती ही है, साथ ही सदस्य इन सेवाओं के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान भी बनाते हैं। संस्था के सदस्यों एवं अधिशाषी परिषद के सदस्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इसका सशक्त उदाहरण हर माह के संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के लिये समाज सेवी वर्तमान में 2000/– रुपये प्रति माह का सहयोग दे रहे हैं। यही नहीं ऐसे चिकित्सा शिविरों के आयोजन के लिये भारतीय रेडक्रॉस संस्था अपना भवन भी उपलब्ध करवाकर इस पुनीत यज्ञ में अपना योगदान दे रही है। ज्ञातव्य हैं कि ऐसे शिविरों के आयोजन हेतु वर्ष भर की अग्रिम बुकिंग होती है। सोसायटी द्वारा प्रत्येक शिविर आयोजन पर होने वाले व्यय की क्षतिपूर्ति हेतु 1000/– सहयोग राशि देने का निर्णय लिया गया है।

❑❑❑




वृद्धजन दिवस समारोह 2015-16
दानदाताओं की सूची

- श्री कैलाशचन्द अग्रवाल, वित्त सचिव

नाम	समूह सं.	रकम
श्रीमती हेमन्त मिश्रा	1	500/-
श्री केशवराम सिंहल	1	500/-
श्रीमती मधु गुप्ता	1	2100/-
श्री दिनेशचन्द पाण्डेय	1	511/-
श्रीमती अयोध्या देवी पुरोहित	1	500/-
श्री आर.एस. अग्रवाल	1	500/-
श्री ओमनारायण माथुर	1	500/-
श्री महेशचन्द मिश्रा	1	500/-
श्रीमती आई.एच. सेम्युअल	1	500/-
श्री उमेश चन्द गुप्ता	1	500/-
श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत	1	500/-
श्री नरेन्द्र कुमार मंगल	1	500/-
श्री सुरेशचन्द मंगल	1	500/-
श्री एच.के. गुप्ता	1	500/-
श्रीमती शशी सेठी	1	500/-
श्री रमेशचन्द माथुर	1	500/-
श्री डी.पी. माथुर	1	500/-
डॉ. सरोजनी आगीचा	1	500/-
श्री पी.एस. धवन	1	500/-
श्री महेशचन्द गुप्ता	1	500/-
श्री डी.सी. तायल	1	500/-
डॉ. यू.सी. पाण्डे	1	500/-
श्री सुधाकर बन्धु	1	500/-
श्री सत्यनारायण अग्रवाल	1	500/-
श्री रामसिंह निर्वाण	2	500/-
श्री नवरतन चौधरी	2	500/-
श्री ब्रदीनारायण गर्ग	2	500/-
श्री जगदीश कांकाणी	2	500/-
श्रीमती मधु सक्सेना	2	500/-
श्री कृष्ण अग्रवाल	2	500/-
डॉ. आई.सी. चौधरी	2	500/-
श्री कृष्णगोपाल गोयल	2	500/-
श्री गोपाल अग्रवाल	2	500/-
श्री चिरंजीलाल शर्मा	2	500/-
सुश्री सन्तोष शर्मा	2	500/-
श्री सुरेन्द्र विजयवर्गीय	3	500/-
श्री किशनचन्द बंसल	3	1000/-
श्री सी.एम. राठी	3	501/-
कमा. जे.एस. राजावत	4	500/-
श्री आर. के. भार्गव	4	500/-
श्री नन्दसिंह राठौड़	4	500/-
श्री मकतूल सिंह	4	500/-
श्री लियाकत हुसैन	4	500/-
श्री रामचरण गोयल	4	500/-
श्री बाबूलाल शर्मा	4	3100/-
श्री ललित नारायण माथुर	4	1100/-
श्री एन.सी. पारख	4	500/-
श्री चन्द्रकान्त गौड़	5	500/-
श्री गजसिंह यादव	5	500/-
श्री जे.पी. विजय	5	500/-
श्री बी.एल. कटियार	5	500/-
श्री जी. के. कपिल	5	500/-
श्री कैलाशचन्द शर्मा	5	500/-
श्री शादत कबीर	5	500/-
श्री अमरसिंह शेखावत	5	500/-
श्री पी.एन. शर्मा	5	500/-
श्री वीरेन्द्र सिंह राठौड़	5	500/-
श्री राजेन्द्र सिंह	5	500/-
श्री धर्मीचन्द जैन	5	500/-
श्री आर.एन. तापड़िया	5	500/-
श्री खेमचन्द चतुर्वेदी	5	500/-
श्रीमती सत्या यादव	5	500/-
श्री लज्जाशंकर गोयल	6	500/-
श्री हरिप्रकाश शर्मा	6	200/-
श्री सुनील सक्सेना	6	500/-
श्री रमेशचन्द ईनानी	6	500/-
श्री पी.डी. अग्रवाल	8	500/-
श्री मदन मोहन मिश्रा	8	200/-
श्री ब्रह्मस्वरूप अग्रवाल	8	100/-
श्री ओ.पी. सिंहल	8	100/-
श्री कृष्णा नारायण गोयल	8	500/-
श्री नन्दकिशोर शर्मा	9	500/-

श्रीमती उषा बोहरा	9	500/-
श्रीमती कुसुम गोतम	9	500/-
श्री दीपक बिजलानी	9	500/-
श्री गोर्वधन त्रिलोक चन्दानी	9	500/-
श्री मनोहर मोटवानी	9	500/-
श्रीमती सुधा गुप्ता	9	500/-
श्री ओ.पी. गुप्ता	9	500/-
श्री ओ.पी. भार्गव	9	500/-
श्री ज्ञानचन्द गुप्ता	9	500/-
श्री के.सी. सिंघवी	9	500/-
श्री गोप मिरानी	9	500/-
श्रीमती सुशीला बिजलानी	9	500/-
श्रीमती उर्मिला निगम	9	500/-
श्री कश्मीर सिंह	9	500/-
श्री कल्याण राय शर्मा	10	500/-
श्री के.सी. गुप्ता	12	1100/-
श्री मदन रवि	12	500/-
श्री सुभाष साहनी	12	500/-
श्री कैलाशचन्द्र अग्रवाल	12	500/-
श्रीमती कल्पना नागर	12	2100/-
श्री एम.एस. बड़गोतरा	12	500/-
श्री के.एम. गोयल	12	500/-
श्री आर.एम. टंडन	12	500/-
श्री सुरेश अग्रवाल	13	1100/-
श्री वेद प्रकाश शर्मा	13	501/-
श्री मित्रदेव शर्मा	13	500/-
श्री चन्दन सिंह बुन्देल	13	511/-
श्रीमती कैलाश पाराशर	13	500/-
श्री राधाकिशन टाँक	13	500/-
श्रीमती द्वारका देवी/श्री घीसूलाल	13	500/-
श्री सूरज सिंह तँवर	14	500/-
श्री किशन व श्रीमती उषा शर्मा	14	500/-
श्री गोपाल कृष्ण जिरोता	14	500/-
श्री जे.पी. गुप्ता	14	100/-
डॉ. एस.के. सिंह	15	551/-
श्री विरेन्द्र प्रकाश शर्मा	15	500/-
श्री जे.पी. शर्मा	15	500/-
श्री सुभाष चन्द अरोड़ा	15	500/-
श्री आर.पी. सिंहल	15	500/-
डॉ. सुभाष माहेश्वरी	15	1001/-
श्री राधेश्याम शर्मा	15	1100/-
श्रीमती पुष्पा शर्मा	15	501/-
श्रीमती परमेश्वरी शर्मा	15	500/-
श्रीमती उर्मिला अग्रवाल	15	501/-
श्री पी.सी. गुप्ता	15	500/-
श्री लक्ष्मण मटाई	15	500/-
श्री रतनलाल ऐरन	16	500/-
श्री ओ.पी. यादव	16	500/-
श्री रामेश्वरलाल त्रिवेदी	16	500/-
श्री आर.सी. माहेश्वरी	17	500/-
श्री नारायण सिंह	17	500/-
श्री सुरेश चन्द शर्मा	17	500/-
श्री जे.एन. शर्मा	17	500/-
श्रीमती सोम खटोरिया	17	200/-
श्री कमल भदभावी	18	500/-
सुश्री सुरेन्द्र कुमारी	18	501/-
श्रीमती बीना रायसिंहानी	18	500/-
श्री राजेन्द्र कुमार शिवहरे	20	1100/-
श्री यू. तुकाराम	20	500/-
श्री बी.आर. मोगा	20	500/-
श्री एल.एन. राजपूत	20	500/-
श्री वी.के. बादवा	20	500/-
श्री विनोद कुमार माथुर	20	500/-
श्री एस.सी. गुप्ता	20	500/-
श्री महेन्द्र कुमार पँवार	20	500/-
श्री पी.एन. मित्तल	20	500/-
श्री बी.डी. गुप्ता	20	500/-
श्री शेरसिंह दोचानिया	20	500/-
श्रीमती सन्तोष जसराज	20	500/-
श्री शशीबाला चौबे	20	500/-
श्री डी.के. जैन	20	200/-
श्री आर.पी. सिंहल	20	200/-
श्री बलजीत सिंह चौधरी	22	1000/-
श्री पी.एन. यादव	22	551/-
श्री वीर बहादुर सिंह यादव	22	500/-
श्री हुकम सिंह वर्मा	22	500/-
श्री जे.एल. भाटी	22	500/-
श्री गणेशीलाल गूर्जर	22	500/-
श्री रामदेव गूर्जर	22	500/-
सीनियर सिटीजन समूह-21	-	500/-
मै. तोषनीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट	-	2500/-
श्रीमती शशी कुलश्रेष्ठ	-	500/-
श्री प्रतिभा राजगुरू	-	500/-
श्रीमती दिव्या खन्ना	-	500/-
विवेकानन्द वरिष्ठ नागरिक संस्था	-	2100/-
रतनलाल कंवरलाल पाटनी	-	2100/-
श्री उम्मेद अभय धर्मशाला ट्रस्ट	-	2500/-



संस्था के सदस्यों द्वारा जन्मदिवस भेंट की सूची

1 अप्रेल 2015 से 31 मार्च 2016

- श्री कैलाशचन्द अग्रवाल, वित्त सचिव

नाम	समूह सं.	रकम	नाम	समूह सं.	रकम
श्री ओ.पी. मिश्रा	1	50	श्री एच.के. गुप्ता	1	50
श्री एस.एन. अग्रवाल	1	50	श्रीमती विमला गुप्ता	1	50
श्री आर.के. सिंहल	1	100	श्रीमती हेमलता शर्मा	1	50
श्री ए.पी. गौड़	1	50	श्रीमती शशी अग्रवाल	1	50
श्री सुधाकर बन्धु	1	51	श्रीमती दीप्ति बसु	1	50
श्री जे.डी. माथुर	1	50	श्रीमती विमला गुप्ता	1	50
श्रीमती सुधा माथुर	1	50	श्री आर.डी. शर्मा	2	100
श्री के.एम. अग्रवाल	1	50	डॉ. आत्माराम गर्ग	2	100
श्रीमती मंजू अग्रवाल (मंगल)	1	50	श्रीमती इन्द्रा गुप्ता	2	100
श्रीमती राधा अग्रवाल	1	50	श्री अशोक कुमार शर्मा	2	100
श्री आर.एस. अग्रवाल	1	50	श्री गोपाल शंकर शर्मा	2	100
श्री रमेश माथुर	1	50	श्री जसराज शर्मा	2	100
श्रीमती गुणमाला जैन	1	50	श्री रामगोपाल अग्रवाल	2	100
श्रीमती रसीला शर्मा	1	51	श्रीमती विमला शर्मा	2	100
श्री पुरुषोत्तम शर्मा	1	50	श्रीमती सुलोचना गर्ग	2	100
श्री नरेन्द्र कुमार मंगल	1	100	श्री बद्रीनारायण गर्ग	2	100
श्री महेश चन्द मिश्रा	1	50	श्री प्रेमप्रकाश गर्ग	2	100
श्रीमती माया गुप्ता	1	50	श्री राजीव कुमार मेहरा	2	100
श्रीमती शिवा पाण्डेय	1	101	श्रीमती मोहिनी देवी	2	100
श्री रामजीलाल अरोड़ा	1	100	श्रीमती मंजू प्रभा शर्मा	2	100
श्री यू.सी. पाण्डेय	1	50	श्रीमती कमला शर्मा	2	100
श्री ओमनारायण माथुर	1	51	श्री सीताराम शर्मा	2	100
श्री डी.पी. माथुर	1	50	श्री रामेश्वलाल समदरिया	2	100
श्रीमती कमलेश धवन	1	50	श्री प्रताप सिंह थोरी	2	100
श्रीमती अनिता मिश्रा	1	50	श्री विष्णु प्रकाश पालीवाल	2	100
श्री मधु सक्सेना	1	50	श्री गोपाल प्रसाद माथुर	2	100
श्री अमृतपाल चोपड़ा	1	50	श्री के.जी. मोदानी	2	100
श्री रमेश चन्द वर्मा	1	100	श्री आर.एस. निर्बान	2	100
श्रीमती स्नेहलता मंगल	1	100	श्रीमती आशा मेहरा	2	100
श्री दिनेशचन्द पाण्डेय	1	100	श्री आई.सी. अग्रवाल	2	100
श्री सुरेश चन्द मंगल	1	100	श्री ओमप्रकाश वर्मा (रोहिल्ला)	2	100
श्री जी.के. शक्तावत	1	50	श्री चिरंजीलाल शर्मा	2	100
श्री डी.सी. तायल	1	100	श्री गोपाल अग्रवाल	2	100

श्री सरदार सिंह चौहान	2	100
श्री भैरूलाल शर्मा	2	100
श्री कैलाश चन्द जोशी	2	100
श्रीमती कृष्णा गर्ग	2	100
श्री सावल दान	2	100
श्रीमती वीणा गोयल	2	100
श्री ताराचन्द छीपा	2	100
श्रीमती सन्तोष कंवर निर्बान	2	100
श्री बंशीलाल सतरावला	2	100
डॉ. एस.एन. माहेश्वरी	2	100
श्रीमती यशोदा पालीवाल	2	100
श्री आर.डी. गुप्ता	2	100
श्री मोतीलाल पाटोदिया	2	100
श्री जयकृष्ण राघानी	2	100
श्री सुभाष लखोटिया	3	100
श्री के.सी. बंसल	3	100
श्री महेन्द्र विक्रम सिंह	3	100
श्री विष्णु प्रकाश गर्ग	3	100
श्री सीताराम दगदी	3	50
श्री ओ.पी. माहेश्वरी	3	50
श्रीमती उर्मिला व्यास	3	50
श्री जगदीश प्रसाद मंत्री	3	100
श्री भँवरलाल मून्दड़ा	3	100
श्रीमती गायत्री देवी विजय	3	100
श्रीमती शकुन्तला विजयवर्गीय	3	100
श्री सुरेन्द्र कुमार विजय	3	100
श्री ओ.पी. बाड़मेरा	3	100
श्रीमती कृष्णा खण्डेलवाल	3	50
श्रीमती सुखशान्ति विजय	3	100
श्री जगदीश प्रसाद गोयल	3	50
श्री एन.सी. गुप्ता	3	100
श्री महेश शर्मा	3	100
श्री किशन अग्रवाल	3	100
श्री प्रहलादलाल मालू	3	100
श्री अनिल कपूर	3	100
श्रीमती सुशीला काबरा	3	100
श्री रमेश तापड़िया	3	100
श्री गोविन्दप्रसाद असावा	3	50
श्रीमती शान्तिदेवी मून्दड़ा	3	50
श्रीमती रतनदेवी मून्दड़ा	3	50
श्रीमती कृष्णा हुरकट	3	50
श्री हरीप्रसाद माहेश्वरी	3	100
श्री राधेश्याम हेडा	3	50
श्रीमती शशी बजाज	3	50
श्री देवकिशन तोषनीवाल	3	50
श्रीमती लक्ष्मीदेवी शर्मा	3	50
श्री महेशचन्द सक्सेना	3	50
श्री आर.के. अजमेरा	3	50
श्री भँवरलालजी	3	50
श्रीमती विजयलक्ष्मी असावा	3	50
श्री नन्दकिशोर विजय	3	100
श्रीमती कुसुम कपूर	3	100
श्री रामेश्वरलाल तापड़िया	3	50
श्री हरिप्रसाद असावा	3	1000
श्रीमती शान्तिदेवी तिवारी	3	100
श्री मेवालाल जादम	3	50
श्री चाँदमल राठी	3	100
श्री जे.एस. राजावत	4	50
श्री मक्तूल सिंह	4	50
श्री आर.के.भार्गव	4	50
श्री माँगीलाल गोयल	4	50
श्री दिनेश शर्मा	4	50
श्री एच.पी. वर्मा	4	50
श्री अशोक कुमार सक्सेना	4	50
श्री एस.सी. मित्तल	4	50
श्री एन.सी. पारख	4	50
श्री रतनपुरी	4	50
श्री नन्दसिंह राठौड़	4	50
श्री गोपालसिंह राठौड़	4	50
श्री रामबाबू गुप्ता	4	50
श्री राधाकिशन जोधा	4	50
श्री नन्दू गौड़	4	50
श्री किशन गोपाल सिसोदिया	4	50
श्री अशोक कुमार शर्मा	4	50
श्रीमती कमला गर्ग	4	50
श्री शान्तिलाल गर्ग	4	50
डॉ. रामचरण गोयल	4	50
श्रीमती लीला पारख	4	50
श्रीमती पुष्पा सकलेचा	4	50
श्री अभयमल सकलेचा	4	50
श्री प्रेम बहरवानी	4	50
श्री सुरेश माथुर	4	50

श्री महावीरचन्द बड़जात्या	4	100
श्री पी.सी. चान्दावत	4	100
श्री राजकुमार तायल	4	100
श्रीमती लक्ष्मी तायल	4	100
श्री सम्मान सिंह	4	50
श्री पी.के. भार्गव	4	100
श्री कैलाशनाथ भार्गव	4	100
श्री रतनलाल टाँक	4	100
श्री मोहनलाल तँवर	4	100
श्री जे.एस. गहलोत	4	100
श्री रामचन्द्र सितलानी	4	50
श्री लियाकत हुसैन	4	100
श्री बेनीराम कुमावत	4	100
श्री बलजीत सिंह कटियार	4	100
श्री श्याम बिहारी शर्मा	4	100
श्री सी.पी. चान्दावत	4	100
श्री सूरज मित्तल	4	100
श्री गोविन्द दाधिच	4	100
श्री धमेन्द्र गोयल	4	50
श्री उत्तमचन्द गुप्ता	4	50
श्रीमती उत्तमचन्द गुप्ता	4	50
श्री पी.के. बोगावत	4	100
श्री दिनेश शर्मा	4	100
श्री रामनारायण व्यास	4	100
श्री नथमल मिश्रा	4	100
श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा	4	100
श्री हनुमान प्रसाद वर्मा	4	100
श्री भँवरलाल पारीक	4	100
श्री अशोक कुमार शर्मा	4	100
श्री जे.एस. राजावत	4	100
श्री एस.सी. मित्तल	4	100
श्री गिरधारी सिंह	4	50
श्रीमती कृष्णा गुप्ता	4	50
श्री एन.सी. खण्डेलवाल	4	50
श्री राधाकिशन जोधा	4	100
श्रीमती नन्दूगौर जोधा	4	100
श्री आर.के. तायल	4	100
श्रीमती शीला त्रिवेदी	4	100
श्री हनुमान प्रसाद	4	100
श्री झम्मन सिंह	5	100
श्री पी. टाइटस	5	100
श्रीमती प्रकाश भल्ला	5	100
श्री ए.एन. शर्मा	5	100
श्री मोहनलाल बरुना	5	100
दिनांक 06 मार्च को गोवा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डवोकेट फ्रांसिस्को डिसूजा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर म्मेलन का शुभारंभ किया गया। बीच-बीच में शंखध्वनि ती रही। सरस्वती वन्दन के बाद मंच पर बैठे अतिथियों रा स्मारिका का विमोचन किया गया। श्री डिसूजा ने स्वागत षण में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का जीवन लम्बे अनुभवों भरा हुआ है जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी का मिलना हिए और यह प्रक्रिया सतत चलती रहनी चाहिए इससे माज सर्वांगीण विकास ही करेगा। गोवा बहुत ही शान्त न्दर और अनुशासित प्रदेश है यहाँ वरिष्ठ जनों को मिलने ली सुविधाएं सभी प्रदेशों से अधिक हैं।

इसके पूर्व सेन्सिट के अध्यक्ष श्री डी. एन. चापके पूरे वर्ष का विवरण प्रस्तुत किया व विभिन्न प्रान्तों के ये गये उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

एक सत्र में हेल्पेज इण्डिया के डायरेक्टर श्री काशनारायण बोरगांवकर ने बहुत ही मनोरंजक तरीके बताया कि इस आयु में हमें केयर गिवर (CARE-VER) की जरूरत पूरा करने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति सही देखभाल कर सकता है।

एक अन्य सत्र में वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी रूप मिली विभिन्न धाराओं और अधिकारों के बारे में विस्तार बताया गया। एक सत्र में E-Health के बारे में जानकारी गई। नेपाल से आए वरिष्ठ जनों का मंच पर अलग से गत किया गया।

भोजन के बाद के सत्र में टेक्किनल आधार पर डा. .पी. किंजवाडेकर का उद्बोधन हुआ। इस सत्र में बुजुर्गों अक्सर होने वाली डाइमेंशिया, एलजाइमर्स, कार्डियो वास्कूलर जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने सहभागियों के सवालो के जवाब भी दिए।

सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। ऐतिहासिक प्रस्तुतियों के बीच में श्री श्री रविशंकर जी के आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धान्तों की भी जानकारी दी जाती रही। दोनों का इतना सुन्दर समन्वय था कि हॉल को छोड़कर जाने का मन ही नहीं किया। स्थानीय कलाकारों ने गोवा कोंकणी सभ्यता और संस्कृति पर सुन्दर प्रस्तुतियां की। श्री श्री महाराज के सिद्धान्तों का सार यह था कि आप लोगों को माफ करना सीखो। जीवन में कृष्ण का पूरा आनन्द उठाओ। समय को ईश्वर के साथ बिताओ। कुछ ऐसा करो कि शाम को अद्भुत शान्ति मिले। मृत्यु तो आनी है यह सच्चाई है इससे कैसा डर? शरीर हमें छोड़ देगा इसके लिए दुःख नहीं करेंगे। हमारा कुछ भी नहीं है। ममत्व मत रखो सदा मुस्कुराते रहो।

राजस्थान के भंवर सेठ उदयपुर को महाराणा प्रताप पुरस्कार दिया गया। अन्य कई उल्लेखनीय समाज कार्यों के लिए भी पुरस्कार वितरित किए गए। गोवा के मुख्यमंत्री श्री लक्ष्मीकान्त पर्सिकर के हाथों सम्मान दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने सेंसिट की सदस्यता ग्रहण की।

दूसरे दिन समापान का सार यह था कि वरिष्ठ सदस्य खाली नहीं बैठे, कुछ ने कुछ समाज उपयोगी, राष्ट्र उपयोगी कार्य करते रहें और जीवन को पूर्ण सेवा में अर्पित कर दें।

अजमेर से इस अधिवेशन में कुल 11 सदस्य सर्व श्री शिवदत्त शर्मा (समूह - 15), श्री शिवशंकर विजय, श्रीमती किरण विजय, रविन्द्र गोयल, श्रीमती सुमन गोयल (समूह - 17), प्रताप सहवाक, श्रीमती ललिता सहवाक (समूह - 12), चिरंजीलाल शर्मा, प्रतापसिंह थोरी, के.के. शर्मा, सूरज नारायण जोशी (समूह - 02) ने भाग लिया। अजमेर सीनियर सिटीजन सोसायटी का प्रतिनिधित्व समूह - 02 के संयोजक श्री चिरंजी लाल शर्मा ने किया।

❑❑❑

वाह रे जमाने

– आर. डी. गुप्ता


वाह रे जमाने कैसी हद हो गई,
बीबी के सामने माँ रद्द हो गई।
बडी मेहनत से जिसने पाला, आज वो मोहताज हो गई,
और कल की छोकरी सराताज हो गई।
वाह रे जमाने ....
पेट पर सुलाने वाली, पैरों में सो रही है,
बीबी के लिए तत्पर, माँ पानी को रो रही है।
सुनता नहीं कोई, आवाज देते सो गई है,
वाह रे जमाने ....
माँ मांजती बर्तन, वो सजती संवरती है,
अभी निपटी ना बुढ़िया यू उस पर बरसती है।
अरे दुनिया को आई मौत, तेरी कहाँ गुम हो गई
वाह रे जमाने ....
जिसने कोख में पाला, अब उसकी छाया बुरी लगती,
बैठ होण्डा पे महबूबा, कंधो पे हाथ जो रखती
वो यादें अतीत की, वो मोहब्बत की सब रद्द हो गई
वाह रे जमाने ....
बेबस हुई माँ अब दिए टुकड़ों पर पलती है,
अतीत को याद कर तेरा प्यार पाने को मचलती है।
अरे मुसीबत जिसने उठाई, वो खुद मुसीबत हो गई
वाह रे जमाने ....
तनिक सोचे माँ जन्नत का फूल, प्यार करना उसका उसूल,
दुनियाँ की मुहब्बते फिजुल, उसकी हर दुआ कबूल है।
उसे नारान न करना, उसके कदमों में जन्नत है।
दुनियाँ की दौलते, ये जमाने भर की मुहब्बते,
माँ की सेवा के सामने फीकी, बस नाम की है।
उसकी आशीष तेरे काम की है .....

❑❑❑

ईश्वर कृपा के बिना कोई भी दुर्गुणो से नहीं बच सकता। प्रभु कार्यों में सहायक बन कोई भी इस लाभ का हकदार बन सकता है। – रामायण

श्री पुष्कर राज की महिमा

– पं. नारायण स्वामी



पर्वतानाम् यथामेरूः पक्षिणां गरूड़ोयथा।
तद्वत समस्त तीर्थनामाधं पुष्कर मिण्यते॥

जिस प्रकार पक्षियों में गरुड़, पर्वतों में मेरू पर्वत सर्वश्रेष्ठ है उसी प्रकार धरती पर स्थित सभी तीर्थों में पुष्कर तीर्थ सर्वश्रेष्ठ माना गया है। अरावली की सुन्दर पहाड़ियों के बीच में स्थित यह है। ''पवित्र पुष्कर सरोवर'' वह तीर्थ स्थान जहाँ पर स्वयं जगत पिता भगवान ब्रह्म जी ने ना सिर्फ मृत्युलोक का विधिवत शुभारम्भ करने के लिए सृष्टि का निर्माण किया बल्कि मानव मात्र एवं जगत के कल्याण के लिए हजारों सालों तक तपस्या करने के पश्चात् यहाँ पर कार्तिक महीने में एकादशी से पूर्णिमा तक बहुत विशाल यज्ञ भी किया। उस यज्ञ में तैतीस करोड़ देवी देवता शामिल हुए थे। जगत पिता भगवान ब्रह्म द्वारा स्वयं स्थापित किये गए इस पुष्कर तीर्थ को दुनिया का प्रथम तीर्थ भी माना जाता है। यही कारण है कि पुष्कर तीर्थ धरती पर स्थित साढ़े तीन करोड़ तीर्थो का गुरू भी कहलाता है। वेद एवं पुराणों के अनुसार देवलोक में शेषनाग पर लेटे हुऐ। भगवान विष्णु की नाभि में से कमल का पुष्प अवतरित हुआ था। उसी कमल पुष्प से भगवान ब्रह्मा का अवतरण हुआ। कमल के पुष्प से जब ब्रह्मा प्रकट हुए तो देवलोक में मौजूद सभी देवी–देवताओं ने उन पर पुष्प वर्षा कर खुशियां मनाई। इसके पश्चात् भगवान महादेव की आज्ञा से सुदर्शन चक्रधारी विष्णु ने भगवान ब्रह्मा से कहा कि आपको मृत्युलोक (पृथ्वी) पर जाकर सृष्टि का निर्माण कार्य करना है ताकि वहां पर जीवन और मृत्यु का चक्र शुरू किया जा सके।

सृष्टि का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले जगत पिता ने सोचा की इतने महान कार्य की शुरुआत किसी पवित्र स्थान से ही की जानी चाहिए। तब उन्होंने उसी कमल के पुष्प को अपने हाथ से मृत्युलोक पर यह आदेश देकर भेजा कि जहाँ भी सबसे पवित्र और निर्मल भूमि हो वही जाकर गिरना। ब्रह्मा के हाथों से गिराया गया वह कमल पुष्प तीनो लोक का चक्कर लगाता हुआ यहाँ आकर जमीन पर टकराया। कमल पुष्प के छूने मात्र से ही धरती फट गई और यहाँ से निर्मल और मीठे पानी की तेज धारा बह निकली और देखते ही देखते यहाँ पर एक विशाल सरोवर बन गया। चूँकि इसका निर्माण पुष्प से हुआ इसीलिए इसका नाम भी पुष्कर रखा गया। आज यही पवित्र सरोवर पूरी दुनिया में सतयुग के एक मात्र तीर्थ के रूप में अभी भी धरती पर स्थित है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जब कमल पुष्प के छूने के बाद धरती फटी और पानी की तेज धारा यहाँ से निकली तो उसके वेग से कमल पुष्प उछलकर पाँच किलो मीटर के दायरे में दो स्थानों पर और जा गिरा उन दोनों स्थानो पर भी पानी की तेजधारा बह निकली जिसके पश्चात् मीठे और निर्मल पानी के सरोवर बन गए। यही वजह है कि पुष्कर तीर्थ में तीन जगह सरोवर स्थित है। (1) ज्येष्ठ (ब्रह्म) पुष्कर (2) मध्य (विष्णु) पुष्कर (3) कनिष्ठ (रूद्र) बूढ़ा पुष्कर।

कमल के पुण्य से एक विशाल सरोवर का निर्माण होने के पश्चात् भगवान ब्रह्मा ने इसी जल पर विराजमान होकर हजारों सालों तक सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण किया। पदम् पुराण के अनुसार धरती पर सबसे पहले पुष्कर सरोवर का निर्माण हुआ और यही से सारी दुनिया, नदिया, पहाड़, झरने, समुद्र, जंगल और उनमें रहने वाले मनुष्य, पशु, पक्षी और अन्य जीव–जन्तुओं का निर्माण किया गया। यही कारण कि वेदों में पुष्कर तीर्थ को पृथ्वी के नैत्र के रूप में भी जाना जाता है।

इति श्री पुष्कर राज जयते।

❑❑❑

बुजुर्गों का दमखम

– सी. एम. राठी



अक्सर बढ़ती उम्र के साथ वृद्धों पर बुर्जर्गियत की सनक हावी रहती है। लेकिन संसार में कई ऐसे बुजुर्ग भी हुए जो न केवल युवाओं को मात देते हैं बल्कि उम्र भी उनको सलाम करती है। उनका नजरिया है 'हद ऐ गम ए हस्ती से गुजर क्यों नहीं जाते, जीना नहीं आता तो मर क्यों नहीं जाते।'

(1) मैराथन धावक 105 वर्षीय फौजा सिंह :– लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के 105 वर्षीय फौजा सिंह का मैराथन धावक बने रहने का जुनून किसी चमत्कार से कम नहीं है। फौजा सिंह को देख कर अंगेज भी कहने लगे, आखिर यह बुजुर्ग खाता क्या है। क्या आप यकीन कर सकते है कि उम्र के आखिरी पड़ाव पर कोई दौड़ना शुरू करें और ऐसा दौड़े कि दुनिया में मशहूर हो जाए। ऐसा ही कर दिखाया है फौजा सिंह ने 105 वर्षीय फौजा सिंह विश्व के जाने माने मैराथन धावक है। 90 वर्ष की उम्र कैटेगेरी में फौजा सिंह ने 2006 में कनाड़ा में हाफ मैराथन दो घंटे 30 मिनट और दो सैकंड के नए रिकार्ड के साथ जीती। यह रिकॉर्ड अभी भी बरकरार है। यही नहीं पिछले नौ सालों में वो करीब दर्जन भर दौड़ जीत चुके है। क्या कहेंगे इसे – उम्र पर विजय, या वाकई करिश्मा या अपार शारीरिक क्षमताओं का अविश्वसनीय विस्तार। उनका जन्म एक अप्रैल 1911 को हुआ था। वे शाकाहारी है।

(2) 108 वर्ष में भी सक्रिय डॉक्टर :– डॉ. वाटसन ने ऑगेस्टा शहर की तीन पीढ़ियों की डिलेवरी कराई है और अभी रोज मरीज देखते है। अमेरिका के ऑगस्ट। शहर में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर वाल्टर वॉटसन इसी फरवरी को अपना 108वां जन्मदिन मनाएगें। वे दुनिया के सबसे उम्रदराज चिकित्सक हैं, जो अभी भी मरीज देखते है। वॉटसन करीब 18 हजार प्रसव करा चुके हैं, जो समूचे ऑगस्टा शहर की 1 लाख 94 हजार आबादी का लगभग 10 प्रतिशत है।

तीन पीढ़ियों में फैले इन 'वॉटसन बेबीज' में 15 से 75 साल की उम्र के पोते, पापा और दादा, अभी शामिल है। उन्होंने 1944 से 1999 तक प्रसव कराए और वे अब भी हॉस्पिटल का राउंड लेते व मरीज देखते है। 77 साल की साबरा एलेन पिछले 60 साल से उनका ट्रीटमेंट ले रही हैं। डॉ. वॉटसन ने साबरा के पांचों बच्चों और 12 पोते–पोतियों की डिलेवरी कराई हैं। वॉटसन की पत्नी ऑड्री याद करती है, 'एक रात हम बास्केटबॉल मैच देख रहे थे। उन्होंने टीमों को देखा और बोले – मैंने इनमें से हर बच्चे की डिलेवरी कराई है।' वॉटसन भले ही 108वां जन्मदिन मनाने वाले हैं, पर निकट भविष्य में रिटायर होने का उनका कोई इरादा नहीं है।

(3) पिचासी का दुल्हा पैंतीस की दुल्हन :– टैक्सास निवासी बारह अरब डॉलर सम्पत्ति के मालिक मीडिया के बेताज बादशाह मुर्डोक ने 85 वर्ष की आयु में अपने से 50 साल छोटी 6 फुट लम्बी 35 वर्षीया सुपर मॉडल जेरी हॉल से विवाह रचाकर इतिहास रच दिया। मुर्डोक के तीन पूर्व पत्नियों से छह बच्चे हैं जबकि हॉल के पहले पूर्व पति से दो बच्चे है। हॉल भी 15 करोड़ डॉलर सम्पत्ति की मालकिन है। मुर्डोक ने पहली पत्नि बूकर से 1956 में शादी की और 1967 में उसे 1.2 अरब डॉलर की सम्पत्ति देकर तलाक दे दिया। उनके 11 साल के सुखद वैवाहिक जीवन में 1 पुत्री पैदा हुई। मुर्डोक ने दूसरा विवाह स्कॉडलैन्ड की पत्रकार अन्ना टोरी से 1967 में ही रचाया जो 1999 में तलाक में बदल गया। इस सुखद वैवाहिक जीवन से मुर्डोक के तीन बच्चे दो लड़के और एक लड़की हुई। टोरी से जन्मे

ोनों पुत्र मुर्डोक को व्यापार में सहयोग देते है। 32 ाल के सुखद वैवाहिक जीवन के बाद 1999 में कार्ड तलाक मुआवजा 1.7 अरब डॉलर देकर र्डोक ने टोरी को छोड़ दिया। उसी वर्ष चीन में हुई मरीकन व्यापारी वेन्डी डेंग से मुर्डोक ने विवाह रचा लया। तीसरी पत्नि से मुर्डोक के दो लड़कियां हुई। हते हैं कि वेन्डी के तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ोनी ब्लेयर से प्रेम प्रसंग था। इसी कारण मुर्डोक ने ल्डी को 64 करोड़ डॉलर की 2013 तलाक ाशि देकर तलाक दे दिया। यह सुखद वैवाहिक ीवन 14 वर्ष रहा इसके बाद जेडी हॉल ने 6 माह क लिव इन रिलेशनशिप में रहकर मुर्डोक ने 12 नवरी 2016 में विवाह रचा लिया। हॉल का प्रथम वाहिक जीवन 15 वर्ष तक मिक जैगर के साथ रहा जससे दो बच्चे हुए। हॉल ने शादी से पहले कहा था क उन्हें बूढ़े आदमी पसन्द है क्योंकि उनके साथ हने में वे बहुत सुन्दर नजर आती है। जब मुर्डोक ौर हॉल विवाह मंडप में आये तो मुर्डोक अपनी गेतर के हाथ में हाथ डालकर उसे चुमता हुआ आया और मंडप तालियों से गूंज रहा था। मुर्डोक और हॉल को सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ।

(4) भारतीय शतायु बुजुर्ग :– भारत के बुजुर्ग भी विदेशियों से कम नहीं है –

(अ) महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के भगवानगढ़ गाँव की दगड़ा बाई सांगले शतायु होने का राज मिट्टी के बर्तनों में खाना खाने को बताती है।

(ब) मध्यप्रदेश में देवास जिले के मेंढ़की गाँव के रहने वाले 109 वर्षीय सिद्धनाथ चौधरी चाय नहीं पीते है और सिर्फ दाल रोटी खाते है। आज भी 6 किलोमीटर पैदल घूमते है।

(स) भावनगर (गुजरात) के रहने वाले 106 वर्षीय प्रेमशंकर भट्ट प्राणायाम और व्यायाम को ही दीर्घ जीवन का राज बताते है। रोजाना एक बादाम, दो काजू और तीन खजूर तथा 1 लीटर दूध का नाश्ता करते है।

(द) उदयपुर (राजस्थान) की कानपुर गाँव की रहने वाली शतायु चौखी बाई डांगी खाने के साथ गुड़ खाने को, खेत में काम करने को और राख से मंजन करने को दीर्घायु का राज बताती है।

❑❑❑

आत्म–सत्य

आत्मा का रूप नहीं है। रूप शरीर का है, उसके बाह्य घर का है। निर्माण में ज्यों चूना, पत्थर, सिमेन्ट, लकड़ी, लौह लगा है वैसे ही शरीर पंच तत्वों से बना है।

बाढ़ आती है। व्यक्ति बाहर निकल जाता है। घर छोड़ देता है। त्योहीं आत्मा शरीर छोड़ बाहर निकल जाती है। उसे कुछ हानि नहीं होती। यह शरीर में किरायेदार बन कर रहती है। उसका सम्बन्ध रहने तक का है। चले जाने पर कोई सम्बन्ध नहीं।

जाति, धर्म और देश सराय के कानून है। नया शरीर, नये नियम, सब नये–नये। वैसा ही ईश्वर और वैसी ही सत्ता। संगत हो तो अच्छे की। क्योंकि कीड़ा भी फूलों की संगत से ईश्वर की मूर्ति पर चढ़ सकता है तो मनुष्य आत्मा तो परिष्कृत है। यह अपने संकल्प से सब कुछ पा सकती है और ईश्वर में भी समाहित हो सकती है।

– शिवानंद

आज का इन्सान


– एम. सी. बाछीवाल

आज के इन्सान को ये क्या हो गया।
इसका पुराना प्यार कहाँ पर खो गया॥
भूल गया सब रिश्ता नाता,
कौन माता कौन है भ्राता।
यौवन की मस्ती में अंधा हो गया।
आज के इन्सान को क्या हो गया॥
गांजा, भांग, चरस, हिरोइन,
इन सब का बन गया ये शोकिन।
होकर नशे में चूर पढ़ना भूल गया॥
आज के इन्सान को क्या हो गया।।
मानव से मानव की हत्या।
महंगा पानी खून है सस्ता॥
मानवता के साथ यह अत्यचार कैसे हो गया।
आज के इन्सान को क्या हो गया॥
लूटती अस्मत बिकती नारी।
पूछो इसकी क्या लाचारी॥
रपट लिखाने कहां है जाना।
बन गया अड्डा पुलिस का थाना॥
रक्षक ही देखो भक्षक हो गया।
आज के इन्सान को क्या हो गया॥
बैठे है सब ज्ञानी ध्यानी।
भूल गए बापू की वाणी॥
सत्य अहिंसा का रूप वत्सल।
आज विकृत हो गया।
आज के इन्सान को क्या हो गया॥

❑❑❑

व्यापारी की सीख

– आनन्दी प्रसाद सेन



एक समय की बात हैं। एक व्यापारी गाँव से तीन सोने की मूर्तियाँ शहर में बेचने हेतु निकला। यह मूर्तियाँ सुन्दर थी। तीनों मूर्तियों की लम्बाई, चौड़ाई व तोल एक सा था। एक दुकानदार ने कहा, भाई क्या बेच रहे हो? उसने कहा – सोने की मूर्तियाँ हैं।


मूर्तियों को देख वह स्तभ! रह गया। मूर्तियाँ अतिसुन्दर थी। दुकानदार ने कहा – इनकी कीमत क्या है? भाई साहब एक मूर्ति की कीमत एक लाख हैं, दूसरी मूर्ति की कीमत दो लाख हैं, तीसरी मूर्ति की कीमत तीन लाख हैं। इन में हीरे जवाहरात जड़े है।

दुकानदार ने कहा – भाया तीनों में फरक क्यों हैं? कारण तीनों मूर्तियों के गुण अलग–अलग है। इसी से कीमत में फरक है। आप स्वयं अपने हाथ से जांच करें, यह लो सूई पहली मूर्ति के कान में डालें, यह तो दूसरे कान में से निकल गई, आप समझे यह कान की कच्ची हैं। दूसरी मूर्ति के आँख में सूई ड़ाले, यह दूसरी आँख से निकल गई, कारण आँख से देखी हुई बात भी झूठी हो सकती हैं। तीसरी मूर्ति के मुँह में सुई ड़ालों, वह निकली नहीं, कारण यह बात को पचा लेती हैं। जो बात पेट में पचा सकता हैं वही गुणी हैं। इसलिए इसकी कीमत तीन लाख रुपये है। जो सबसे ज्यादा गुणी हैं। दुकानदार को व्यापारी की बात तुरंत समझ में आ गयी।

❑❑❑

जीवन ज्योति

- डॉ. कैलाश चन्द्र त्रिपाठी



नारी जीवन की ज्योति है,
प्राणो का सम्बल है।
नारी शौर्य साहस शक्ति स्वरूपा है,
वह मानव जीवन का सुदृढ़ सम्बल है॥
सृष्टि पालन पलयार्थ अवतरित,
होता है जब यह परम पुरुष।
शरीर धारण करते ये भयदेव,
तज्जनित शक्ति भी होती है अवतरित॥
समग्र विश्व संचालनार्थ होती है, सहायिका,
सरस्वती लक्ष्मी पार्वती क्रमशः बनती पालिका।
अस्तु स्वरूप भय में बन्धन किया है नारी को,
एतदर्थ भारतीय दर्शन में बाँधे रखा पूर्ण संस्कृति को॥
क्यों उत्पन्न किया है देवों ने,
शक्ति पुंज इस महाशक्ति को।
देव शक्ति क्यों न सशक्त देवरूप हो,
अवतरित हुई इस भूमण्डल पर॥
क्यों अवतारण किया है स्त्री रूप में,
नतमस्तक क्यों होते सब देव।
शक्ति देती है नारी सदैव पुरुष को,
पत्नी रूप में समर्पित होकर॥
स्वतन्त्रता जन्मसिद्ध अधिकार हमारा,
कहलाया प्रेरणा पुंज बनकर।
निर्वासित जीवन जीया है,
फिर भी सतत मनोबल बढ़ाया है॥
लक्ष्मण और सिद्धार्थ ने वन में उनसे अटूट बल पाया है।
नारी शक्ति स्वरूपा है, नारी जीवन की ज्योति है॥
दया करुणा ममत्व-वात्सल्य की साकार मूर्ति है।
गंगा-यमुना-सरस्वती का पावन तट हृदय है उसका॥
पावन मृदुमुस्कान से प्रक्षालित अन्तःकरण जिसका।
नारी जीवन ज्योति है, नारी शक्ति स्वरूपा है॥

❑❑❑

नाके वाला हलवाई

– रामदेव कुँबाड़ा



इसका हलवा मजेदार है।
खाने में आती बहार है।
और निकला बेशुमार है।
दौलत इसमें खूब कमाई॥ यह नाके ...

कहता है, जो इसको खायेगा।
पढ़कर फैल न हो पायेगा।
सौ में से सौ नम्बर लायेगा।
रत्तीभर न होगी पिटाई॥ यह नाके ...


पहलवान इसे खाता है।
खा कर ही कुश्ती लडता है।
दूर–दूर तक यह जाता है।
भाव नगर, भोपाल, भिलाई॥ यह नाके ...

एक बार यह अकड़ गया था।
अहंकार में झगड़ गया था।
नकली घी में पकड़ गया था।
कुछ ले–देकर जान छुड़ाई।। यह नाके..

❑❑❑

गुणकारी नींबू पानी

– **हरि प्रकाश शर्मा**



नींबू पानी बहुत गुणकारी है। इसमें विभिन्न विटामिन्स व मिनरल्स का खजाना है। इसमें पानी, प्रोटीन, कारबोहाइड्रेट्स और शर्करा मौजूद होती है। यह विटामिन 'सी' का स्रोत है। इसमें विभिन्नि विटामिन्स जैसे विटामिन, रिबो–फ्लोविन, नियासिन, विटामिन 'बी–6', फोलेट और विटामिन 'ई' की थोड़ी मात्रा मौजूद रहती है।

जिन्हें नींबू से एलर्जी है वे सर्तकता बरते अन्यथा यह खराब गले, कब्ज, किडनी स्टोन और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुँचाता है। ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए बेहतर होता है। पाचन क्रिया वजन सन्तुलित करने और कई तरह के केन्सर से बचाव करने में नींबू पानी सहायक है। इसमें कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम, पौटेशियम और जिंक पाये जाते है।

किडनी स्टोन – नींबू पानी का महत्त्वपूर्ण फायदा है, किडनी स्टोन में राहत पहुँचाना। यह किडनी स्टोन को शरीर से बिना किसी परेशानी के निकाल देता है। लेकिन कुछ अपवादों में यह यूरिन फ्लो को ब्लॉक कर देता है, जो अत्यधिक पीड़ा का कारण

बनता है। नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरिन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।

डायबिटीज का साथी – हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प है नींबू पानी। खासतौर पर जो डायबिटिक है या वजन कम करना चाहते है। यह शुगर को गंभीर स्तर तक पहुँचाये बिना शरीर को हाईड्रेट व ऐनर्जाइज करता है।

पाचन क्रिया में सहायक – नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है, जो पाचन के लिए आवश्यक है। साथ ही यह ऐसिडिटी और गठिया के खतरे को भी कम करता है। जो लोग आमतौर पर पाचन सम्बन्धी समस्याओं जैसे एबडामिनल क्रेम्प्स, जलने और गैस की समस्या आदि से परेशान होते है, इन्हें नियमित रूप से नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।


कॉस्टीपेशन – नींबू पानी कांस्टीपेशन की शिकायत से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए रामबाण है। प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिये और पूरे दिन कॉस्टीपेशन की समस्या से दूर रहे।

इम्यून सिस्टम – नींबू पानी बायो फ्लेवोनॉयड, विटामिन 'सी' और फाइटोन्यूट्रियंय्स का बेहतर स्रोत है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। इसमें आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स के कारण यह शरीर के एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

❑❑❑

चिड़िया का सितार

– तानसिंह शेखावत



चिड़िया फिर चली आई है आंगन में,
पिता प्यार से बिखेर देते, अनाज इंतजार करने लगते चिड़िया के आने का।
थोड़ी देर में चली आती चिड़िया चुगने लगती दानें।
उस दिन भी नहीं भूली थी आना, घर में आई थी जब एक नन्हीं प्यारी चिड़िया, खुशियों का सितार लिए।
एक जैसी दिखती थी दोनों चिड़िया की आंखें। जानना चाहते है राग के बारे में, कल जब फोन आया।
संगिनी को तो तब पता चला, एक चिड़िया रोज चली आती है भर दोपहर सितार सुनने।
चिड़िया के बस में नहीं रहेगा, अब खबर लाना।
कैसे जा पाएगी अब चिड़िया, इतनी ताकत नहीं पंखों में, लम्बी दूरी सात समन्दर का फासला।
हमारी यह नाजुक देसी चिड़िया।
उम्मीद के कुछ परिंदे देशांतर से अभी भी आते हैं पर्यटन करने।
संगिनी बजाएगी सितार कर लेगी किसी विलायती चिड़िया से नई दोस्ती।
कहीं की भी क्यों न हो, चिड़िया तो बस चिड़िया होती है।
सबको डालते रहेंगे दाना करते रहेंगे चिड़िया के आने का इंतजार।
जब आएगा कोई दिसावर पक्षी, पूछेगें उससे कि कैसा बजा रही है बिटिया वहाँ सितार।

❑❑❑

जीवन का लक्ष्य

- नाथूलाल जैन



संसार में जन्म, जरा, रोग और मृत्यु का दुःख ही सबसे बड़ा दुःख होता है। इस चतुर्गति संसार में मनुष्य गति को प्राप्त करना अत्यन्त दुर्लभ है और मनुष्य गति प्राप्त होने पर जीवन का लक्ष्य यही होता है कि किसी भी प्रकार से इस जन्म–मरण के दुःख से छुटकारा हो जाये। लेकिन विडम्बना है कि भौतिकवाद की चकाचौंध एवं उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित आज का मनुष्य अपने लक्ष्य से भटक रहा है और पैसे को ही परमेश्वर समझ रहा है। जैसे परमेश्वर की आराधना करते समय किसी का लिहाज नहीं रखा जाता, न तो वह अपने परिवार की परवाह करता है और नहीं अपने शरीर की।

इसी प्रकार धन की आराधना करने वाले लोग संसार की तो क्या अपने सगे से सगे सम्बन्धियों की भी परवाह नहीं करते। धनार्जन करते समय अपने शरीर की भी सुध–बुध उनको नहीं होती। वे यही सोचा करते हैं कि क्या रखा है सगे–सम्बन्धियों में, पैसा होगा तो काम आयेगा, सगे–सम्बन्धी भी पैसे के यार हैं। बिना धन के मनुष्य को कौन पूछता है। अपने जीवन को बड़े से बड़े खतरे में डालकर वे धनार्जन किया करते हैं। बस, पास मैं पैसा होना चाहिए यही उनके जीवन का लक्ष्य होता है।

''पास में होगा नाणा तो परणीजेगा बींद काणा''
''पास हो वेगा रोकड़ा तो परणीज जावेगा डोकरा''
''नहीं तो मुँह देखता रेवेजा छोकरा''

और भी :–

''रूपचन्द जी होवे पल्ले, चारों दिशाओं में उणरी चल्ले''
''कने होवे चन्दगी, तो लोग बजावे बंदगी''


इन लोकोक्तियों में पैसे का कितना महत्त्व प्रकट किया गया है, आप स्वयं विचार सकते हैं। लेकिन ज्ञानी पुरुषों का कथन है कि यह जीव चार गति, चौबीस दण्डक, चौरासी लाख योनियों में अनन्तकाल से भ्रमण कर रहा है और उत्कृष्ट पुण्यार्जन होने पर जीव को यह अन्त्यन्त दुर्गम मनुष्य गति प्राप्त होती है। जीव को चारों गतियों में सबसे कम समय के लिए ही यह मनुष्य गति प्राप्त होती है और यही वह गति है जहाँ मनुष्य अपने सद्पुरुषार्थ द्वारा हमेशा–हमेशा के लिए जन्म–मरण के चक्कर से छुटकारा पा सकता है। लेकिन बिरले ही हैं वो लोग जो इस सच्चाई को समझ पाते हैं तथा मिथ्यात्व से परे सम्यग्दृष्टि को प्राप्त करते हुए अपने सद्पुरुषार्थ से जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होते हैं।

अधिक से अधिक मनुष्य अपने सद्विवेक एवं सद्पुरुषार्थ द्वारा अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें, इसी मंगल भावना और मनीषा के साथ –

❑❑❑

क्रोधित हुए पक्षी यह सुन.. बोले


- कल्याण राय शर्मा



हे मनु की संतान,
नहीं हो तुम कर्म मे इंसान।
हम न लौटते अपने–अपने वतन,
यह है तेरा संकीर्ण चिन्तन॥
सारी धरती और विस्तृत गगन,
हमारा है प्यारा वतन।
हमारी चाहत है मौसम का अनुकूलन,
यही कारण करते आवागमन॥
सरहदें तुम बनाते–मिटाते,
लड़ते –झगड़ते लहू बहाते।
'रब' की है सारी धरती और गगन,
तोड़ो सरहदों का झूठा बन्धन।
समझो बसन्त का सुन्दर दर्शन॥ ❑❑❑

सत्कर्म शक्ति देना

- धर्मीचन्द जैन




भगवन् सदा ही मुझको, सत्कर्म शक्ति देना।
मन में तुम्हें बसा लूं, यही भक्ति रुप देना।।
सत्कर्म शक्ति देना।
बाहरी चमक दमक से भटका कहीं न जाऊँ,
पाखण्ड से कभी भी जीवन में बँध न पाऊँ, जीवन में......
हे ईश मेरी विनती, शुचिता की भक्ति देना।।
सत्कर्म शक्ति देना।
वाणीी भी वश हो मेरे आँखें भी वश हो मेरे,
रस इन्द्रियाँ भी वश हो संसार चाहे घेरे, संसार चाहे.......
तन मन हो वश में मेरे, ऐसी प्रवृति देना।।
सत्कर्म शक्ति देना।
संसार सुख तो केवल जल बुलबुला हो जैसे,
यह तो सदा क्षणिक है मधु स्वप्न झूठा जैसे, मधु स्वप्न....
जीवन में मेरे प्रभु तुम, संयम को शक्ति देना।।
सत्कर्म शक्ति देना।
कर्मों की गति से मैंने जन्मों से कष्ट पाया,
दुःख श्रंखला से अब तक क्यों मुक्त होन पाया, क्यों मुक्त......
मुक्ति के हेतु अब तो, शुभ कर्म वृति देना।।
सत्कर्म शक्ति देना।

❑❑❑

मातृ–प्रबोधन

– ओम प्रकाश भारद्वाज



राजा भोज और कालिदास एक जंगल में रास्ता भटक गए । उनको एक बूढ़ी औरत दिखी जो एक खेत में काम कर रही थी। राजा भोज ने उस औरत से पूछा माँ यह रास्ता किधर जाता है? माँ ने देखा दोनो पढ़े–लिखे और समझदार – राजा, दूसरा विद्धान। लेकिन शिष्टाचार भूल हैं। अपरिचित को भी प्रणाम करना चाहिये, ये तो सीधा सवाल कर रहे हैं। बूढ़ी माँ पहले मुस्कराई, कहने लगी–बेटा रास्ता तो यहीं रहता है, जाने वाले मुसाफिर ही आया–जाया करते है। आप बताओं, किधर जाना चाहते हो? उसकी बात सुनते ही दोनो सकपकाए, मुँह से निकला – मुसाफिर है।

बूढ़ी माँ ने टोक कर कहा – बेटा! झूठ बोलते हो, मुसाफिर तो दुनियाँ में दो ही है। एक चन्द्रमा और दूसरा सूरज। वे चलते रहते है इसलिये मुसाफिर है। तुम्हारी यात्रा तो रूकी है, तुम मुसाफिर कैसे हुये?

बताओ कौन हो?

राजा भोज कहने लगे – हम राजा हैं।

बूढ़ी माँ ने कहा – गलत, राजा तो दो ही हैं – आत्मा और परमात्मा। परमात्मा इसलिये कि उस का राज संसार में दिखाई देता है, और आत्मा इसलिये है कि उसका राज शरीर में दिखाई देता है। तुम्हारा राज तो कहीं दिखाई नहीं देता।

अब, दोनो ही घबराये दोनो कहने लगे –''हम गरीब है''।

बूढ़ी माँ ने कहा – गरीब दो ही होते हैं। एक बकरी, जिसके सामने उसके बच्चों को कसाई ले जाकर काट देता हैं। वह कुछ बोल नहीं पाती, दूसरी वह विधवा, जिसका बच्चा सख्त बीमार, तड़प रहा हो। और माँ के आँसू बह रहे हों।


दोनों सोचने लगे कि हम अपने को ज्ञानी समझते हैं। यहाँ तो एक घसियारन (घास काटने वाली) बूढ़िया ने ऐसे प्रश्न पूछ डाले जिनका उत्तर नहीं दिया जा रहा है। अब तो राजा भोज और कालीदास दोनों हाथ ज़ोड़ कर बोले – ''नहीं पता माँ''? हम कौन है? जंगल में भटक कर यहाँ कैसे आ गये है?

बूढ़ी माँ कहने लगी – देखो बेटा! जब तक दुनियां में इन्सान जीवित है, तब तक उसके ज्ञान की यात्रा चलती रहनी चाहिये। मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिये। अपनी परम्परा, शिष्टाचार और स्वार्थ में कभी नहीं आनी चाहिये । मैं जानती हूँ कि आप राजा भोज और तुम्हारा यह मंत्री कालीदास है। और आप लोग रास्ता भटक गये हो। अब आप दोनों इसी रास्ते से जाओ यह रास्ता आपको पहुँचा देगा। दोनों उसके प्रबोधन से मत्रंमुगध हो राज्य को चल दिये।

❑❑❑

जीवन की सत्यता

– ओम प्रकाश सोगानी



माँ बाप होने के नाते अपने बच्चों को खूब पढ़ाना–लिखना। उन्हें संस्कार देना। अन्यथा कल तुम्हे ही संस्कार के अभाव में ना लायक समझनें लगेंगे। यह बात मैं इस लिए कह रहा हूँ कि कुछ लोग यह भूल कर चुके हैं।

आप माँ–बाप है, बेटे के विवाह के बारे में सोच रहे हैं तो सुझाव है कि आप बहू लाना। वह संस्कार ले कर आयेगी। और बहुरानी तो 'कार' लेकर आयेगी। वह अपनी सरकार चलायेगी। संस्कारी बहू बुलाने पर चली आयेगी। वह जीवन को स्वर्ग बना देगी। और बहुरानी तुम्हें जीते जी स्वर्गीय बना देगी।

माँ बाप की आखों में दो बार ही आंसू आते हैं। एक तो लड़की घर छोड़ें तब और दूसरा लड़का मुंह मोड़े तब। पत्नी पसंद से मिल सकती है मगर माँ तो पुण्य से ही मिलती है। पुण्य से मिलने वाली माँ को मत ठुकरा देना। जब तू छोटा था माँ की शय्या गीली करता था। बड़ा होकर माँ की आँखे गीली मत रखना। माता–पिता ने फर्ज निभाया अब अतिम सांस तक तू उनके पास रहकर अपना फर्ज निभाना।

उनसे बोल चाल बंद मत करना । क्योंकि बोलचाल के बंद होते ही सुलह के सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं। गुस्सा बुरा नहीं किन्तु जो वैर पाल लेत है वह बुरा है। गुस्सा तो बच्चें भी करते है। वे वैर नहीं पालते। वे लड़ते–झगडते भी हैं और एक क्षण बा पुनः एक हो जाते हैं। अच्छा हो कि हर कोई बच्चे ऐसा ही रहे।

❑❑❑

रावण मरा नही

– देवेन्द्र कुमार शुक्ला



चिंगारी छुपी है द्वेष की मन में,
आग लगी है क्रोध की तन में।
शान्ति का जल गर दिल में भरा नहीं,
यह समझ लो रावण अभी मरा नही।

है आस दिल में मान शान की,
कद्र नही आज अच्छे इन्सान की।
खुदा से गर तू अब भी डरा नही,
यह समझ लो रावण अभी मरा नही।

बैठा है इच्छा रुपी अश्व पर अभी,
मिटी नही कामनाएँ अब तक सभी।
इच्छा मुक्त यदि खुद को किया नहीं,
यह समझ लो रावण अभी मरा नही।

समझता है तू खुद को बाबा पर फिदा,
फिर कहता है माया से होऊ कैसे जुदा।
ज्ञान धन से खुद को अभी भरा नहीं,
यह समझ लो रावण अभी मरा नही।

बडे शान से सुनता भगवान की वाणी,
देह अभिमान न छोड़ने की है ठानी।
ग्लानि का मटका अभी भरा नही,
यह समझ लो रावण अभी मरा नही।

❑❑❑

आत्म बोध

– डॉ. तेजसिंह कछवाहा 'भ्रमर'



तीखे नयन नक्श में भव शोभा का अंजन,
कुषुम कयनीय कनकलता सी चंचल केश कस्तूरी।
चन्द्र बदन नख शिख सुन्दर ग्रीवा, उभरे वक्ष डूँगरी,
ाब पंखुड़ी होठों पर स्फुटित, घुलती मिश्री के नर्तन।
कको ये दुर्भल घट जल, तृप्त तोष कर लेने दो।
वन देह विद्युत गर्जन, नाभिकटि अलौकिक सृजन,
द्र धनुषीय मोर पंख सी, नव खंजन कौमल पग,
सूर्य चन्द्रमा आच्छादित, पावस रितु का परिवर्तन,
छप्पन व्यंजन के रस सम, देव दुर्लभ रति काम देवकी,
रुप सुंधा की प्याली मुझको छक छक कर पी लेने दो।
देव दुन्धयि सी पायल की रुनझुन, मलियागिरी चन्दन की खुशबू सम,
छत्ते के मधु की डाली के से मीठे फल, मधु कस्तुरी सी भीनी निर्भर आत्म बोध।
मुझको इस क्षण भंगुर जीवन में, अनहद नाद आत्मसात कर लेने दो।।

❑❑❑

शुभ सोच से विकास

- अन्जू अग्रवाल



वर्ष में ऐसे दिन भी आते है, जब हम एक दूसरे के लिए शुभ और मगंल कामना करते हैं। यह मानव के कल्याण और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंत्र है। इसे समझना बहुत जरूरी है । हर व्यक्ति जीवन में शुभ और मंगल चाहता है। इसके लिए वह कुछ भी दांव पर लगाने के लिए तैयार हो जाता है। किंतु यह भी सच है कि शुभ मंगल की आकंाक्षा के साथ शत्रु के अनिष्ट की इच्छा भी करता है ।

शुभ–मंगल की तरह किसी का अशुभ भी प्रसन्नता देता है । इसे दुर्बलता मानना चाहिए। ऐसी सोच से वह अपनी प्रसन्नता भी गवां बैठता है ।

इस सोच का परिणाम गहरा होता है वह दूसरे के नुकसान और कष्ट में अपना सुख देखने लगता है। उसे पड़ौसी की यातनाएं आनन्द देने लगती हैं। खुद को जितना कुछ मिले, उससे संतोष नहीं ,पड़ौसी को उससे कम मिले, तो अपार सुख मिलता है। सहयोग से पड़ोसी को उससे ज्यादा मिल गया, तो सारा सुख हवा हो जाता है । उस स्थिति में विपरीत पुरूषार्थ का उपक्रम शुरू हो जाता है। अपनी एक ऑख फूट जाए किन्तु पडौसी की दोनो आखं फूटे वाला प्रयत्न हो जाता है । यह एक सामान्य आदमी के चित्त की अवस्था है। वह सारा शुभ और मंगल स्वयं ही लेना चाहता है।

मनीषियों ने इस दुर्बलता को मिटाने का एक मनोवैज्ञानिक उपाय खोजा कि विशिष्ट पर्वो पर वह औरों का शुभ चाहें और मंगल कामना करें। उनमें हमारा नया वर्ष भी शामिल है ।

सभी उदार भाव से नवीन वर्ष के लिए शुभ मंगलमय कामना करे तो संकीर्णता नष्ट होगी और चित्त को व्यापक विस्तार मिलेगा । यह भाव भीतर के स्वार्थ को कम करता है। इस भ्रम को तोड़ता है किऔरों का सुख हमारा सुख नहीं । इस सोच को भी खत्म करेगा कि अपने कल्याण से ही हमारा जीवन मंगलमय नहीं होता। शुभ और मंगल अविभाज्य है, विराट है, जो अपने चित्त को जितना व्यापक बनाता है उसका शुभ और मंगल भी उतना ही व्यापक होता चला जाता है । जिस क्षण हम किसी के प्रति अच्छी कामना करते है, हम पूरी दुनिया में कायम शुभ और मंगल के भाव के साथ जुड़ जाते हैं।

❑❑❑

हाय रे बुढ़ापा

- श्रीमती सुमन गोयल



बुढ़ापा आछो आयो रे बेरी पावणा...
बुढ़ापा कोई लेव तो तन बेचदयू..
थारी कोड़ी लेऊँ न छदाम।।
बुढ़ापा आछो.............
बुढ़ापा छम छम करती मैं तो चालती
अब लकड़ी सू चाल्यो न जाये।।
बुढ़ापा आछो.............
बुढ़ापा गादी तकिया म महला सोवती,
अब गुदड़ी पर सोयो न जाय।।
बुढ़ापा आछो.............
बुढ़ापा ताता भोजन मै तो जीमती,
अब ढंडो बासी खायो न जाय।।
बुढ़ापा आछो.............
बुढ़ापा बहुआ तो छोड़यो म्हारो कायदो,
म्हारा बेटा छोड़या ब्याकी लार।।
बुढ़ापा आछो.............
बुढ़ापा पोता तो धक्का देवता,
म्हारा दोहता म्हारी नकल काढ़े।।
बुढ़ापा आछो...........

❑❑❑

दौलत वालो देख के चलो

- सुरेन्द्रा कुमारी



दौलत वालों नीचे देख के चलो
निर्धन को तूने सताया
मजदूरों को तूने रुलाया
तब तूने यह धन कमाया
धन वालो नीचे देख के चलो
भ्रष्टाचार तूने फैलाया,
लावट का तूने डंका बजाया,
गों को तूने बढ़ाया,
तूने यह धन कमाया।
धन वालों नीचे देख के चलो।
री को तूने सताया,
ाओं में नशा बढ़ाया,
को तूने डुबोया,
तूने यह धन कमाया,
धन वालो नीचे देख के चलो।
बंगला आलीशान बनाया,
मखमल का कालीन बिछाया,
पर तू उसमें रह न पाया,
दौलत वालों नीचे देख के चलो।
रोगों ने तूझे छकाया,
वेन्टीलेटर पर तूझे लिटाया
बेबस लाचार तूने पाया,
दौलत वालों नीचे देख के चलो।
चार जनों ने तूझे उठाया,
मरघट पर तूझे पहुंचाया
बंगला कार तेरे काम न आया,
धन वालो नीचे देख के चलो।

❑❑❑

मेरी बहना

- विशम्बर



कैसा सुन्दर दिन आज आया है।
बहना का प्यार राखी बन कर आया है।।
बहना के आने से दुनिया सुन्दर दिखती है।
जमाने में सबसे सुन्दर मेरी बहना दिखती है।।
बहना की अच्छी सेहत की दुआ करता हूँ।
दूर रहे सदा दुख दर्द यही प्रभू से कामना करता हूँ।।
बहना, कवर साहब तेरे सुख दुख के साथी हैं।
हम दूर ही सही पर तेरे हर दुख दर्द के भागी है।।
बहना तेरा घर सदा आबाद रहे सलामत रहे।
घर आंगन सदा खुशियों से महकता रहे।।
बहना तेरे आने से घर में खुशी आती है।
और तेरी दुआ से सोई किस्मत जाग जाती है।।
अच्छी किस्मत वालों की बहना होती है।
जिसको बहना नहीं उनसे पूछो बहना क्या होती है।।

❑❑❑

मुक्तक

- राज कुमार जैन



जब कोई चिड़िया रेत में नहाती है,
आकाश को हंसी और धरती को शर्म आती है।
कभी कभी करती है कुदरत भी मजाक
सावन में आँधी और फागुन में बहार आती है।।

क्षितिज का पश्चिमी छोर था,
मुख बादलो की ओर था।
बरसती हुई चाँदनी को,
पी रहा चकोर था।
सारी रात हम जिसे परियों का नाच समझते रहे,
वह कुछ और नहीं सिर्फ बिजलियों का शोर था।।

हर लहर कश्ती को डुबोती नहीं,
पार उतारती है,
मुसीबतें ही जीवन को स्वर्ण सा निखारती है,
घबरा जाते हैं हम सामने कयामत को देख कर,
मौत नहीं अकसर हमें जिन्दगी ही मारती है।।

❑❑❑

रंगों के गुण और धर्म

- राजेन्द्र श्रीवास्तव



लाल	–	प्रेम भावना का प्रतीक है।
नीला	–	सत्य तथा आशा का प्रतीक है।
पीला	–	बुद्धि का प्रतीक है।
सफेद	–	सत्ता, शुद्धता एवं स्वच्छता का प्रतीक है।
हरा	–	आशा एवं समृद्धि का प्रतीक है।
परपल	–	यश और प्रसिद्धि का प्रतीक है।
जामुनी	–	श्रद्धा और नम्रता का प्रतीक है।
गुलाबी	–	दया का प्रतीक है।
काला	–	अंधेरा एवं तिरस्कार का प्रतीक है।
ग्रे	–	दुःख तथा डर का प्रतीक है।
अल्ट्रा व्हायलेट	–	कार्य क्षमता का प्रतीक है।

❑❑❑

एक अभिव्यक्ति

स्व. श्रीमती शीला सक्सेना

– उनकी अपनी दीदी मोन्दीरा दत्ता



श्रीमति शीला सक्सेना समाज सेवा में रत एक महान व्यक्तित्व थी। वे निःस्वार्थ कर्मठ, जुझारू, स्नेहमयी सेवाभावी व मिलन सार व्यक्तित्व की धनी थी। इन्होंने तन, मन व धन से अजमेर वरिष्ठ नागरिक संस्था, ाहाई समाज, विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी तथा कायस्थ समाज आदि में सदस्यता ग्रहण कर बढ़चढ़ कर इन सभी की खूब सेवा की। वे वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष ाद पर कई वर्षों तक आसीन रहीं। इन्होंने इस संस्था में विभिन्न प्रकार के कार्य के साथ–साथ हर प्रकार से सहायता कार्य भी किये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष रूप से उच्चता प्रदान करके उनमें चार चाँद लगा देती थी। आज इस संस्था में जो भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है, उन नबका श्रेय इन्हीं को जाता है। इस संस्था को ऊँचाईयाँ ादान करने में इनका विशेष योगदान रहा। ह्दय को छू नेने वाली उनकी सुरीली व सुमधुर आवाज, उनकी खनकती ुई हंसी और मुस्कान अविस्मरणीय है।

वे स्वरचित गीतों व कविताओं की भी माहिर थीं। जेनका प्रयोग वे अधिकतर मंच संचालन के समय बड़ी ी कुशलता से करती थी। इनके द्वारा की गई मंच संचालन की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। मंच संचालन में इनकी कमी सदा खलती रहेगी।

कैंसर के क्रूर हाथों में भी साहस का परिचय दिया। वे झुझाँरू थी। सभी को मृत्यु तो एक दिन आनी है वे जिंदादिली से जी और मृत्यु पर सभी को रूला गयी। इनका अभाव हमारे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। हम इन्हे नहीं भूल पायेंगे, इनका अभाव सर्वदा हमारे दिलों में रहेगा।


अजमेर में हुए पंचम राज्य स्तरीय सम्मेलन में स्वयं का स्वास्थ्य नरम होने के बावजूद 17 पुरुष व महिला टीम को तैयार करके आदिवासी सामूहिक नृत्य जो जवाहर रंगमंच पर प्रस्तुत किया जिसे पूरे राज्य के प्रतिनिधीयों ने देखा व सराहा उसे कभी विस्मृत नही किया जा सकता। उसकी सी.डी. देखकर तो ऐसा लगता है कि मानो हम से कह रही हो कि मेरी यह कृति SENCIT अजमेर को अविस्मरणीय कृति भेंट स्वरूप स्वीकार हो। आप अपने लोगों के मध्य सदैव ह्दय के पास रहते हुए अविस्मरणीय रहेगी। अब भी आपको वाह शीला के सम्बोधन से याद किया जाता रहेगा।

मैं सीनियर सिटीजन संस्था की ओर से उनकी महान् आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करूँगी कि उन्हें परम् स्थान प्राप्त हो व उनके परिवार जनों को असीम शान्ति देवें। यहीं हमारे लिए उन्हें एक सच्ची श्रंद्धाजलि होगी।

❑❑❑

मन की बात– यह घटना : महिला हैल्प लाइन को समर्पित

– श्रीमती पुष्पा क्षेत्रपाल



18 जनवरी, 2016 को 'जेएलएन (JLN)' अस्पताल अजमेर में मैंने अपने पति को भर्ती करवाया। रात्रि ड्यूटी कंपाउंडर कम जेलर जैसा सख्त आदेश – नींद खराब न करें। वाह रे ! सरकार सोने की गार 25–30 हजार रुपये प्रतिमाह।

20 जनवरी की सर्द रात 12.00 बजे, पति के हाथ का cellular निकल गया। जिसमें तीन इंजेक्शन लगने थे। कंपाउंडर ने दुबारा लगाने से मना कर दिया। रात 12.30 पति बेचैन, मरने के कगार पर, कंपाउंडर से निवेदन किया डॉ. को बुलाये या I.C.U में भेजे। ह्दय विहीन कंपाउंडर ने मना कर दिया।

रात 1.15 निराश परेशान बेचैन, मैं और मेरे पति मौत को सामने देख रहे थे। अस्पताल में उपचार

को तड़प रहे थे। लगा अब प्राण निकले। अचानक ईश्वर में अपने दूत की याद दिलायी। मैंने तुरंत महिला Help line No. +918764853800 को What's app. पर SMS किया। मौत के कगार पर खड़े पति का फोटो भेजा, अपनी परेशानी बतायी। उन्होंने तुरंत पुलिस हैल्प भिजवायी। अचानक मेरे पति को V.I.P. Treatment मिलना शुरू हो गया। उन्हें तुरंत I.C.U. में Shift किया। अच्छा उपचार मिलना शुरू हुआ स्थिति सुधरने लगी। उनका पुनर्जन्म हुआ उसका श्रेय महिला हैल्पलाइन को जाता है। कोटि–कोटि धन्यवाद। महिला हेल्प लाइन।

JLN Dr. टीम भी बधाई की पात्र। Special thanks to Dr. Anil Samaria ji जो मानवता की सेवा सच्चे मन व लग्न से करते हैं।

एक ही उल्लू काफी है बर्बाद गुलिस्ता करने को।
हर शाख पे उल्लू बैठे हो तो, अंज़ामें गुलिस्ता क्या होगा।

अस्पताल में डी ग्रेड जो काम कम व चाय–पानी ज्यादा मांगते है उस व्यवस्था में सुधार हो तो मोदी जी का Make India - clean & green India सपनां साकार होना चाहिए।

जिस तरह रेल मंत्री प्रभुजी का Help line No. है। उसी तरह अजमेर के M.L.A.- M.P. का भी Help line No. हो तो शहर के सामान्य व्यक्ति की समस्या का समाधान हो सकता है। ❑❑❑

वास्तु सूत्र

– श्रीमती स्नेहलता शर्मा



– मुख्य द्वार पर कुड़ा दान ना रखें।
पडौसी शत्रु हो जाते हैं।

– सूर्य अस्त के समय किसी को भी। दूध, दही और प्याज मागंने पर ना दें, घर की बरकत जाती हैं।

– घर की छत पर कभी भी अनाज या बिस्तर ना धोये = सुखा सकते हैं।
ससुराल सम्बध खराब होते है।

– फल खूब खाओ अच्छें है लेकिन इनके छिलके कूड़े दान में ना डाले बल्कि बाहर फेंके। :–
इससे मित्रों से लाभ होता है।

– महिने में एक बार किसी भी दिन घर में मिश्री युक्त खीर बना कर परिवार सहित खायें।
महालक्ष्मी की कृपा मिलती है।

– माह में एक बार ऑफिस में कुछ मिष्ठान जरूर ले जावें अपने साथियों और अधीनस्थ के साथ मिल कर खायें।
धन लाभ होगा।

– रात्रि में सोने से पहले रसोई में बाल्टीभर कर रखें।
इससे कर्ज से मुक्ति मिलती है।

– बाथरूम में बाल्टी भरकर रखें।
उन्नति के मार्ग में बाधा नहीं आयेगी।

– बुधवार के दिन हरी वस्तु खाये पीली वस्तु बिल्कुल ना खायें और गुरूवार के दिन कोई भी पीली वस्तु अवश्य खाये और हरी वस्तु नहीं खायें।
इससे सुखः समृद्धि बढ़ेगी।

– रात्रि को सारे बर्तन झूठे ना रखें इन्हें पानी में निकाल कर रख सकते हैं।
हानि से बचेगें

– कभी भी यात्रा में पूरा परिवार एक साथ घर से ना निकले – आगे पीछे जाये।
यश में वृद्धि होती है।

– घर में कभी भी झाडू को खड़ा न रखें, पैर ना लगाये ना उसके ऊपर से गुजरे, झाडू को छुपा के रखें।
बरकत में कमी आती है।

– बिस्तर पर बैठकर खाना ना खायें।
ऐसा करने पर धन हानि और घर में अशान्ति होती है।

– घर में जूते चप्पल इधर–उधर बिखेर कर या उल्टे सीधे ना रखें।
घर में अशान्ति उत्पन्न होती है।

– पहली रोटी गाय के लिये निकाले।
इससे देवता प्रसन्न व पितृरों की शान्ति होती है।

❑❑❑

गीता सार


- श्रीमती प्रेम शर्मा

कृष्ण जी के मुंख से गीता निकली,
किण किण रे मन भाई ओ राम।
ारो मन लाग्यो गीता में।
अर्जुन जी ने भाई व माता कुन्ती ने भाई।
रण हाँकण हरि आया ओ राम। मारो मन......
कहे कृष्णजी सुणो सखा अर्जुन,
अजर अमर है आत्मा ओ राम। मारो मन......
इन काया ने अस्त्र नहीं काटे,
इन काया ने शस्त्र नहीं काटे,
नहीं कोई आग जलावेओ राम। मारो मन......
नही कोई नीर भिगाव ओ राम,
नही कोई पवन उड़ावे ओ राम,
झूठी रे काया, झूठी रे माया,
झूठा सब संसार ओ राम। मारो मन......
. पहलो अध्याय सुर–नर पढ़ियो।
आत्मा में ज्योत जगाई ओ राम। मारो मन ......
2. दुसरो अध्याय ज्ञानी गुरूजी पढ़ियो,
आसन बैठवो सिखायो ओ राम। मारो मन ......
3. तीसरो अध्याय त्रिलोकी मारो सावरों,
त्रिभुवन रूप दिखायो राम। मारो मन ......
. चौथा अध्याय चतुर्भुज सांवरो चतुर्भुज,
रूप दिखायो ओ राम। मारो मन ......
. पाँचवा अध्याय पंच तत्व समझावे,
काम, क्रोध, मद–लोभ मिटावे। मारो मन ......
. छटो अध्याय छबीलो मारो साँवरो,
छेल छबीलो केक्यो ओ राम। मारो मन ......
. सातवो अध्याय सब सत्य बतावे,
झूठ कपट सब छोड़ो ओ राम। मारो मन ......
. आठवो अध्याय अष्ठहोतर माला फेरो,
कट जाय जीव का जंजाल ओ राम। मारो मन ..
/10. नवमो अध्याय नर नारायण दशवाँ में
खुलग्या दरवाजा ओ राम। मारो मन ......
1. ग्याहरवा अध्याय विराट रूप धरियो,
अर्जुन का भरम मिटायो ओ राम। मारो मन ......
12. बाहरवां अध्याय बार–बार समझावे।
अर्जुन को भरम मिटायो ओ राम। मारो मन .....
13. तेहरवों अध्याय त्रिलोकी मारो साँवरो।
माने पग–पग में समझावें ओ राम। मारो मन ....
14. चौदहवा अध्याय चौरासी कट जावै,
फेरे गर्भ नही आवे ओ राम। मारो मन ......
15. पन्द्रहवाँ अध्याय पीपल निचे पड़ियो,
विष्णु भगवान माने मिलग्या ओ राम। मारो मन ....

❑❑❑

दुनिया कब सुधरेगी ?

- श्रीमती कमला बुटानी



एक बार ईश्वर ने देखा दुनिया बंद से बदतर होती जा रही है ? तो उसे सुधारने हेतु उन्होंने फरिश्तों को बुलाया व शैतान को भी बुलाया।

उन्होंने शैतान से कहा, 'क्या तुम दुनिया को सुधार सकते हो ?' शैतान ने झट से कहा, 'हाँ–हाँ' तब तुम्हें मेरे तीन सवालों का जवाब देना होगा। अभी मैं तुम से तीन सवाल पुछूगा यदि तुम उत्तीर्ण हो गए तब यह बड़ी जिम्मेदारी तुम्हें सौंपूंगा।

पहला प्रश्न है – 1. आकाश में कितने तारे हैं गिन कर बताओ। शैतान झट हिसाब करके हाज़िर हो गया। हिसाब ठीक था।

2. विश्व में जितने रेगिस्तान हैं उन में जितने रेत के कण हैं उन्हें गिन कर बताओ। शैतान फटाफट सही हिसाब ले आया।

3. दुनियाँ में जितनी राजनैतिक पार्टियाँ हैं उनकी गिनती करके लाओ। पर पार्टियाँ रोज़ बदल रही हैं नई बन रही हैं इसलिए शैतान इस प्रश्न का उत्तर आज तक नहीं ला सका है। ❑❑❑

Our Own Human Relation

- B.S. Sankhla



Keep the flame learing of love and affection.

It is universal truth that time & thought does not remain let everything constant. Whether it may nature or behaviour and expression or relation therefore interaction should not be broken or stopped from any one.

Sulking and tend to avoid always make differences and space up human distance. But you should not leave of your ethics or system of behaviour.

It should be ensured in mind that no anyone unknown will ahead your call at the time of sorrow and joy. They may who ever be, what ever be, how they may be. They will be your own at the time of critical hours.

To live in social life your own relative or near person will only coordinate at your need or requirement. it is tested and examined at all test stone at all level.

Therefore we lets not give of meeting or exchange of conversation affectionately one another and encouraging or another because we need one another, our need can take place at any time, occasion and happening at the long span of life.

Love and affection are the binding forces that help us feel connected and secure.

Hence we should sow such seeds of affection, love and peace, so that our future generations have only, the option to reach love.

Let us save our future generation from the social disease of hate, jealous and narrow out look.


Remember, it depends on your own perception by converting pleasure into pain and pain into pleasure by changing the mental attitude. It can protect you from many ill feeling, isolation and separation.

The man life is a special gift of God, we should know the better use of it, it is our moral duty we should have courteous "Smiling" prepensities reciprocally in relation and interaction they may who ever be, whatever matter may be, under any eventuality.

❑❑❑

Embryo Moans

- Ram Niwas Meena




What wrong have I done
Why have you killed me
No where was I, but you were
You have brought me in uterus
Like some one brought you there
In a womb of a woman
What wrong have I done
Why have you killed me
Woman despised motherly state
Detesting man to be a father
Acting to emit seed of life
Living flesh and skeleton wreathing in sex
What wrong have I done
Why have you killed me
Impercaptibily you become master of seed
Checking diffusion of lifes normal deed
Shrinkingsagacity, stinkard discrimination
Tangled in a cobweb with intricacies and
confusion
What wrong have I done
Why have you killed me
Making matrix a slaughter house
Masticating but not to swallow
Sowing but not to grow
Intemperate and blind O"Man
What wrong have I done
Why have you killed me.

❑❑❑

Elderly Abuse and Prevention

- J. L. Bhati



The days when the eldest dictated the family life is fast disappearing due to globalization and industrialization and plenty of older parents are responsible for encouraging heir children to migrate for better life. In a amily set up, the beginnings of elder abuse and neglect start with dependency of elder people on the younger family members. Whether it is financial dependency or physical or psychological or any other form, it is generally the cause or the basis on which ill usage starts in a family situation. Abuse of elderly is not only in our country but is growing n the world. Human Rights Commission has ound plenty of violations in Europe particular n U.K. Therefore, if someone wants to prevent abuse, he should not give away his resources, is property, and his assets valuable to ounger generation. These should be passes on only after death. Many people give away heir resources to their children during life are ecause they have the attitude that they do ot need them in later years. But remember, ld age is a celebration, every phase of it, ach year of life must be enjoyed and lived. veryone has the right to live his life with utonomy and dignity. This is possible only if our resources are within your hand. If you ave property or wealth from assets, it is for our use, for you to enjoy your old age and enefit from it. Yes, you can willingly share it ith your children but only use part of it, do ot ever give it away totally. Let the children e with you but let it not be the other way, that is you live off your children, do not become dependent on them.

Laws and Acts alone cannot help in ill treatment in the family. A lot is to be done by the elderly themselves. Please remember, you have lived your life the way wanted. Now let others live as they want :

(a) Do not interfere or render advice unless asked for.

(b) Never loose control over assets during your life time. Do not yield to emotions.

(c) Do not try to impose your way of working on others.

(d) Please do not loose your usefulness in the family, volunteer yourself for the jobs you can easily do.

(e) You own a treasure of wisdom, knowledge and experience ; you have no right to keep it to yourself. Share with the children, society as much as you can.

(f) Be an asset instead of being a liability. We must be part of the solution instead of always being a problem.

(g) People who develop friendship and keep them in old age live longer, healthier and happier. Please you always be happy and keep others happy. We always think and try to do something for family, friends and society.

❑❑❑

Ass year 17-18 — April 37
Assya 18-19 before 1st April 38



Income Tax rates for the assessment Year 2016-17

Ramesh Chand Sharma

Tax rates for the assessment year 2016-17 are given below-

For a resident senior citizen (who is 60 years or more at any time during the previous year but not less than 80 years on the last day of the previous year, *i.e.*, born during April 1, 1936 and March 31, 1956)

Net income range	*Income tax rates*	*Surcharge*	*Education Cess*	*Sec. and higher educationcess*
Up to Rs. 3,00,000	*Nil*	*Nil*	*Nil*	*Nil*
Rs. 3,00,000- Rs. 5,00,000	*10% of (total income minus Rs. 3,00,000) (see note 1)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Rs. 5,00,000- Rs. 10,00,000	*Rs. 20,000+20% of (total income minus Rs. 5,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Rs. 10,00,000 - Rs. 1,00,00,000	*Rs. 1,20,000 +30% of (total income minus Rs. 10,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Above Rs. 1,00,00,000	*Rs. 28,20,000 + 30% of (total income minus Rs. 1,00,00,000)*	*12% of income -tax (see note 2)*	*2% of income-tax and surcharge*	*1% of income-tax and surcharge*

For a resident Super Senior Citizen (who is 80 years or more at any time during the previous year i.e., born before April 1, 1936)-

Net income range	*Income tax rates*	*Surcharge*	*Education Cess*	*Sec. and higher educationcess*
Up to Rs. 5,00,000	*Nil*	*Nil*	*Nil*	*Nil*
Rs. 5,00,000- Rs. 10,00,000	*20% of (total income minus Rs. 5,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Rs. 10,00,000 - Rs. 1,00,00,000	*Rs. 1,00,000+30% of (total income minus Rs. 10,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Above Rs. 1,00,00,000	*Rs. 28,00,000+30% of (total income minus Rs. 1,00,00,000)*	*12% of income -tax (see note 2)*	*2% of income-tax and surcharge*	*1% of income-tax and surcharge*

For any other resident individual (born on or after April 1, 1956), any non-resident individual, every HUF/ AOP/BOI/artificial juridical person-

Net income range	*Income tax rates*	*Surcharge*	*Education Cess*	*Sec. and higher educationcess*
Up to Rs. 2,50,000	*Nil*	*Nil*	*Nil*	*Nil*
Rs. 2,50,000- Rs. 5,00,000	*10% of (total income minus Rs. 2,50,000) [see Note 1]*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Rs. 5,00,000- Rs. 10,00,000	*Rs. 25,000+20% (total income minus Rs. 5,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Rs. 10,00,000 - Rs. 1,00,00,000	*Rs. 1,25,000+30% of (total income minus Rs. 10,00,000)*	*Nil*	*2% of income-tax*	*1% of income-tax*
Above Rs. 1,00,00,000	*Rs. 28,25,000+30% of (tatal income minus Rs. 1,00,00,000)*	*12% of income-tax (see note 2)*	*2% of income-tax and surcharge*	*1% of income-tax and surcharge*

Notes :

1. Rebate under section 87A-A resident individual (whose net income does not exceed Rs. 5,00,000) can avail rebate under section 87A. It is deductible from income-tax before calculating education cess. The amount of rebate is 100 per cent of income-tax or Rs. 2,000, whichever is less.

2. Surcharge - Surcharge is 12 per cent of income-tax if net income exceeds Rs. 1 crore. It is subject to marginal relief (in the case of a person having a net income of exceeding Rs. 1 crore, the amount payable as income tax and surcharge shall not exceed the total amount payable as income-tax on total income of Rs. 1 crore by more than the amount of income that exceeds Rs. 1 crore).

3. Education cess- It is 2 percent of income-tax and surcharge

4. Secondary and higher education cess- It is 1 percent of income tax and surcharge

Ramesh Chand Sharma

Resi. : 9, Vimal Kunj, Anupam Nagar, Near Sophia School, Jaipur Road, Ajmer Ph. 0145-2428575 (R), 2429785 (O), Mob. : 9351256799

‘स्मृति शेष’ - विनम्र - श्रद्धांजलि

वर्ष 2014–15 की स्मारिका में प्रकाशित के अतिरिक्त सत्र 2015–16 में देवलोक गमन हुए स्यों को सोसायटी हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

सं.	नाम	एल.एम. नं.	स्वर्गवास की दिनांक	समूह संख्या
	श्री ओम प्रकाश अपूर्वा	2241	20.04.2015	2
	श्री ग्रे स्टेनली	1450	15.09.2015	2
	श्रीमती लीला शर्मा	1335	09.12.2015	2
	श्री आर.एन. विजयवर्गीय	2007	19.05.2015	3
	श्री शंभु दयाल शर्मा	3058	16.10.2015	3
	श्री रमेश चण्डक	3290	08.12.2015	3
	श्री जसवंत सिंह गहलोत	1321	01.01.2016	4
	श्री पी. के. भार्गव	656	.... .03.2016	4
	श्री एस. पी. श्रीवास्तव	618	.... .03.2016	4
	श्री मिठ्ठूलाल सांखला	2778	07.05.2015	6
	श्री जयनिवास लखोटिया	863	05.05.2015	6
	श्री यू.सी. जैन	10	12.08.2015	6
	श्रीमती कमला चौहान	872	30.08.2015	6
	श्री किशनलाल अग्रवाल	145	02.09.2015	6
